# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत्सर 2082 और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत

## माता मंदिरों में लगे छप्पन भोग, सलकनपुर में 108 ज्योत जलीं, करीब 25 हजार श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत्सर 2082 और चैत्र नवरात्रि रविवार से शुरू हो गए हैं। प्रदेशभर में नवरात्रि के पहले दिन देवी दुर्गा के माता शैलपुत्री रूप की पूजा की गई। उज्जैन में शिप्रा किनारे दत्त अखाड़ा पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। मुख्यमंत्री धोती-कुर्ता पहने नजर आए। उन्होंने विक्रम ध्वज और गुड़ी का पूजन भी किया। मैहर के शक्तिपीठ शारदा मंदिर,



दतिया स्थित पीतांबरा पीठ, उज्जैन की हरसिद्धि, अवंतिका माता, सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी धाम में 108 ज्योति जलीं। करीब 25 हजार श्रद्धालु सलकनपुर पहुंचे। आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित सिद्ध पीठ पीतांबरा मां बगलामुखी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

सीएम ने उज्जैन में शिप्रा किनारे उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

### मैहर में सुबह 3 बजे खुले मंदिर के पट



मैहर के त्रिकूट पर्वत पर विराजमान मां शारदा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आगमन देर रात से ही शुरू हो गया। रविवार सुबह 3 बजे मंदिर के पट खुलने के साथ ही 4 बजे विशेष आरती की गई। प्रधान पुजारी पवन दाऊ महाराज ने आरती की।

### इंदौर के राजवाड़ा में विशेष आयोजन

राजवाड़ा में गुड़ी पड़वा पर विशेष आयोजन किया गया। सुबह 5:30 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन और संस्कार भारती का ध्येय गीत गाया गया। यहां सभी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य देकर नववर्ष का स्वागत किया। इस आयोजन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य नेता और श्रद्धालु उपस्थित थे।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

मुंबई केकेआर

शाम 7.30 बजे से


### द्वितीयःमां ब्रह्मचारिणी



या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

## खबर संक्षेप

### कुल्लू में पेड़ गिरा छह लोगों की मौत

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के गुरूद्वारा मणिकर्ण साहिब के समीप भू-स्खलन और पेड़



गिरने की घटना के कारण छह लोगों की मौत पर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा दुख जताया है। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों पर्यटक भी शामिल हैं।

### टोंगा के तट पर 7.1 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का अलर्ट

**नई दिल्ली।** म्यामांर में भूकंप हजारों लोगों की जान ले ली।



अनगिनत लोग जगह-जगह मलबे में दब गए। अब प्रशांत महासागर में स्थित टोंगा के तट के पास 7.1 तीव्रता का भूकंप आया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप के बाद सुनामी की लहरें उठने की रिपोर्ट मिली है।

संघ के मुख्यालय नागपुर में पीएम मोदी ने बिताए 4 घंटे, बतौर पीएम ये उनका वहां का पहला दौरा था

◆ संघ के संस्थापक हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और कहा

भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही

## संघ साधारण वटवृक्ष नहीं, भारत की अमर संस्कृति का 'अक्षयवट'

*पीएम ने कहा कि जब सेवा संस्कार बन जाती है, तो साधना बन जाती है। यही साधना हर स्वयंसेवक की प्राणवायु होती है। यह सेवा संस्कार, यह साधना, यह प्राणवायु, पीढ़ी दर पीढ़ी हर स्वयंसेवक को तप और तपस्या के लिए प्रेरित करती है। उसे न थकने देती है और न ही रुकने देती है।*



एजेंसी ⏭ नागपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) आधुनिक भारत का अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री ने संघ की तारीफ करते हुए कहा कि हमारा शरीर परोपकार और सेवा के लिए ही है। जब सेवा संस्कार बन जाती है, तो साधना बन जाती है। यही साधना हर स्वयंसेवक की प्राणवायु होती है। यह सेवा संस्कार, यह साधना, यह प्राणवायु, पीढ़ी दर पीढ़ी हर स्वयंसेवक को तप और तपस्या के लिए प्रेरित करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी



इस दौरान मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रमुख डॉ. मोहन भागवत भी मौजूद थे

### और, क्या कहा पीएम ने?

**1 गुलामी के कालखंड में डॉक्टर साहब और गुरुजी ने नया विचार दिया**

स्वामी विवेकानंद ने निराशा में डूब रहे समाज को झकझोरा और आशा का संचार किया। गुलामी के कालखंड में डॉक्टर साहब और गुरुजी ने नया विचार दिया। आज महान वटवृक्ष के रूप में आरएसएस दुनिया के सामने है। जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। आरएसएस भी एक ऐसा संस्कार यज्ञ है जो अंतर्दृष्टि और बाह्य दृष्टि दोनों के लिए काम कर रहा है।

**2 हमारा वसुधैव कुटुंबकम पूरी दुनिया में गूंज रहा**

वसुधैव कुटुंबकम की भावना, जिसका अर्थ है 'पूरी दुनिया एक परिवार है', अब पूरी दुनिया में गूंज रही है। यह हमारे कार्यों से प्रमाणित हो रहा है। जब कोविड-19 ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया, तो भारत ने वैश्विक समुदाय को अपना परिवार मानते हुए जरूरतमंदों को टीके उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए।

**3 गुलामी की मानसिकता को तोड़ कर आगे बढ़ रहा भारत**

हम अपने देश का इतिहास देखें तो सैकड़ों वर्षों की गुलामी, इतने आक्रमण, भारत की सामाजिक संरचना को मिटाने की इतनी क्रूर कोशिशें, लेकिन भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही।

**4 यहां आना मेरे लिए सौभाग्य का विषय**

राष्ट्र यज्ञ के इस पावन अनुष्ठान में मुझे यहां आने का सौभाग्य मिला है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ये दिन बहुत विशेष है। नवरात्रि का पवित्र पर्व शुरू हो रहा है। देश के अलग अलग कोनों में आज गुड़ी पड़वा, उगादी और नवरेह त्योहार भी मनाया जा रहा है।

पीएम की मौजूदगी में बोले डॉ. भागवत



## समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखने-परखने के बाद 'स्वीकारा'



संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म-विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए। यही संघ का नजरिया

*एजेंसी ⏭ नागपुर*

*संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस की लंबी यात्रा के दौरान समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखा, परखा उसके बाद स्वीकार किया है। इसी का नतीजा है कि तमाम बाधाओं को दूर करते हुए अब स्थिति अनुकूल है और स्वयंसेवक लगातार आगे बढ़ रहे हैं। भागवत ने कहा कि संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म-विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए।*

*यही संघ का नजरिया है और आरएसएस के तमाम प्रयास इसी सिद्धांत से प्रेरित हैं। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने जब यह बात कही, उस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। पीएम की मौजूदगी में भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक अपने लिए कुछ नहीं मानते, वे सिर्फ सेवा करते रहते हैं। बता दें कि इसी साल सितंबर में संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने वाले हैं। संघ की लंबी यात्रा को रेखांकित करते हुए भागवत ने कहा कि देश ने संघ के स्वयंसेवकों का काम देखा है, इसके बाद उन्हें स्वीकार किया गया है।*

इटारसी के बालाजी मंदिर क्षेत्र में बड़ा हादसा

## चार मकानों में लगी भीषण आग, दिव्यांग समय रहते नही निकल पाया, जिंदा जला

इटारसी, होशंगाबाद और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने तीन घंटे में आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के नेहरुगंज स्थित बालाजी मंदिर क्षेत्र में रात्रि करीब साढ़े 3 बजे आग लगने से चार मकान जल गए। इनमें से एक मकान पूरी तरह जल गया। आगजनी की इस घटना में एक दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर



दमकलों ने पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और टीआई गौरव सिंह बुंदेला भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। आग लगने पर मोहल्ले के लोगों ने शुरुआती मदद करते हुए लोगों को बाहर निकाला। आग में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 3 बजे आग पहले राजेंद्र सिंह राजपूत के कच्चे मकान में लगी और फिर पड़ोस के ही अन्य अधिवक्ता रवि सावदकर, अजय गंगराड़े ओर राजू राजपूत के मकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

बेंगलुरु से जा रही थी गुवाहाटी स्थित कामाख्या

## कटक में बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरे, एक की हुई मौत



*धौली एक्सप्रेस, नीलाचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस के रूट बदले गए*

***कटक।*** *ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई है जबकि 8 लोग घायल हो गए हैं। ये ट्रेन बेंगलुरु से गुवाहाटी स्थित कामाख्या स्टेशन की ओर जा रही थी।*

विमान में सवार थे करीब 200 पैसेंजर, टला बड़ा हादसा

## जयपुर से चेन्नई जा रही फ्लाइट का टायर फटा, चेन्नई में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ⏭ जयपुर

जयपुर से चेन्नई जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट का टायर फट गया। विमान जयपुर से देर रात



1 बजकर 55 मिनट पर चेन्नई के लिए उड़ान भरा था। जैसे ही इसकी जानकारी यात्रियों समेत क्रू मेंबर को मिली तो तुरंत ही हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, टायर फटने की जानकारी एयर



ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के जरिए विमान के चालक दल को मिली, जिसके बाद फ्लाइट की चेन्नई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट का फ्लाइट एसजी-9046 के जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद दूसरे मेन टायर में समस्या आ गई।

### चेन्नई में विमान की सुरक्षित लैंडिंग

टायर में खराबी होने के बावजूद जब विमान के अन्य सभी ऑपरेशन और पैरामीटर सामान्य मिले तो फ्लाइट क्रू मेंबर गंतव्य की ओर जारी रखा और चेन्नई पहुंचने पर एयरपोर्ट पर विमान को एहतियातन उतारा गया। चेन्नई एयरपोर्ट पर फ्लाइट को सामान्य ब्रेकिंग का उपयोग करके सुरक्षित उतारा गया। पार्किंग के बाद विमान की जांच में पता चला कि दूसरे मेन पहिये के टायर से एक परत गायब मिली। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

बदला मौसमः उत्तरी और बंगाल की खाड़ी से आने वाली दक्षिणी हवाओं के टकराने से यह स्थिति

## आज से 4 दिन तक आंधी-बारिश ओले व बौछारों का दौर, पारा गिरा

**भोपाल।** प्रदेशभर में रविवार देर रात से मौसम बदल रहा है। अब चार दिन यानि 3 से 4 अप्रैल की सुबह तक भोपाल सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों में आंधी के साथ बारिश, बौछारें पड़ेंगी। कुछ हिस्सों में ओले गिरेंगे। रविवार को भी प्रदेश के अधिकांश जिलों में रात का पारा तेजी से गिरा है। दिन में धूप के कारण बढ़त रही। भोपाल में दिन का पारा 1.3 डिग्री बढ़कर 35.8 और रात का एक डिग्री गिरकर 16 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4 डिग्री कम है। अब उत्तरी और बंगाल की खाड़ी से आने वाली दक्षिणी हवाओं के टकराने से प्रदेश में आंधी के साथ बारिश का दौर चलेगा। इससे तापमान में तेजी से बदलाव होगा। मौसम केंद्र के अनुसार कल से प्रदेश में आंधी के साथ बारिश का अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक ट्रफ दक्षिणी छत्तीसगढ़ से मध्य महाराष्ट्र से कर्नाटक होते हुए तमिलनाडु तक बनी है। इसके साथ ही उत्तरी हवाएं भी जारी हैं।

◆ *एक अप्रैल को दर्जनभर से ज्यादा, दो तथा तीन अप्रैल को आधे से ज्यादा प्रदेश में बारिश, इस बीच कुछ जगह ओले गिरेंगे*



बोट क्लब

### भोपाल जिले सहित आज से यहां बारिश

*सोमवार से मंगलवार तक नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा जिलों में कुछ जगह 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाओं के साथ बारिश होगी। कुछ जगह ओले गिरेंगे। हरदा, खरगौन, छिंदवाड़ा, पांढर्णा जिलों में अधिकांश जगह आंधी चलेगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, देवास, मंदसौर, नरसिंहपुर, सागर जिलों में भी तेज हवाओं के साथ बारिश होगी।*

**जबलपुर**
सोमवार, 31 मार्च 2025
- चैत मास शुक्ल पक्ष-2
- वर्ष : 19, अंक : 324
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 37
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




**विक्रम विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह**

मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय की ओर से प्रदान की गई डी-लिट की मानद उपाधि

# विक्रम विवि अब सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा

*70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट की उपाधि प्रदान की गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह मे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय की ओर से डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की। इसके साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम विश्वविद्यालय का नाम बदलकर सम्राट विक्रमादित्य के नाम से अब सम्राट विक्रमादित्य विवि करने की घोषणा की।



राज्यपाल ने सीएम को दीक्षांत समारोह में डीलिट् की उपाधि से सम्मानित करते हुए

**विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरुजनों का आजीवन सम्मान करें**

राज्यपाल पटेल ने कहा कि दीक्षित होने वाले विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरुजनों का आजीवन सम्मान करें। माता-पिता कई कष्टों को झेलकर अपने बच्चों का पालन-पोषण और शिक्षा-दीक्षा की व्यवस्था करते हैं। जीवन में अपने माता-पिता का सदैव सम्मान करें और उनकी सेवा करें।

**यह दिन कई मायनों में हम सब के लिए महत्वपूर्ण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह दिन कई मायनों में महत्वपूर्ण है। उज्जैन नगरी सात पवित्रतम नगरों में से एक है। हर कल्प में इसका विशेष महत्व रहा है। भारतीय नव वर्ष प्रतिपदा पर हम सब हर्षोल्लास के साथ गुड़ी पड़वा और चैटी चंड पर्व मना रहे हैं। उज्जैन का गौरव दिवस भी है। माधव विज्ञान महाविद्यालय के परिसर में शीघ्र ही विशाल सभागार बनेगा।

**भोपाल में बोहरा समुदाय ने मनाई ईद-उल-फितर**

# चांद नजर आया, आज धूमधाम से मनेगी ईद



*बाजारों में दिनभर रही रौनक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रमजान के महीने के समापन के साथ ही ईद-उल-फितर का पवित्र त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। रविवार शाम रूयत-ए-हिलाल कमेटी ने चांद नजर आने की पुष्टि कर दी है। शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी की अगुआई में मोती मस्जिद में चांद का दीदार किया गया।

## खबर संक्षेप

### मधुमक्खियों ने लोगों पर किया हमला

**शाजापुर।** सिंधी समाज ने रविवार को चेटीचंड जयंती और नव वर्ष का पर्व बड़े उत्साह से



मनाया। सुबह शहर में प्रभातफेरी निकाली। वाहन रैली जब नई सड़क पर पहुंची, तब ऊपर स्थित मधुमक्खी के छत्ते से मधुमक्खियां उड़ने लगीं और आधा दर्जन लोगों को हमला कर दिया। आतिशबाजी के धुएं से मधुमक्खी भड़क गईं। इसी के धुएं से नई सड़क स्थित एक बिल्डिंग पर बने मधुमक्खी के चट्टे पर लगी मधुमक्खी आक्रोशित हो गई और उन्होंने लोगों पर हमला कर दिया। करीब आधा दर्जन लोगों को मधुमक्खी ने अपना शिकार बनाया।

### प्रॉपर्टी डीलर ने खुद को गोली मारी, मौत

**जबलपुर।** एक प्रॉपर्टी डीलर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शनिवार रात में उन्होंने पत्नी के साथ खाना खाया। इसके



बाद सो गए थे। रविवार तड़के उठकर दूसरे कमरे में गए। वहां लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को शूट कर लिया। प्रॉपर्टी डीलर राकेश कथोरिया (62) भरत कॉलोनी में अपनी पत्नी के साथ रहते थे।

### लकड़ी के टाल में लगी भीषण आग, सेना बुलाई

**सागर।** तिलकगंज झूला चौराहे पर हरविंदर सिंह के लकड़ी के टाल में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिले भर की दमकल बुलाई गई। आग बुझाने में सेना की मदद भी ली गई। आग उसी गोदाम के पास में लगी है जहां 3 साल पहले भीषण आग लग गई थी। आग लगने के कारण की जांच चल रही है। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम शंकरलाल मीणा, एएसपी प्रभुदयाल धानिया, सीओ गोमाराम, देलदर तहसीलदार डूंगरमल पुरोहित सहित ब्रह्माकुमारी संस्थान के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

## राज्य विद्युत नियामक आयोग ने जारी किया नया टैरिफ, कल्याणकारी योजनाओं में और किसानों को जारी रहेगी सब्सिडी

# एक अप्रैल से लगेगा 'करंट'

### बिजली की दरों में 3.46 फीसदी की बढ़ोतरी

### घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक के बिल पर देने होंगे 24 रुपए ज्यादा

*अटल गृह ज्योति योजना के तहत उन्हें पहले की तरह 100 रुपए ही चुकाने होंगे। वहीं 50 यूनिट तक बिजली जलाने वाले उपभोक्ताओं को 18 पैसे प्रति यूनिट ज्यादा चुकाने होंगे, वहीं 150 यूनिट तक खपत करने पर 26 पैसे प्रति यूनिट महंगी बिजली का बिल आएगा। बढ़ी हुई राशि राज्य सरकार सब्सिडी के रूप में भुगतान करेगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से प्रदेशवासियों को करंट लगने वाला है। दरअसल, राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 3.46 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। हालांकि, स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को दिन में बिजली खपत पर 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी।

राज्य विद्युत नियामक आयोग से बिजली कंपनी ने 7.52 फीसदी की बढ़ोतरी की मांग की थी, लेकिन आयोग ने केवल 3.46 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। नई बिजली दरें अप्रैल से लागू हो जाएंगी और मई महीने से उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई दरों के साथ बिल मिलेगा। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपए की बढ़ोतरी की गई है, लेकिन अटल गृह ज्योति योजना के तहत उन्हें पहले की तरह 100 रुपए ही चुकाने होंगे।




**एक करोड़ सात लाख को मिल रहा अटल गृह ज्योति योजना का लाभ**

कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र 100 रुपए का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येक घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 566 रुपए का भुगतान करेगी। प्रदेश में लगभग एक करोड़ सात लाख है।

**ऐसे समझें वर्ष 2025-26 का टैरिफ**

- विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा मांगी गई 7.52 प्रतिशत वृद्धि के विरुद्ध की 3.46 प्रतिशत की वृद्धि।
- नहीं लगेगा मीटर रेंट अथवा मीटरिंग चार्ज।
- 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपए तक बढ़ाए।
- स्मार्ट मीटर पर 20 प्रतिशत की छूट।
- हरित ऊर्जा टैरिफ में कमी।

**कृषि पंप के लिए 26 हजार 762 करोड़ की सब्सिडी देगी मप्र सरकार**

मप्र विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी विद्युत दरों के अनुसार किसानों के तीन हॉर्स पावर, पांच हॉर्स पावर एवं 10 हॉर्स पावर के कृषि पंप के लिए पूर्ण वर्ष में 30730 रुपए, 54671 रुपए एवं 115655 रुपए का देयक बनता है, इसके लिए मप्र सरकार के द्वारा कृषि पंपों पर सब्सिडी देने की घोषणा की गई है, जिसके अनुसार किसानों को मात्र 750 रुपए प्रति हॉर्स पावर प्रति वर्ष अर्थात उपरोक्त श्रेणी के उपभोक्ताओं को 2250 रुपए, 3750 रुपए एवं 7500 रुपए का ही भुगतान करना होगा। प्रदेश में लगभग 37 लाख कृषि उपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रकार विगत वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा लगभग 23,695 करोड़ रुपए एवं पूर्व के वर्ष के 3067 करोड़ रुपए मिलाकर कुल 26 हजार 762 रुपए सब्सिडी के रूप में वहन किए गए हैं।

**500 युवतियों को फंसाया, पोर्न स्टूडियो में शूटिंग**

# नोएडा के आरोपी दंपती यूरोपीय देशों तक में भेजते थे पोर्न फिल्में

### ईडी ने छापा मारकर पकड़ा पूरा रैकेट



रैकेट का सरगना पहले रूस के सेक्स सिंडिकेट का हिस्सा रह चुका

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा में ऑडिशन के लिए मॉडल बुलाकर आपत्तिजनक सामग्री बनाने का पर्दाफाश हुआ है। साइप्रस समेत कई यूरोपीय और अफ्रीकी देशों में यह नेटवर्क फैला है। इस सिंडिकेट में लड़कियों के लिए अलग-अलग काम होता था। लड़कियां जिस हिसाब से एक्ट करती थी उसी के हिसाब से रकम दी जाती थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कई देशों की स्ट्रीमिंग वीडियो बनाने वाली कंपनियों के साथ नोएडा के दआरोपी पती के संबंधों की जांच कर रही है। ईडी ने दंपती के घर छापा मारकर इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट को पकड़ा था। ईडी ने जिस घर में कार्रवाई की वहां आपत्तिजनक कंटेंट अपलोड करने के लिए स्टूडियो बना मिला।

**लड़कियों को 2 लाख रु. महीने कमाने का प्रस्ताव**

दिल्ली-एनसीआर की कई युवतियों से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क किया जाता था। सोशल मीडिया पर विज्ञापन में मॉडलिंग ऑडिशन की जानकारी दी जाती थी। जब युवतियां नोएडा स्थित घर पर ऑडिशन देने पहुंचती थीं तो आरोपी की पत्नी उन्हें अश्लील रैकेट का हिस्सा बनने का प्रस्ताव देती थी। इस प्रस्ताव में 1 से 2 लाख महीने कमाने का प्रलोभन दिया जाता था।

**पर्पज कोड देकर खातों में मंगाई रकम**

दंपती ने गलत तरीके से 'पर्पज कोड' देकर अपने बैंक खातों में विदेशी पैसा लिया। इन दोनों ने बैंकों को विज्ञापन, मार्केट रिसर्च से लेकर जनमत संग्रह के नाम पर गलत तरीके से पर्पज कोड दिए थे। दरअसल, पर्पज कोड एक विशिष्ट कोड होता है जो किसी देश के केंद्रीय बैंक द्वारा जारी किया जाता है। यह कोड अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए लेनदेन की प्रकृति को स्पष्ट करता है।

**ट्रैक्टर जब्त किया तो ग्रामीण हो गए आक्रोशित**

# खंडवा में वन विभाग की टीम पर हमला अतिक्रमणकारियों ने कर दिया 'पथराव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले के गुड़ी वन परिक्षेत्र में अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम पर अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया।

यह घटना शनिवार को डेहरिया गांव में हुई, जब अतिक्रमणकारी जंगल में गड्ढों को समतल कर दोबारा कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर जब्त किया तो ग्रामीण आक्रोशित हो गए और पथराव कर दिया।



*ट्रैक्टर में आग लगाने का भी प्रयास किया*

**जंगल की भूमि को हर हालत में बचाएंगे**

टीम ने उच्च अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी और थाना पिपलोद में शिकायत दर्ज कराई। वन विभाग की टीम पर हुए हमले के बाद प्रशासन से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

**पिता ने जताई हत्या की आशंका**

# हॉस्टल के कमरे में महिला डॉक्टर का लटका मिला शव



फरवरी 2026 में शादी होने वाली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

गजराराजा मेडिकल कॉलेज के जमुना हॉस्टल में मेडिकल छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका जयारोग्य अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग से डीएम की पढ़ाई कर रही थी। इससे पहले वह एमडी कर चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच के बाद शव को मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया। डॉ. रेखा रघुवंशी अशोकनगर की रहने वाली थी। हॉस्टल की अन्य छात्राओं केमुताबिक शनिवार रात में डॉ. रेखा ने खाना खाया, फिर स्टडी करने के बाद सोने चली गई।

**नशे में था ट्रक चालक**

# बेकाबू ट्रक ने बस, ट्रैक्टर चार बाइक को टक्कर मारी



लोगों ने ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर के सबसे व्यस्त इलाके में रविवार दोपहर एक ट्रक बेकाबू हो गया। ट्रक ने बस, ट्रैक्टर और चार बाइक को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर नशे में था। ट्रक अशोकनगर की ओर से आ रहा था और नो-एंट्री के बावजूद शहर में दाखिल हुआ। जैसे ही ट्रक कैंची कारखाने के सामने पहुंचा, उसने पहले एक बस को टक्कर मारी। हालांकि, टक्कर इतनी तेज नहीं थी, लेकिन इसके बाद बस और ट्रक ड्राइवर में कहासुनी हो गई।

**इंदौर के महामंडलेश्वर राम गोपाल की सलाह**

# सलमान खान को हिंदू धर्म में शामिल होने का निमंत्रण, राजवाड़ा में किया जाएगा भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को हिंदू धर्म में आने का निमंत्रण मिला है। इंदौर के महामंडलेश्वर ने यह निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में आआगे तो राजवाड़े में आपके सम्मान में भव्य कार्यक्रम रखा जाएगा। दरअसल, फिल्म अभिनेता सलमान खान हमेशा से कई कारणों के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। ताजा मामला उनके हाथों में अयोध्या से जुड़ी घड़ी को लेकर है। सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें लिखी


राम गोपाल दास


सलमान खान

■ **सलमान खान का जन्म इंदौर में हुआ इसलिए यहां से गहरा नाता**

जा रही है। इस बीच मध्यप्रदेश के इंदौर के महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास जी महाराज ने घड़ी विवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सलमान खान ऐसे धर्म को छोड़कर हमारे सनातन हिंदू धर्म में आए उनका हम स्वागत करते हैं और राजवाड़े पर श्री रामचंद्र जी के फोटो के सामने उनका स्वागत किया जाएगा। महामंडलेश्वर ने कहा कि उनकी अगुवाई में एक बड़ा आयोजन भी किया जाएगा। आपको बता दें कि सलमान खान का जन्म इंदौर में हुआ है, उनका इंदौर से काफी गहरा नाता है। मीडिया से चर्चा करते हुए महामंडलेश्वर राम गोपाल दास ने कहा कि हमने सुना है कि सलमान खान इंदौर के है।

**ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर शेन वॉर्न की मौत पर चौंकाने वाला खुलासा**

# थाईलैंड के कमरे में मिली थी 'उत्तेजक दवा की शीशी', इसके सेवन से हुई थी मौत, इस बात को छिपाने के लिए कहा गया था

*◆ इस दवा का इस्तेमाल स्तंभन दोष के लिए किया जाता है, उन लोगों को इसके सेवन की मनाही होती है जिनको दिल की समस्या है*

एजेंसी ▶▶ लंदन

ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर शेन वॉर्न के निधन को तीन साल बीत चुके हैं। अप्रैल 2022 में 52 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली थी। उनका निधन दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुआ था। वॉर्न तब थाईलैंड में थे। अब उनकी मौत पर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक उनके कमरे से एक ऐसी दवा मिली थी जिसकी वजह से उन्हें समस्या उत्पन्न हुई थी। इस बात का खुलासा तब मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने किया है। उसने कहा है कि इस बात को छिपाने को कहा गया था।

अधिकारिक रूप से यह बताने के लिए कहा गया कि वॉर्न की मौत दिल के दौरे से हुई



**नहीं पता वॉर्न ने कितनी दवा ली थी**

*पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह एक बोतल थी, लेकिन हम नहीं जानते कि वॉर्न ने इसमें से कितनी दवा ली थी। घटनास्थल पर उल्टी और खून भी देखा गया था, लेकिन हमने उत्तेजक दवा की शीशी को वहां से हटा दिया, जैसा कि हमसे कहा गया था। वॉर्न की मौत के बाद थाईलैंड के सूरत थानी अस्पताल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि महान क्रिकेटर की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई थी।*

**दो महिलाओं ने वॉर्न को आखिरी बार जिंदा देखा था**

वॉर्न थाईलैंड के कोह समुई में रुके हुए थे। वह वहां के आलीशान समुआना विला रिसॉर्ट में रुके थे। वह वहां अपने तीन और दोस्तों के साथ गए थे। इस रिसॉर्ट का एक दिन का किराया एक लाख से साढ़े चार लाख तक है। दो महिलाएं हैं जिन्होंने वॉर्न को आखिरी बार जिंदा देखा था और परथाईलैंड पुलिस उनसे पूछताछ भी कर रही थी।



# मन की बात: टेक्सटाइल कचरा देश के लिए नई चुनौती, प्रधानमंत्री मोदी ने बताया- कैसे भारत बन सकता है सस्टेनेबल फैशन का हब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को अपने रेडियो शो 'मन की बात' के माध्यम से संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत में टेक्सटाइल कचरे से बढ़ती चुनौती पर जोर दिया। पीएम मोदी ने टेक्सटाइल कचरे के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए। बता दें कि अपने रेडियो प्रसारण 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने टेक्सटाइल कचरे से जुड़ी चुनौती के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि आप सोच रहे होंगे कि टेक्सटाइल कचरे का मुद्दा क्या है? दरअसल, यह एक बड़ी समस्या बन गई है। आजकल लोग पुराने कपड़े जल्दी फेंक देते हैं और नए खरीदने की आदत बढ़ गई है। पीएम मोदी ने आगे सवाल किया कि क्या आपने कभी सोचा है कि पुराने कपड़ों का क्या होता है जिन्हें हम पहनना बंद कर देते हैं? उन्होंने बताया कि ये कपड़े कचरे में बदल जाते हैं। इसके बारे में किए गए शोध में यह बात सामने आई है कि दुनिया में बहुत कम कपड़ा कचरे को ही नए कपड़ों में बदला जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है, जहां सबसे अधिक कपड़ा कचरा उत्पन्न होता है।



पीएम मोदी ने कहा-आप सोच रहे होंगे कि टेक्सटाइल कचरे का मुद्दा क्या है? दरअसल, यह एक बड़ी समस्या बन गई है। आजकल लोग पुराने कपड़े जल्दी फेंक देते हैं और नए खरीदने की आदत बढ़ गई है।

फेंके हुए कपड़े बन जाता है कचरा

कुछ संगठन पुराने कपड़े इकट्ठा करते हैं



## पुराने कपड़ों को नया रूप देते हैं और गरीबों को वितरित करते हैं

### पीएम मोदी ने कुछ शहरों का दिया उदाहरण

अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ शहरों का उदाहरण देते हुए कहा कि पनीपत, तिरुपुर और बेंगलुरु जैसे शहर कपड़ा कचरे के प्रबंधन में नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पनीपत अब टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग का एक वैश्विक हब बन रहा है और बेंगलुरु में इस क्षेत्र में कई अभिनव तकनीकी समाधान आ रहे हैं। वहीं, तिरुपुर में कपड़ा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जल उपचार और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इन प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।

### चुनौती से निपटने के प्रयास की सराहना की

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यह बड़ी चुनौती है, लेकिन मुझे खुशी है कि भारत में इस चुनौती से निपटने के लिए कई सराहनीय प्रयास हो रहे हैं। कई भारतीय स्टार्ट-अप कपड़ा वसूली की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कई टीमें हमारे रैगपिकर भाइयों और बहनों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रही हैं। कई युवा टिकाऊ फैशन के प्रयासों में शामिल हो रहे हैं, पुराने कपड़े और फुटवियर को रीसायकल कर जरूरतमंदों को देते हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कई संगठन इन दिनों 'परिपत्र फैशन ब्रांड्स' को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अलावा, कुछ प्लेटफॉर्म पर कपड़े किराए पर भी दिए जा रहे हैं। कुछ संगठन पुराने कपड़े इकट्ठा करते हैं, उन्हें नया रूप देते हैं और गरीबों को वितरित करते हैं।

## खबर संक्षेप

### 'आप' नेता सौरभ ने भाजपा को कहा राक्षस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर दुर्घटनाओं में घायल लोगों की जान बचाने वाली 'फरिश्ते योजना' को भाजपा सरकार के अपने पहले बजट में ही बंद करने का आरोप लगा है। इस पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। आप नेता सौरभ भारद्वाज का आरोप है कि फरिश्ते योजना को बंद कर भाजपा ने हजारों लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना बंद करने वालों को 'राक्षस' कहा जाना चाहिए। फरिश्ते योजना अरविंद केजरीवाल सरकार ने शुरू किया था।



### सवा माह बाद: सुरंग में फंसे लोगों की तलाश

**हैदराबाद।** नागरकुरनूल में आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग में फंसे छह लोगों का पता लगाने के लिए खोज अभियान के तहत पानी निकालने और मिट्टी हटाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह जाने से उसमें इंजीनियरों और मजदूरों सहित कुल आठ लोग फंस गए थे। लापता लोगों की पहचान मनोज कुमार , श्रीनिवास, सनी सिंह, गुरप्रीत सिंह संदीप साहू, जेगता जेस, संतोष एवं अनुज साहू के रूप में हुई।



### देहरादून से लापता हुई युवती पंजाब में मिली

**देहरादून।** पटेल नगर इलाके से एक सप्ताह पहले लापता हुई एक लड़की को पंजाब से बरामद किया। उप्र के एक युवक को गिरफ्तार किया है। 18 वर्षीय लड़की को पंजाब के अमृतसर से शनिवार को बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, 21 मार्च को लड़की के परिजनों ने पुलिस में तहरीर दी थी कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद का रहने वाला नूर मोहम्मद (26) उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है।



## पीएम का कांग्रेस पर हमला, बोले- मन और मस्तिष्क में बेईमानी

# हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे: कांग्रेस ने आदिवासियों तक नहीं पहुंचने दिया विकास

एजेंसी ▶▶ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में जनसभा को संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है। इस कारण आदिवासियों तक विकास नहीं पहुंच पाया। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो रहे हैं। ये वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है और संयोग से यह साल अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। छत्तीसगढ़ सरकार 2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। हमारा संकल्प है- हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे।

> बिलासपुर में पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं।

## सारे प्रोजेक्ट्स छत्तीसगढ़ के लोगों को सुविधाएं देने वाले हैं

पीएम ने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया



### छत्तीसगढ़ के 3 लाख गरीब नए घर में प्रवेश कर रहे

अपने संबोधन में पीएम ने विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए वह तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में प्रवेश कर रहे हैं। यहां उन्हें लाभार्थियों से मिलने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने महसूस किया कि नया घर मिलने के बाद गरीब परिवार अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे थे। मोदी ने कहा कि आज पहला नवरात्रि है और छत्तीसगढ़ तो माता महामाया की धरती है।

### तेजी से पूरी हो रही हैं गारंटियां- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी ने अनुभव किया है कि हमारी सरकार कितनी तेजी से अपनी गारंटियां पूरी कर रही है। छत्तीसगढ़ की बहनों से जो हमने वादा किया था, वो पूरा करके दिखाया है। धान किसानों को दो साल का बकाया बोनस मिला है। बढ़े हुए एमएसपी पर धान की खरीदी की गई है। इसे लाखों किसान परिवारों को हजारों करोड़ रुपए मिले हैं। कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए, भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बैठाई है। हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं करवा रही है। इस ईमानदार प्रयासों का ही नतीजा है कि भाजपा पर जनता का भरोसा बढ़ता जा रहा है।

### तस्वीर भी बदल रही और तकदीर भी

पीएम मोदी ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं। हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरु किया है। आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती हैं। पहली बार हमारी सरकार ने ऐसे अति पिछड़े आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना बनाई है। अब छत्तीसगढ़ की तस्वीर भी बदल रही है और तकदीर भी बदल रही है। छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां शत प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है। पीएम मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों के घर, स्कूल, रोड, रेल, बिजली, गैस की पाइपलाइन ये सारे प्रोजेक्ट्स लोगों को सुविधाएं देने वाली हैं।

## कांग्रेस ने कभी आपकी चिंता नहीं की- पीएम मोदी

छत्तीसगढ़ को अलग राज्य इसलिए बनाना पड़ा था क्योंकि यहां विकास का लाभ नहीं पहुंच पा रहा था। कांग्रेस के राज में यहां विकास का काम नहीं हो पा रहा था और जो काम होते भी थे उसमें कांग्रेस वाले घोटाला करते थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को कभी आपकी चिंता नहीं हुई। आपके जीवन की, आपकी सुविधाओं की, आपके बच्चों की चिंता हमने किया। हम विकास की योजनाओं को छत्तीसगढ़ के गांव गांव तक ले जा रहे हैं। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो भाजपा को आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। पीएम ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है।

## कैश कांड में कपिल सिब्बल ने कहा

# सुप्रीम कोर्ट का जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करना खतरनाक

सिब्बल ने कहा- गलत है या सही... समय बताएगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में मिले कैश मामले में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक खतरनाक ट्रेंड हैं। सिब्बल का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती है तब तक किसी भी जिम्मेदार नागरिक को इस मामले में टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जांच रिपोर्ट, वीडियो और फोटो जारी करने पर सिब्बल ने एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में कहा कि ये उनके विवेक पर निर्भर करता है। यह गलत है या सही... यह समय बताएगा। अदालत ही दस्तावेज का स्रोत है। इस पर लोग भी विश्वास कर लेते हैं। मगर यह सच है या नहीं... ये बाद में तय होगा। मेरा मानना है कि यह खतरनाक मिसाल है। संस्थागत प्रतिक्रिया में संस्थान को लिखित में लागू करना चाहिए कि क्या करना चाहिए। कपिल सिब्बल का कहना है कि इस पर बार के साथ सलाह करके निर्णय लिया जाना चाहिए। न्यायाधीशों के बारे में हम जीतना जानते हैं... वो भी उतना ही जानते हैं। इन मुद्दों से निपटने और तंत्र बनाने के लिए एक समिति होनी चाहिए। अगर इन चीजों को सार्वजनिक किया जाता है तो संस्था पहले ही हार चुकी होती है।

### अभी तो जांच भी पूरी नहीं हुई

जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में सिब्बल ने कहा कि जब तक कोई व्यक्ति दोषी नहीं पाया जाता है तब तक उसे निर्दोष माना जाता है। इस मामले में तो अभी तक जांच भी पूरी नहीं हो पाई है। जांच पूरी नहीं होने तक किसी भी जिम्मेदार नागरिक को इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहिए। 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया। इस कमेटी में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन को शामिल किया गया है। यह कमेटी मामले की जांच करेगी। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाई कोर्ट की संशोधित आंतरिक जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक की। अदालत ने वीडियो और तस्वीरों को भी साझा किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

# पंजाब-हरियाणा में पराली जलाने पर रोक की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को नियंत्रित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने पर नियंत्रण करने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, इस अदालत ने पराली जलाने के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं और अभी भी मामले पर विचार किया जा रहा है, तो हम विभिन्न पक्षों को इस मामले में हस्तक्षेप और निर्देश के लिए आवेदन दायर करने की इजाजत नहीं देना चाहते हैं। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है। पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि अप्रैल-मई में पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण से न केवल दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले पर बुरा असर पड़ता है।



## मिजोरम सरकार बना रही नियम

# बिना अनुमति के विदेशियों के प्रवेश पर लगेगी रोक

एजेंसी ▶▶ आइजोल

मिजोरम सरकार राज्य में संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) प्रणाली को लागू करने जा रही है। यह विदेशी नागरिकों के लिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज है। राज्य सरकार ने यह कदम केंद्र की ओर से म्यांमार की सीमा से लगे पूर्वोत्तर की तीन राज्यों मिजोरम, मणिपुर और नगालैंड में पीएपी को दोबारा लागू करने के निर्देश के बाद उठाया है। मिजोरम के गृह सचिव वनलालमाविया ने बताया कि राज्य सरकार पीएपी को लागू करने की दिशा में कदम उठा रही है, जिसे प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी) के रूप में भी जाना जाता है। हम पीएपी को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर लेंगपुई एयरपोर्ट पर एक होल्डिंग एरिया की भी पहचान की जा रही है। राज्य के गृह सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र से आइजोल में एक नामित कार्यालय खोलने का अनुरोध किया है।



## कांग्रेस और माकपा पर बढ़ा दबाव

# केसीबीसी ने वक्फ संशोधन विधेयक का किया समर्थन

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी)ने राज्य के सांसदों से वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने की अपील कर नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है। केसीबीसी की अपील के साथ ही विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ)और सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ)पर मुनंबम भूमि विवाद पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव बढ़ गया है। केसीबीसी ने एक बयान में मुनंबम की घटना का जिक्र करते हुए निर्वाचित प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जब वक्फ अधिनियम में संशोधन संबंधी विधेयक संसद में चर्चा के लिए आए, तो वे 'असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण प्रावधानों' में बदलाव के पक्ष में मतदान करें। यह अपील केसीबीसी के अध्यक्ष कार्डिनल बेसिलियोस क्लीमिस कैथोलिकोस ने की।




बदलाव का करें समर्थन

एर्णाकुलम जिले के चेराई और मुनंबम गांवों के निवासियों ने आरोप लगाया है कि वक्फ बोर्ड उनकी भूमि और संपत्तियों पर अवैध रूप से दावा कर रहा है, जबकि उनके पास पंजीकृत दस्तावेज और भूमि कर भुगतान रसीदें मौजूद हैं। भाजपा की राज्य इकाई ने रविवार को केसीबीसी के रुख का स्वागत किया।

## आसाराम की जमानत अवधि बढ़ने से दहशत

# पीड़िता के पिता ने कहा- हमारे परिवार को बड़ा खतरा

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

दुष्कर्म के दोषी कथावाचक आसाराम को तीन महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। इधर,रेप पीड़िता के परिवार को अनहोनी की आशंका बनी हुई है। बिटिया के पिता का कहना है कि आसाराम पहले से ही पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देता था। उसके जेल से बाहर आने पर डर बढ़ गया है। आसाराम को जेल भिजवाने वाली पीड़िता के मकान के बाहर चार सिपाही तैनात रहते हैं। उनके पिता के साथ दो गनर रहते हैं। बिटिया के पिता ने कहा कि आसाराम जब तक जेल में था, तब तक हमारी जीत थी। उसने 90 दिन की अंतरिम जमानत बढ़वा ली। इलाज कराने के बजाय वह इधर-उधर घूम रहा है।

उन्होंने वकील से दो बार कहा कि आसाराम कोर्ट की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है, पर वे टालते रहे। उन्होंने अपील करने के लिए सुप्रीम कोर्ट भेज दिया। वहां से हाईकोर्ट भेजा गया। इसी में समय निकल गया। वकील ने समय से अपील की होती तो कुछ सुनवाई अवश्य होती। पीड़िता के पिता ने कहा कि हमारे परिवार को खतरा है। जेल के अंदर रहकर उसने गवाहों पर हमले कराए। अब वह बाहर आ गया। उसने पहले ही पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी थी। उसकी जमानत अवधि बढ़ने से परिवार को खतरा बढ़ गया है। अगले कदम उठाने के बारे में कहते हैं कि इसे लेकर राय-मश्वरा करेंगे।



90 दिन की जमानत पर हैं कथा वाचक

## नीतीश के घर हुई एनडीए की बैठक, घटक दलों ने शाह को सौंपी दावे वाली सीटों की लिस्ट

## शाह ने कहा- लालू ने अपने परिवार को सेट करने का काम

# बिहार पहुंचे शाह ने एनडीए के नेताओं का दिया जीत का मंत्र, कहा-एक बार फिर बिहार में भाजपा सरकार

एजेंसी ▶▶ पटना/गोपालगंज

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के गृह जिले गोपालगंज पहुंचे। यहां उन्होंने इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले लालू यादव पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा, वहीं परिवारवाद को लेकर भी घेरा। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव ने घोटाला किया और अपने परिवार के लोगों को सेट किया लेकिन बिहार के युवाओं को सेट नहीं किया। वहीं दूसरी तरफ बिहार में साल के अंत में विधानसभा चुनाव को लेकर सीएम आवास पर एनडीए के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ सभी घटक दलों के नेताओं ने भाग लिया। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में घटक दलों ने अपनी दावे वाली सीटों की लिस्ट बंद लिफाफे में सौंपी। अब भाजपा इन दावे वाली सीटों को लेकर अपने स्तर से काम करेगी। पार्टी देखेगी कि जमीनी स्तर पर घटक दल जिन सीटों पर अपना उम्मीदवार देना चाहते हैं, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है। एनडीए में सीट बंटवारे के पहले ये महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बता दें कि किसी भी घटक दल के नेता को दूसरे सहयोगी दल की तरफ से दावा किए जाने वाली सीट की जानकारी नहीं दी गई है। इस बैठक का एजेंडा पहले से तय था।

> किसी भी घटक दल के नेता को दूसरे सहयोगी दल की तरफ से दावा किए जाने वाली सीट की जानकारी नहीं है। बैठक का एजेंडा तय था। दलों के नेता अपने साथ सीटों की लिस्ट लाए थे।

### बिहार के युवाओं को सेट करने का काम पीएम कर रहे हैं



अमित शाह ने गोपालगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के युवाओं को सेट करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में ही बिहार में चुनाव होने जा रहा है। बिहार के लोगों को यह तय करना है कि हमें लालू-राबड़ी के जंगलराज की ओर जाना है या मोदी और नीतीश कुमार के विकास के रास्ते पर जाना है।





# वासंतेय नवरात्र पर्व पर गूंजे मां के जयकारे

## धूमधाम से निकाली गई मंगल कलश शोभायात्रा

**जबलपुर।** शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुका है। प्रथम दिन माँ देवी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की उपासना आराधना कर देवी देवालयों में घट स्थापना कर जवारों को बोया गया। कल सुबह से ही देवी मंदिरों में जल ढारने के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों खासकर महिलाओं की कतारें लग गईं थीं। शहर के अति प्राचीन बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, छोटी खेरमाई राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा, काली दरबार सदर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मंदिर मढ़ाताल, श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर में पहले ही दिन से ही नवरात्र मेले की धूमधाम शुरू हो गई। वर्ष प्रतिपदा नये संवत्सर पर हिंदू संगठनों के द्वारा गुढ़ी पड़वा के रूप में नया वर्ष भी मनाया गया। गुड़ी पड़वा मनाकर पूजन अर्चन किया गया। वहीं जगह-जगह भगवा ध्वज और भगवा झंडियां लगाकर शहर को भगवामय बनाया गया। शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदेय नवरात्र घटस्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। रविवार की तड़के से ही मंदिरों में जल ढारने के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। वहीं देवी देवालयों, मठ मंदिरों में देर रात्रि तक घटस्थापना जवारों की बुवाई का सिलसिला चलता रहा। आज दूसरे दिन देवी के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की जायेगी। लगातार नौ दिनों तक शहर शनैः-शनैः भक्ति में डूबता जायेगा। मातारानी के दरबार भव्यता के साथ सजाये गये। नगर के सभी देवी मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है। वासंतेय नवरात्र के प्रथम दिवस बैठकी पर तड़के से ही सड़कों पर श्रद्धालुओं का निकलना प्रारंभ हो गया। रात के प्रथम पहर ही लोग उठ गये और स्नान ध्यान कर उन्होंने पूजा-अर्चना प्रारंभ की। महिलायें जल लेकर माँ भवानी के पैर पखारने मंदिरों की ओर चल पड़ीं। बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा, सदर काली मंदिर, त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर, श्री बगलामुखी सिद्धपीठ मढ़ाताल सिविक सेंटर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, छोटी देवन दीक्षितपुरा, छोटी खेरमाई मानस भवन राईट टाऊन में जल ढारने वाले महिला श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं नववर्ष प्रतिपदा पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभिन्न प्रखंडों में पथ संचलन निकाले गये। वहीं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी, अभिनव भारत आदि संगठनों ने भी धर्म जागरण रैलियां निकालीं और वर्ष प्रतिपदा नववर्ष की शुभकामनाएं लोगों को दीं।

### धूमधाम से निकली मंगल कलश शोभायात्रा

हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा पर नारायणी सेना द्वारा 30 मार्च को चैत्र नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर शाम 4 बजे से बाजे-गाजे और धूमधाम के साथ मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड, ढोल, धमाल के बीच हिंदू देवी देवताओं की झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भगवा ध्वज लेकर युवा व महिलाएं शामिल थी। शोभायात्रा में देवी देवताओं की झांकियां निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा छोटा फुहारा, मिलौनीगंज, तमरहाई चौक, कोतवाली, सराफा, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्वेट, लार्डगंज, घमंडी चौक होते हुए दमोहनाका पहुंची। नारायणी सेना जबलपुर के प्रमुख सीताराम सेन, राज कुमार भोजक, अरविन्द दुबे, मनोज जायसवाल, राहुल महाराज, राहुल हटारिया, नितिन चौदह आदि उपस्थित थे।

### माँ श्री शारदा आशीष दरबार में कलश की स्थापना

मां श्री शारदा आशीष दरबार शक्तिनगर में आशीष भैया द्वारा बैठकी पर शाम 7.30 बजे अखंड ज्योति कलश तथा खप्पर जवारे की स्थापना दरबार में की गई। रात्रि में 10.30 बजे के बाद दुर्गा सप्तशती का हवन किया गया। शहर व अन्य प्रांत से श्रद्धालुओं ने भी दरबार में श्री विग्रह के समक्ष सैकड़ों की तादाद में पहुंच कर अपने आस्थाओं के घट स्थापित कराऐ जाएंगे।दरबार प्रांगण में प्रतिदिन प्रातः काल 5 बजे से नित्य आचरण व आरती एवं शाम 7.30 बजे से मां शारदा देवी के विभिन्न रूपों की दिव्य महाआरती एवं देवी जागरण भजन होंगे। मां श्री शारदा दरबार व्यवस्था समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष मिलन मुखर्जी, श्रीमती शीला मिश्रा, श्रीमती ज्योत्सना मुखर्जी, श्रीमती कमलेश बेरी, श्रीमती कल्पना महाजन, सीमा मिश्रा, आदि ने भक्तो से उपस्थिति का आग्रह किया हैं।



# समाज निर्माण और राष्ट्रसेवा का संकल्प दोहराया

**राष्ट्रीय सयंसेवक संघ जबलपुर महानगर में वर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम आयोजित हुआ**

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया, जिसमें जबलपुर महानगर पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल 3485 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिए, जिसमें समाज निर्माण और राष्ट्रसेवा का संकल्प दोहराया गया। कृषि भाग का कार्यक्रम जेडीए ग्राउंड, विजयनगर में आयोजित हुआ, जिसमें 673 स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। जबलपुर विभाग प्रचारक श्री आनंद जी ने संघ के पंच भूत विमर्श पर चर्चा करते हुए हिंदू समाज के उत्थान एवं विकास के लिए करणीय विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बेंगलुरु में संपन्न अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की प्रमुख चर्चाओं की जानकारी भी साझा की। नर्मदा भाग के कार्यक्रम में 1434 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र सह प्रचारक श्री प्रेम शंकर जी ने डॉ. हेडगेवार जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह जीवन अपने लिए नहीं, बल्कि देश के लिए समर्पित होना चाहिए। हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, सभी कठिनाइयों को सहर्ष स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में प्रांत संघचालक डॉ प्रदीप दुबे जी, सहविभाग संघचालक अनिरुद्ध कौरवार जी भाग संघचालक श्री दुर्गा प्रसाद ग्यारसिया जी की उपस्थिति रही। आयुध भाग में भी वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया, जिसमें 1378 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक श्री बृजकांत जी ने सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमारी संस्कृति आदि से अनंत तक अक्षुण्ण है, और इसे संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विभाग संघचालक डॉ. कैलाश गुप्ता, भाग संघचालक श्री वीरेंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज के शिवलाल जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# किसानों की 93 प्रतिशत बिजली सब्सिडी वहन करेगी सरकार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है एवं इसके अंतर्गत म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः तीन हॉर्स पॉवर, पॉच हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के कृषि उपभोक्ता ओं को पूर्ण वर्ष में 30730 रूपए, 54671 रूपए एवं 115655 रूपए का देयक बनता है, जबकि राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर सब्सिडी की घोषणा की गई है जिसके अनुसार किसानों को मात्र रू. 750/- प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात उपरोक्ता श्रेणी के उपभोक्ता ओं को क्रमशः कुल 2250 रूपए, 3750 रूपए एवं रू. 7500 रूपए का ही भुगतान करना होगा।

सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार कृषि उपभोक्ताआओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्विपभडी स्वीरकृत की गई है, जिसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि (रूपए 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उपरोक्ता नुसार सब्सिरकडी देने पर शासन प्रत्योक 3 हॉर्स पावर पम्पक हेतु कुल राशि 28480 रूपए , 5 हॉर्स पावर पम्पह हेतु कुल राशि 50921 रूपए, 10 हॉर्स पावर पम्पा हेतु कुल राशि 108155 रूपए का भुगतान सबि10 डी के रूप में वहन करेगी। इस प्रकार की घोषणा से कृषि उपभोक्ताओिं को नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की मात्र लगभग 7 प्रतिशत राशि ही जमा करना होगी जबकि म.प्र. सरकार कृषि उपभोक्तारओं के बिलों का लगभग 93 प्रतिशत राशि सबसिडी के रूप में वहन करेगी। ज्ञात हो कि राज्यग शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान कृषि श्रेणी के उपभोक्ता ओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक वाले घरेलू उपभोक्ता ओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र रू.100 रूपए का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येंक घरेलू उपभोक्ता ओं के लिये सरकार सबसिडी के रूप में लगभग 566 रूपए का भुगतान करेगी। इस प्रकार के घरेलू उपभोक्ताय जिनको सरकार डी प्रदान कर रही है उनकी संख्यान पूरे प्रदेश में लगभग एक करोड़ सात लाख (1.07 करोड़) है। इस प्रकार विगत वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा कुल लगभग 23695 करोड़ रूपए सब्विर्डी के रूप में एवं पूर्व के वर्ष के 3067 करोड़ रूपए , अतः कुल 26762 करोड़ रूपए वहन किये है एवं सरकार द्वारा आज की गई घोषणा के कारण अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु लगभग इतनी ही राशि बतौर सब्किारडी वहन की जाएगी।

# तालाब हो गया खाली, कैसे होगा जवारों का विसर्जन

## धीमी गति से चल रहा हनुमानताल की सफाई और सौंदर्यीकरण का काम

**जबलपुर।** शहर के अति प्राचीन व धार्मिक महत्व के लिये पहचान रखने वाले सरोवर हनुमानताल के पुर्नद्धार और सौंदर्यीकरण के लिये तालाब की सफाई कराई जा रही है। तालाब का पूरा पानी निकाल लिया गया है और मलवा निकालने का काम चल रहा है इस बीच चैत्र नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो चुका है और ६ अप्रैल को रामनवमीं पर जवारों का विसर्जन जुलूस निकाला जायेगा वहीं एकादशी को बड़ी खेरामाई और पूर्णिमा के दिन बूढ़ी खेरमाई के जवारों का विसर्जन होता है, ऐसे में अब सवाल यह है कि तालाब खाली हो गया और जवारों का विसर्जन कैसे होगा और कहां होगा? हाला कि कहा जा रहा है कि तालाब के एक छोर पर विसर्जन कुण्ड बनाया जायेगा। जहां जवारों के विसर्जन की व्यवस्था की जायेगी। गौरतलब है कि तालाब पूरा खाली हो चुका है पूरी तरह से दलदल है मलवे को



निकालकर घाटों के सामने रख दिया गया है। तालाब के चारों तरफ मलवे का ढेर लगा हुआ है। तालाब से मलवा निकालने व उसकी ढुलाई का काम अत्यंत धीमी गति से हो रहा है। व्यस्ततम्‌ क्षेत्र होने के कारण मलवे की ढुलाई रात्रि में की जा रही है लेकिन उसका सुपरवीजन नहीं होने से कारण डंपर और ट्रक रास्ते भर मलवा गिराते जा रहे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि शहर के देवी दिवालों में और सार्वजनिक मंदिरों में घट स्थापना के साथ जवारे बोये जाते हैं जिनका विसर्जन रामनवमीं से लेकर अगले *-४ दिनों तक चलता रहता है। अधिकांश जवारों का विसर्जन हनुमानताल में किया जाता है। जवारों के साथ-साथ हवन पूजन की सामग्री भी विसर्जित की जाती है ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि तालाब खाली होने पर जवारों की विसर्जन व्यवस्था के लिये प्रशासन को इंतजाम करने पड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक खेरमाई ट्रस्ट सहित अन्य मंदिरों के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन से इस संबंध में व्यवस्था करने की बात कही गई है। लिहाजा प्रशासन द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि हनुमानताल थाने के सामने वाले घाट में एक अस्थाई कुण्ड का निर्माण किया जायेगा जहां विसर्जन की व्यवस्था तय होगी। साथ ही यह अपेक्षा की गई है कि बारिश के पहले-पहले तालाब की सफाई जल्द से जल्द कर ली जाये ताकि बारिश में जल का संग्रहण हो सके। बारिश के दौरान तीजा और गणेश उत्सव जैसे पर्व आते हैं और इसी तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जाता है। त्यौहारों के पहले घाटों का निर्माण और तालाब की सफाई कर ली जाये।

## एकीकृत शाला में लगा एमएलएन मेला

**जबलपुर।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी करिया पाथर जबलपुर में एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया प्रधानाध्यापिका श्रीमती छाया जैन द्वारा मेले में पधारे अभिभावकों का तिलक लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। शालेय परिवार ने अभिभावकों का तिलक वंदन किया। प्रथम पंक्ति में रजिस्ट्रेशन का कार्य हरिश्चंद्र वर्मा एवं रॉबर्ट मार्टिन द्वारा किया गया। शारीरिक विकास की गतिविधि वंदना विश्वकर्मा एवं रश्मि गुप्ता द्वारा संचालित कराई गई बौद्धिक विकास की गतिविधि का संचालन श्रीमती राधा सोनकर एवं ममता श्रीवास्तव द्वारा संचालित कराया गया। भाषा विकास का संचालन श्रीमती सीमा तिवारी और फरजाना बानो द्वारा संचालित कराया गया। गणित की पूर्व तैयारी श्रीमती कृष्णा रत्नाकर और राम शंकर श्रृंगी द्वारा संचालित करायी गई। समस्त शाला परिवार श्रीमती छाया जैन रॉबर्ट मार्टिन हरिश्चंद्र वर्मा मोनिका सोनी पदमा मालवीय अमित केसरवानी मंजु लता सोनी शबनम कुरेशी पूजा सोनकर ममता श्रीवास्तव सीमा तिवारी राधा सोनकर कृष्णा रत्नाकर फरजाना बानो वंदना विश्वकर्मा रिक्त हैमिल्टन मिल्टन रश्मि गुप्ता राम शंकर श्रृंगी ने मेले में उत्साह के साथ भाग लिया।

## कांग्रेस सेवा दल ने गढ़ा में किया मासिक ध्वज वंदन

**जबलपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉक्टर सत्येंद्र यादव तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष योगेश यादव के आग्रह पर जबलपुर कांग्रेस सेवादल के द्वारा गढ़ा में मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम क्षेत्र के पार्षद मनीष पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी ,ब्लॉक अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह गुर्जर ,ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार चौबे, महिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी, कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता जितेंद्र यादव, उमेश पटेल, प्रज्ञा कर, रामटेक, प्रज्वल कटर,राजकुमार पटेल सहित अनेक वरिष्ठ जन एवं क्षेत्र नागरिक उपस्थित थे.

## फायनेंस मोबाईल के भुगतान को लेकर विवाद, दुकनदार से मारपीट

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत पंजाब बैंक कालोनी में स्थित एक मोबाईल शॉप से फायनेंस कराए गये मोबाईल के बिल भुगतान को लेकर युवकों ने दुकानदार की पिटाई कर दी. जिससे वह घायल हो गया, उसे इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात आशु मोबाईल शॉप से मोबाईल फायनेंस कराने वाले आरोपी मयूर कुंडेल ने 11 हजार का एक मोबाईल फायनेंस कराया था. जिसकी 8 किश्तें बनीं थी जिसकी 4 वह चुका चुका था. बिल मांगन पर दुकानदार आशीष प्रधान से विवाद हुआ. जिसके बाद आरोपी मयूर कुंडेल और उसके साथ आकाश ने हथौड़ी से आशीषा पर हमला कर दिया. पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 331(6), 296, 115(2), 324(4), 351(2) 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



## चेटीचंड पर्व पर निकली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा

**जबलपुर।** चेटीचंड पर्व पर सिंधी नवयुवक मंडल द्वारा श्री झूलेलाल मंदिर भर्तीपुर से एक आकर्षक भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं बच्चे एवं पुरुष भक्ति में वातावरण में असंख्य संख्या में उपस्थित थे यात्रा में बैलगाड़ी पर भगवान झूलेलाल की मनोरम झांकी, युवकों द्वारा पालकी में भगवान झूलेलाल विराजमान एवं बहराणा साहेब मुख्य आकर्षण थे। समस्त यात्रा में अनेक संस्थाओं एवं लोगों ने घरों से पुष्प वर्षा की एवं अनेक जगह पर स्टाल लगाकर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा का शुभारंभ स्वामी अशोक नंद, स्वामी प्रदीप महाराज, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, ने झंडी दिखाकर किया। इस यात्रा में विधायक अभिलाष पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, उधवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, विजय रोहाणी सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद थे. भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर भर्तीपुर से प्रारंभ होकर, विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुये वापस मंदिर पहुंचीं, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ।

### भगवान सूर्य की उपासना के साथ और ब्रह्म ध्वज की स्थापना

# भारतीय नव वर्ष प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाने का पर्वः राकेश सिंह

**जबलपुर।**

सृष्टि के आरंभ दिवस और भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत पर आज यहाँ गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भगवान सूर्य की उपासना की गई और पूरे विधि विधान से सृष्टि के रचियता भगवान ब्रह्मा के प्रतीक ब्रह्मध्वज की स्थापना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भगवान सूर्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जिले और प्रदेश के नागरिकों को भारतीय नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य की उपासना सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा स्थापित परंपरा के अनुसार प्रकृति के साथ



सामंजस्य बिठाने का पर्व है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि भारत का नव वर्ष काल और समय की गणना भर नहीं है बल्कि ऋतुओं में बदलाव एवं प्रकृति में होने वाले परिवर्तन और इन सबका मानव जीवन पर पड़ने वाले असर का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इन सब परिवर्तनों का किस तरह भगवान सूर्य की आराधना एवं पूजा पद्धति के माध्यम से लाभ उठाया जा सकता है यह भी हमारे ऋषि-मुनियों ने हमें बताया है। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में वर्ष प्रतिपदा पर भगवान सूर्य की उपासना की शुरुआत को अनुपम बताया और इसके लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई एवं अशोक रोहाणी, गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के स्वतंत्र निदेशक और प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, समाजसेवी और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष, डॉ जीतेन्द्र जामदार, माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव, संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह एवं नाथूराम गोंड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी भी मौजूद थे। कार्यक्रम स्कूली बच्चों द्वारा भगवान सूर्य की उपासना की गई तथा स्कूली बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम प्रस्तुत किया गया। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन भी इस अवसर पर किया गया।

## रंगदारी नहीं देने पर पेंचकस से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थानान्तर्गत कल दोपहर लाईट फिटिंग का काम करने एक घर में आए युवक से एक बदमाश ने पार्टी करने 500 रूपए मांगे मना करने पर आरोपी ने हाथापायी कर पेंचकस से हमला कर युवक के कंधे व कलाई में गंभीर चोटें पहुंचायी। इस दौरान बीच बचाव करने आये युवक के साथी पर भी आरोपी ने पेंचकस से हमला कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि टेढ़ी नीम हनुमानताल निवासी मोहम्मद जलील लाईट फिटिंग का काम करता है। कल दोपहर लगभग सवा दो बजे जलील अपने साथी तौसीफ के साथ लाईट फिटिंग का काम करने परिचित छरछरा निवासी इरफान के घर आया था। तभी बाबा टोला निवासी सद्दाम इरफान के घर पहुंचा और पार्टी करने जलील से पांच सौ रूपए मांगने लगा मना करने पर सद्दाम ने जलील पर पेंचकस से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचायी। बीच बचाव करने आये साथी तौसीब पर भी आरोपी ने पेंचकस से हमला कर दिया।

### परियट नदी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

# पनागर में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव के आह्वान पर एवं जिला कलेक्टर के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर के द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान,नदी संरक्षण पुनर्जीवन कार्यक्रम का आयोजन विक्रम संवत सूर्य उपासना नव संवत मनाकर किया गया इस अवसर पर भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर के द्वारा बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में 30 मार्च से 30 जून तक चलने बाले जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे विकासखंड में नवांकुर संस्थाओ, मेंटर्स, प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं, अन्य स्वैच्छिक संगठनों के साथ प्रतिदिन जल संरचनाओं की स्वच्छता साफ सफाई का कार्य किया जाना है।

इस अवसर पर आज विकासखंड पनागर में ग्रामों में कलश यात्रा निकालकर परियट नदी का पूजन करके ग्राम निरंद्रपुर में नवांकुर संस्थाओ, प्रस्फुटन समितियों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की स्वच्छता,नदी की साफ सफाई गहरीकरण का कार्य किया प्रारंभ किया गया है। साथ ही ग्राम सरसवा में प्रस्फुटन समितियों,ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में श्रमदान से तालाब की स्वच्छता, साफ सफाई, की गई उपस्थित जनो को जल स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

ग्राम फूटाताल में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं नवांकुर संस्थाओ,प्रस्फुटन समितियो के सदस्यों, मेंटर्स के साथ जल जनजागरूकता रैली, तालाब की स्वच्छता साफ सफाई का कार्य जनसहयोग से करते हुऐ आम जनो को जल स्वच्छता का संदेश



देते हुये जनजागरूक किया गया है कार्यक्रम में भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर, सरपंच सरसवा सुशीला विश्वकर्मा, संजय पाण्डे, चंद्र प्रकाश परिहार, राजकुमार बर्मन, कैलास असाटी निरंद्रपुर, नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी संजीत अहिरवार,पारस दाहिया, अजय पटेल, मेंटर्स पार्वती लोधी, सुभम पटेल, सुशील सेन,मनोज प्रजापति के साथ ग्रामो की प्रस्फुटन समितियो के सदस्य, छात्र, छात्राओ के साथ अन्य ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है।

## भेड़ाघाट में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा 30 मार्च 2025 से 90 दिवस हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी एवं उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया की उपस्थिति में माँ नर्मदा पूजन एवं महाआरती की जाकर निकाय क्षेत्र में जल स्त्रोतों संरक्षण अभियान के तहत आज 30 मार्च को वार्ड क्रमांक 10 भड़पुरा में खराब हैण्डपम्प का सुधार कार्य कराया गया, जिसमें वार्ड की पार्षद ग्यारसी बाई एवं परिषद के सदस्यों सहित निकाय के सीएमओ विक्रम सिंह झारिया, सुरेन्द्र दुबे, लक्ष्मी नारायण दुबे, ओभी मुखर्जी, विजय कोरी, संदीप बर्मन, रज्जन पटेल, विजय भूमियां, राकेश श्रीपाल, सचिन पटेल सहित कर्मचारियों की उपस्तिथि उल्लेखनीय रही।



# धुआंधार स्टैंड में पानी की त्राहि-त्राहि, पर्यटक परेशान

**भेड़ाघाट।** भीषण गर्मी का दौर चालू होते ही धुआंधार स्टैंड में पानी का संकट हो रहा है धुआंधार स्टैंड पर पानी की टंकी तो रखी है परन्तु इस पानी की टंकी में पानी नहीं रहता है जिससे पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है नगर परिषद भेड़ाघाट के जिम्मेदारों को सिर्फ आय से मतलब है मूलभूत सुविधाओं से कोई सरोकार नहीं है तभी तो पानी की समास्या की तरफ किसी का ध्यान नहीं है संगमरमर की वादियों को निहारने देश विदेश से पयर्टक आते हैं और यहां कि अव्यवस्था को देख कर पर्यटक का मन खिन्न हो जाता है। यहां के व्यापारियों ने बताया कि अधिकारियों द्वारा कभी भी निरीक्षण नहीं किया जाता है जिससे पयर्टकों को सुविधाओं के नाम पर कोई सुविधा नहीं है। नगर परिषद भेड़ाघाट के जिम्मेदारों को सिर्फ आय से मतलब है मूलभूत सुविधाओं की तरफ किसी



जनप्रतिनिधि या अधिकारीयों का ध्यान नहीं हैं कई पर्यटकों ने बताया कि धुआंधार में फैली अव्यवस्था को देख कर लगता हैं कि अधिकारियों कर्मचारियों पर शासन प्रशासन का कोई अंकुश नहीं है।

## नगर वीर शिवाजी शाखा में हिंदू नव वर्ष मनाया

**मझौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मझौली नगर वीर शिवाजी शाखा में हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अर्ध सरसंचालक प्रणाम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महेंद्र तिवारी उपस्थित रहे उन्होंने अपने वक्तव्य में राष्ट्र को समर्पित वर्तमान परिस्थितियों के विषय में अपनी बात को रखा और



सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम में आभास साहू श्रीकांत जैन लोमेश चौरसिया राहुल दुबे भारत शेखर कोस्टा सुरेंद्र चक्रवर्ती सचिन चौधरी रिंकू कोस्टा और सामाजिक व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पोषण भी पढाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**मझौली।** पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम अंतर्गत महिला बाल विकास परियोजना मझौली द्वारा समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 24 मार्च से 29 मार्च 2025 तक दो चरणों में दिया गया है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्वेश्य 0-3 वर्ष के बच्चों का प्रारंभिक प्रोत्साहन एवं 3-6 वर्ष के बच्चों का प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा को बढावा देना है।आंगनबाडी कार्यकर्ता को ई.सी.सी.ई. पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोणों की बुनियादी समझ एवं क्षमताओं को विकसित करना ताकि वे उच्च गुणवत्ताब वाले खेल आधारित ई.सी.सी.ई. प्रदान कर सके। इसके साथ ही दिव्यांतग बच्चों की पहचान कर सामान्या बच्चों के साथ समावेश करना व गृहभेंट कर उनकी देख भाल करने वालों को प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर श्रीमती रश्मि झारिया, सुश्री पार्वती लोधी, श्रीमती वंदना वाल्मीवकि, श्रीमती अन्नतपूर्णा श्रीवास्तव, श्रीमती नगीना सैनी, श्रीमती सुनीता शर्मा द्वारा समस्तन आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को कोर्स डायरेक्ट श्रीमती राखी सैयाम परियोजना अधिकारी की उपस्थिति में प्रदाय किया गया।

### आबकारी विभाग ने जप्त की 41 हजार की मदिरा

**सिहोरा।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार मदिरा के अवैध निर्माण,विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने के मद्देनज़र कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में वृत्त सिहोरा में स्थिति एन एच 30 जबलपुर कटनी रोड पर स्थित एमजी प्लाजा के पीछे नहर के पास अवैध मदिरा के संग्रहण की सूचना पर रात लगभग 9.15 पर दबिश दी गयी। तलाशी के दौरान आरोपी रामकेश पटेल पिता स्वर्गीय सुग्रीव प्रसाद उम्र लगभग 48 वर्ष के कब्जे से एक पेटी देशी मदिरा प्लेन,दो पेटी मसाला, 1 पेटी देशी मदिरा प्लेन, 2 पेटी देशी मदिरा मसाला, 35 पाव ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की, एक पेटी बडवाइसर मैग्नम, एक पेटी बडवाइसर किंग्स ऑफ़ बियर, एक पेटी हंटर बियर कुल 69.3 बल्क लीटर बरामद कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(1) व 34(2) का दंडनीय अपराध होने से मौके पर गिरफ्तार किया।माननीय न्यायालय के समक्ष आरोपी को पेश किया जावेगा। कार्यवाही में जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 41240/- रु है। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह तिवारी, मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी,आरक्षक संत लाल मरावी, फूल सिंह ऐंटिआ, अमिता केशरवानी,अशोक सिंह बघेल एवं ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

## नगर परिषद भेड़ाघाट का बजट पास

**भेड़ाघाट।** नगर परिषद भेड़ाघाट में परिषद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया, जिसमें अनुमानित आय 18 करोड़ 35 लाख 40000/- हजार अनुमानित व्यय 18 करोड़ 30 लाख 40000/ हजार रुपए एवं बचत 5 लाख रुपए है। परिषद की बैठक में निकाय अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, पीआईसी सदस्य श्रीमती मीनाक्षी हीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुश्री काजल दुबे, श्रीमती नरबदा बाई, रमेश कुमार यादव, निरंजन भूमियां, परिषद के सदस्य महेश प्रसाद तिवारी, सजल तिवारी,अजय पटेल, श्रीमती संध्या सिंह, श्रीमती ग्यारसी बाई, श्रीमती सुनीता मरावी, श्रीमती विमला बाई, अनिकेत भूमियां, निकाय के सीएमओ विक्रम सिंह झारिया, उपयंत्री सुश्री निधि परोहा, लेखपाल मधुर यादव, राजस्व निरीक्षक अनुज सिंह, स्थापना प्रभारी ओभी मुखर्जी, योजना प्रभारी विजय कोरी के साथ निकाय के अन्य कर्मचारीगण की उपस्थिति सराहनीय रही।

## हिंदू नव वर्ष आरएसएस ने अर्ध सरसंचालक प्रणाम किया

**मझौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मझौली नगर वीर शिवाजी शाखा में आज हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अर्ध सरसंचालक प्रणाम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महेंद्र तिवारी उपस्थित रहे उन्होंने अपने वक्तव्य में राष्ट्र को समर्पित वर्तमान परिस्थितियों के विषय में अपनी बात को रखा और सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की इस कार्यक्रम में आभास साहू श्रीकांत जैन लोमेश चौरसिया राहुल दुबे भारतजी शेखर कोस्टा सुरेंद्र चक्रवर्ती सचिन चौधरी रिंकू कोस्टा और सामाजिक व्यक्ति उपस्थित रहे।

## फिट इण्डिया संडे ऑन साइकिलिंग अभियान में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



हरिभूमि जबलपुर।

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग अभियान के तहत साइकिलिंग रैली का आयोजन, भारतीय खेल प्राधिकरण रानीताल स्पोर्ट्स रानीताल में आयोजित की गई थी। साइकिलिंग रैली को आशीष पांडेय, जिला खेल अधिकारी, रमेश परिहार, युथ हॉस्टल तथा श्रीमती दुर्गेश नंदिनी, केंद्र प्रभारी एसटीसी जबलपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, निर्धारित रूट 10 किलोमीटर की थी। जोकि रानीताल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, जबलपुर से होते हुए बलदेव बाग़ चौक, ऊखरी चौक, एकता चौक से अंहिसा चौक, एसबीआई चौक, दीनदयाल बस स्टैंड से वापस उसी रोड से रानीताल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में समाप्त हुई। रैली को रवाना करने से पूर्व शहर के निवासीगण, उत्साही खेल प्रेमियों, खिलाडियों को तथा बालक/बालिकाओं को टी-शर्ट वितरित की गई। तदपश्चात सभी भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई और प्रतिभागियों ने रैली प्रारंभ की। साईकिल रैली में fight-obestity का सन्देश देते हुए प्रतिभागियो ने रैली निकाली, इस रैली में 60 से अधिक प्रतिभागियों में हिस्सा लिया, इस साइकिलिंग रैली में शहर के निवासीगण, उत्साही खेल प्रेमियों ने, खिलाडियों ने, खेलो इंडिया सेंटर के खिलाडियों ने तथा बालक/बालिकाओं ने बढ़चढ़कर के भाग लिया एवं सभी प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार का वितरण किया गया था।

रैली में आशीष पांडेय, कुलदीप सिंह बरार, रमेश परिहार, श्रीमती हरप्रीत कौर, मनोज तिवारी, एवं सभी एसटीसी जबलपुर के कर्मचारीगण उपस्थित थे तथा सभी आये प्रतिभागियों को, एसटीसी के कर्मचारीगणो को, साथ में आये बालक/बालिकाओं के माता-पिता का, यातयात पुलिस, पुलिस, स्वस्थ विभाग, नगर-निगम को इस अभियान में सहयोग करने के लिए केंद्र प्रभारी श्रीमती दुर्गेश नंदिनी ने आभार व्यक्त किया।

- शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल महाविद्यालय का स्नेह सम्मेलन
- विद्यार्थियों को मिले गोल्ड मेडल, प्राचार्य पदक

# विद्यार्थियों की मांग पूरी कराना पहली प्राथमिकताः संतोष बरकडे

**सिहोरा।** महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की विभिन्न मांगों को सरकार के समक्ष रखकर उन्हें पूरा कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। सिहोरा का महाविद्यालय अपनी शैक्षणिक गतिविधियों एंव उत्कृष्ट अध्यापन कार्य के कारण आज प्रदेश के श्रेष्ठ महाविद्यालयों में शामिल है जिसका श्रेय समस्त स्टाफ एंव विद्यार्थियों को जाता है। उक्ताशय के विचार विधायक संतोष बरकडे ने शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।

तुलसी के पौधे से अतिथियों का सम्मान स्नेह सम्मेलन का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर डॉ एम.के.श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा राजा मोर अध्यक्ष जन भागीदारी समिति,श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष,श्रीमती रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जनपद पंचायत सिहोरा के विशिष्ट आतिथ्य तथा अनुपम सराफ, पुष्पराज सिंह बघेल,माधव मिश्रा,राशी असाटी,शिशिर पांडे,अंकित तिवारी,नीरज पांडे,सतीश पटेल,नीलू बाजपेयी,सुधाकर तिवारी की उपस्थिति में




किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत तुलसी का पौधा एंव पुष्प हार भेंटकर किया गया। प्राचार्य ने महाविद्यालय की उपलब्धियों का विस्तृत वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### महाविद्यालय में हो विवेकानंद की मूर्ति स्थापित

स्नेह सम्मेलन के दौरान जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर ने छात्र छात्राओं की तरफ से मुख्य अतिथि के सामने महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने के साथ कालेज के सामने स्थित मैदान को राज्य शासन के द्वारा महाविद्यालय के नाम पर हस्तांतरित करवाने की मांग रखी जिसको उन्होंने सरकार के समक्ष रखकर पूर्ण कराने की बात कही। कालेज के छात्र, छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसका निर्देशन डॉ. अनंदीलाल कुर्मी के द्वारा किया गया।

### रेखा गडारी, रिचा त्रिपाठी को गोल्ड मेडल

आइक्यूएसी द्वारा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.रुपेश कुशवाह केमिस्ट्री,डॉ.गौरव द्विवेदी,डॉ.जागेश्वर प्रजापति एवं डॉ.संदीप कुर्मी,एंव डॉ डी के बघेल को एनसीसी में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कालेज के पूर्व प्राध्यापक श्रीमती कान्ति डे,नागेन्द्र कुररिया एवं डॉ अरुणा पांडे के द्वारा उनके परिजनों के नाम स्थापित गोल्ड मेडल इस वर्ष कुमारी रेखा गराड़ी केमिस्ट्री,कुमारी रिचा त्रिपाठी बीएससी बायोलाजी को प्रदान किया गया।

### पांच छात्र छात्राओं को मिले प्राचार्य पदक

महाविद्यालय द्वारा पांच छात्र छात्राओं को प्राचार्य पदक प्रदान किया गया जिसमें रुखसाना बी बहना एमएससी फिजिक्स,मनीष कुमार इकोनॉमिक्स, दिनेश गर्ग एम.ए.हिंदी,सुंदरी दुबे एम.ए.राजनीति शास्त्र,कुमारी माधुरी सेन बी.ए शामिल थीं। नीलू चौधरी,मीनू पटेल,आशु एवं अन्य खिलाड़ियों को ट्रैकसूट,शूज एवं किट प्रदान की गई।मंच संचालन डॉक्टर अर्चना नामदेव द्वारा किया गया।

**श्री राकेश कथूरिया-** भारत हाउसिंग सोसायटी मदन महल निवासी श्री राकेश कथूरिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गगन ठाकुर-** टैगोर नगर पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ निवासी श्री गगन ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला देवी झा-** शोभापुर गोकलपुर निवासी श्री गूरू प्रसाद झा की धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी झा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनूप लाल-** धोबीघाट कजरवारा वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री अनूप लाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद पटेल-** महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री विनोद पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**अंश चौधरी-** भोला नगर ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री दिलीप चौधरी के पुत्र अंश चौधरी (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आदर्श अंसोरिया-**




आईटीआई के सामने माढ़ोताल निवासी श्री प्रवीण अंसोरिया के पुत्र श्री आदर्श अंसोरिया (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री तुलसीराम प्रजापति-** शारदा नगर करमेता निवासी श्री तुलसीराम प्रजापति (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा राय-** मदनमहल गंगासागर रोड निवासी श्री सुरेश राय की धर्मपत्नी श्रीमती रमा राय (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा-** नेशनल कॉलोनी बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री विनोद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सारंग कार्तिकेय-** अनंततारा तिलहरी निवासी श्री सुरेश लाल कार्तिकेय के पुत्र श्री सारंग कार्तिकेय (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मोहन चंद गुछाईत-** स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री मोहन चंद गुछाईत (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



## खबर संक्षेप

### आवक घटने से तेल तिलहन में सुधार



**नई दिल्ली।** नेफेड द्वारा सोयाबीन की बिकवाली पर अगली बिजाई पूरा होने तक रोक लगाने के बाद आगामी त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम की मांग के बीच किसानों द्वारा अच्छे दाम की उम्मीद में मंडियों में आवक घटाने के कारण बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए।

### भारत का पार्सल बाजार 29 अरब शिपमेंट तक पहुंचेगा



**मुंबई।** भारत के 'एक्सप्रेस पार्सल' बाजार में तेजी से बढ़ोतरी होने की उम्मीद है और वित्त वर्ष 2029-30 तक यह 24-29 अरब शिपमेंट तक पहुंच जाएगा। रेडसीर ने रिपोर्ट में कहा, इसकी प्रमुख वजह ई-कॉमर्स क्षेत्र का विस्तार, 'हाइपरलोकल'' और त्वरित वाणिज्य खंड का बढ़ना है। 2024-25 के लिए पार्सल बाजार के 10-11 अरब शिपमेंट तक पहुंचने का अनुमान है।

### शीर्ष दस में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 88,085.89 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 509.41 अंक या 0.66 प्रतिशत चढ़ा।

### एजीईएल की ऊर्जा परिचालन क्षमता 14,217.9 मेगावाट



**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने रविवार को गुजरात के खावड़ा में 480.1 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का संचालन शुरू कर दिया। इसके साथ ही कंपनी की कुल परिचालन क्षमता बढ़कर 14,217.9 मेगावाट हो गई है। अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से 30 मार्च को इन परियोजनाओं से बिजली उत्पादन शुरू किया।

### टेक्समिन फाउंडेशन ने किया आईबीसीसी से समझौता



**नई दिल्ली।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र टेक्समिन फाउंडेशन ने भारत ब्राजील चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईबीसीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद महत्वपूर्ण खनिज के मामले में देश की क्षमता को बढ़ाना है।

### फियो ने रविकांत कपूर को उपाध्यक्ष चुना



**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने मुंबई स्थित निर्यातक रविकांत कपूर को अपना उपाध्यक्ष चुना है। फियो ने एक बयान में कहा कि कपूर ने चेन्नई स्थित चमड़ा और फुटवियर निर्यातक इसरार अहमद का स्थान लिया है। नवंबर, 2024 से फियो की प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में कार्यरत कपूर वूलटेक्सप्रो के संस्थापक-चेयरमैन हैं। लुधियाना के एससी रल्हन अगले महीने फियो के अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे।

# दिग्गज बैंकर ने बजाई खतरे की घंटी, अपने ही चक्रव्यूह में फंस रहे बैंक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** देश के बैंकिंग मॉडल खतरे में है। यह कहना है कि देश के दिग्गज बैंकर उदय कोटक का।

■ यह स्थिति देश के बैंकिंग बिजनेस मॉडल के लिए खतरा बन जाएगी

उन्होंने एक्स पर किए एक पोस्ट में लिखा है कि बैंक सस्ते में लोन दे रहे हैं लेकिन खुद महंगी दरों पर पैसा जमा करा रहे हैं।

कोटक के अनुसार, बैंक जो डिपॉजिट अपने पास ले रहे हैं (करेंट और सेविंग्स अकाउंट से अलग) उस पर वह लगभग 9 फीसदी का ब्याज लोगों को दे रहे हैं लेकिन खुद जब किसी को लोन दे रहे हैं तो उनसे बस 8.5 फीसदी का ब्याज लिया जा रहा है। उन्होंने इसे बैंकिंग सिस्टम को खतरे में डालने वाला बताया है। बकौल कोटक, देश के बड़े बैंक 8 फीसदी पर होलसेल डिपॉजिट ले रहे हैं। इसका मतलब है कि डिपॉजिट की लोडेड मार्जिनल कॉस्ट 9 फीसदी से अधिक हो रही है। इसमें सीआरआर (0 परसेंट ब्याज), एसएलआर, डिपॉजिट इंश्योरेंस, प्रायोरिटी सेक्टर आदि फैक्टर्स शामिल हैं। जिन खुदरा डिपॉजिट्स (करेंट और सेविंग्स अकाउंट) में पैसा कम खर्च होता है वहां ग्रोथ ही नहीं हो रही है।

*बैंकों के बिजनेस मॉडल के लिए चुनौती :* इसके बावजूद बैंक, 8.5 फीसदी फ्लोटिंग रेट पर लोन जारी कर रहे हैं। 9 फीसदी पर लो और 8.5 फीसदी पर दो इससे -0.5 फीसदी का नेगेटिव रिटर्न बन रहा है। रेपो रेट अभी और कम होने वाली हैअगर डिपॉजिट इतने ही टाइट बने रहते हैं तो यह बैंकों के बिजनेस मॉडल के लिए चुनौती होगी।

## उदय कोटक ने देश में बैंकों की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

### बैंकों की जमा लागत बढ़ रही है

बैंक एक साल की होलसेल डिपॉजिट को लगभग 8 प्रतिशत ब्याज दर पर ले रहे हैं। लेकिन बैंकों को सिर्फ जमा पर ब्याज ही नहीं देना होता, बल्कि सीआरआर (कैश रिजर्व रेशियो) में रखी राशि पर उन्हें कोई ब्याज नहीं मिलता। एसएलआर (स्टेटुटारिय लिक्विडिटि रेशियो) में भी एक हिस्सा बैंकों को कम रिटर्न वाले सरकारी बॉन्ड्स में लगाना पड़ता है। डिपॉजिट इंश्योरेंस और प्रायोरिटी सेक्टर लोन जैसी बाध्यताएं भी जुड़ी होती हैं। इन सबको मिलाकर देखा जाए तो होलसेल डिपॉजिट का वास्तविक लागत 9 प्रतिशत से ऊपर जा सकती है।



### 8.5 प्रतिशत फ्लोटिंग रेट पर होम लोन

बैंक 9 प्रतिशत लागत पर उधार ले रहे हैं, लेकिन 8.5 प्रतिशत पर होम लोन दे रहे हैं। यानी लेंडिंग और बोरोइंग के बीच -0.5 प्रतिशत का नेगेटिव स्प्रेड बन रहा है। यानी बैंक अपनी जमा पर जितना खर्च कर रहे हैं, उससे कम ब्याज पर लोन दे रहे हैं, जिससे सीधे नुकसान की स्थिति बन रही है। ऐसे में अगर आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो होम लोन की ब्याज दरें और कम हो सकती हैं, जिससे बैंकों का मार्जिन और घट सकता है।

*कम लागत वाले रिटेल डिपॉजिट की ग्रोथ धीमी : बैंक के लिए सस्ता फंड सीएएसए(करेंट अकॉउट, सेविंग एकाउंड) डिपॉजिट होता है, क्योंकि इस पर उन्हें कम ब्याज देना पड़ता है। लेकिन इस सेगमेंट में ग्रोथ बहुत कम हो रही है, जिससे बैंक अधिक महंगे होलसेल डिपॉजिट लेने को मजबूर हैं।*

## धनाढ्य लोगों और युवाओं में बढ़ रहा चलन

# देश में उपहार, निवेश के लिए बढ़ रहा है प्लैटिनम और हीरे का आकर्षण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में खासकर धनाढ्य लोगों और युवाओं में प्लैटिनम और हीरे के आभूषण उपहार में देने तथा निवेश करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, सोना सबसे लोकप्रिय उत्पाद बना हुआ है लेकिन प्लैटिनम और हीरे को उनकी विशिष्टता और 'खास' होने के एहसास के कारण निवेश और उपहार विकल्प के रूप में पसंद किया जा रहा है।

आभूषण क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह बात कही है। उनका यह भी कहना है कि इन महंगी धातुओं में निवेश अनुभवी कारोबारियों के लिए ही उपयुक्त है। कामा ज्वेलरी की उपाध्यक्ष (बिक्री) सिमरन शाह ने कहा, ''भारत में, अमीर व्यक्तियों के बीच, सोने के बजाय प्लैटिनम, हीरे और अन्य कीमती धातुओं में निवेश करने की प्राथमिकता कई सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक कारकों से प्रभावित होती है।

### प्लैटिनम, सोने की तुलना में दुर्लभ

इन धातुओं का दुर्लभ होना उन अमीरों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का कारण है, जो अपने निवेश को अलग रूप देने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। प्लैटिनम सोने की तुलना में दुर्लभ है, जो इसे विशिष्टता का एहसास कराता है जबकि हीरे को उसकी सुंदरता और खास होने के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।''

*प्लैटिनम आभूषणों की मांग 18 फीसदी बढ़ी : विपणन संगठन प्लैटिनम गिल्ड इंटरनेशनल के अनुसार, भारत में हर साल प्लैटिनम आभूषणों की मांग 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ रही है। केंद्रीय बजट में सीमा शुल्क में कटौती के बाद वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में प्लैटिनम आभूषणों की मांग में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।*



*हीरा आभूषण बाजार 15 फीसदी की दर से बढ़ा : हीरे के आभूषण और निवेश की बढ़ती मांग के साथ देश में हीरा आभूषण बाजार 2023 में 8.5 अरब डॉलर से बढ़कर 2031 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह पिछले कई साल से सालाना औसतन लगभग 15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।*

### हीरा आत्मविश्वास बढ़ाता है

हीरा कंपनी डी बीयर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक अमित प्रतिहारी ने कहा, ''अमीर हीरे में निवेश करते हैं क्योंकि यह अत्यधिक खास और अमूल्य एहसास कराता है... हीरे में निवेश करने या इसे उपहार में देने का निर्णय बहुत भावनात्मक होता है। हीरे महिलाओं को उनके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक कारण देते हैं।

*प्लैटिनम मूल्य के लिहाज से मजबूत : आभूषण विक्रेता कंपनी जोया अलुक्कास ग्रुप के चेयरमैन जोय अलुक्कास ने कहा, ''पिछले पांच वर्षों में, हमने विशेष रूप से अमीर खरीदारों के बीच प्लैटिनम और हीरे के आभूषणों की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव देखा है।*



- सोना अभी भी सबसे लोकप्रिय उत्पाद बना हुआ
- प्लैटिनम और हीरा अपनी विशिष्टता के कारण पसंद किया गया
- महंगी धातुओं में निवेश अनुभवी कारोबारियों के लिए उपयुक्त

### प्लैटिनम व हीरे की लोकप्रियता बढ़ी

शाह ने कहा, ''इसके अलावा, खासकर युवाओं, समृद्ध लोगों के बीच लक्जरी और आधुनिक जीवनशैली विकल्पों की ओर एक सांस्कृतिक बदलाव हुआ है। युवा पीढ़ी अधिक वैश्वीकृत हो रही है और अंतरराष्ट्रीय फैशन रुझानों के प्रति सजग है, जिसने प्लैटिनम और हीरे की लोकप्रियता में योगदान दिया है।''

### प्लैटिनम का उपयोग उद्योगों में

प्लैटिनम का उपयोग आभूषण के अलावा वाहन समेत अन्य उद्योगों में भी होता है। बाजार शोध और परामर्श कंपनी ग्रांड व्यू रिसर्च के मुताबिक, भारत में प्लैटिनम आभूषण बाजार का आकार 2024 में लगभग 7,500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है और 2030 तक इसके 20,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाने की उम्मीद है।

# टाटा ऑटोकॉम्प, आर्टिफेक्स में 80 फीसदी हिस्सेदारी लेगी



■ कंपनी ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड ने रविवार को कहा कि वह जगुआर लैंड रोवर समूह के एक हिस्से आर्टिफेक्स इंटीरियर सिस्टम्स लिमिटेड में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी।

हालांकि, कंपनी ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस लेनदेन के पूरा होने पर वित्त वर्ष 2024-25 में 29.6 करोड़ पाउंड का राजस्व अर्जित करने वाली आर्टिफेक्स, टाटा ऑटोकॉम्प (टाको) परिवार में शामिल हो जाएगी। कंपनी ने जगुआर लैंड रोवर ऑटोमोटिव पीएलसी समूह की अनुषंगी जगुआर लैंड रोवर वेंचर्स लिमिटेड से आर्टिफेक्स की बहुलांश शेयरधारिता खरीदी है। कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण के साथ टाको की भारत के सबसे बड़े वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं में से एक के रूप में स्थिति मजबूत होगी और यह यूरोप के वाहन क्षेत्र में भी अपनी उपस्थिति को मजबूत करेगा।

टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम के वाइस चेयरमैन अरविंद गोयल ने कहा, ''यह अधिग्रहण हमारी वैश्विक मौजूदगी का विस्तार करने और वाहन इंटीरियर सिस्टम में हमारी विशेषज्ञता को मजबूत करने की हमारी रणनीतिक दृष्टि के अनुरूप है।''

### आर्टिफेक्स इंटीरियर सिस्टम में करती है काम

बयान के मुताबिक, आर्टिफेक्स यात्री वाहन खंड में प्रमुख वाहन कंपनियों जगुआर लैंड रोवर, बीएमडब्ल्यू मिनी, बेंटले और टोयोटा के साथ कंपनी के संबंधों को बढ़ाने के लिए इंटीरियर सिस्टम और कलपुर्जों में अत्याधुनिक नवाचार लेकर आती है।

# भारतीय कंपनियों ने क्यूआईपी से रिकॉर्ड 1.33 लाख करोड़ जुटाए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ प्राइम डेटाबेस ने आंकड़ों के आधार पर जारी की रिपोर्ट

■ 31 मार्च तक 85 कंपनियों ने क्यूआईपी से पूंजी बाजार में प्रवेश किया

भारतीय कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में शेयर बाजारों में तेजी के दौरान पात्र संस्थागत आवंटन (क्यूआईपी) के जरिये रिकॉर्ड 1.33 लाख करोड़ रुपये जुटाए।

प्राइम डेटाबेस ने संकलित आंकड़ों के आधार पर कहा कि भारतीय कंपनियों ने क्यूआईपी के जरिये इस वित्त वर्ष में 1,33,251 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 में जुटाए गए 71,306 करोड़ रुपये से 87 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च, 2025 तक 85 कंपनियों ने क्यूआईपी जारी कर पूंजी बाजार में प्रवेश किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष के दौरान केवल 64 कंपनियों ने ही ऐसा किया था। विश्लेषकों ने कहा कि कंपनियों ने बहीखाते को मजबूत करने और फंड विस्तार के लिए तेजी से बढ़ते इक्विटी बाजारों का फायदा उठाया। जेएम फाइनेंशियल की प्रबंध निदेशक और इक्विटी पूंजी बाजार की प्रमुख नेहा अग्रवाल ने कहा, /"वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय पूंजी बाजार के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक क्यूआईपी फंड जुटाया गया, जो मात्रा और मूल्य दोनों ही लिहाज से सबसे अधिक है। अग्रवाल ने क्यूआईपी में उछाल का श्रेय कंपनियों के अपने बहीखाते को मजबूत करने के व्यापक रुझान को दिया, जो कि तेजी से बढ़ते पूंजी बाजार से प्रेरित है। क्यूआईपी संस्थागत निवेशकों से धन जुटाने के सबसे त्वरित उत्पादों में से एक है।

### छह बैंकों ने 14,000 करोड़ की पूंजी जुटाई

इनके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यूको बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब एंड सिंध बैंक ने भी सामूहिक रूप से 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाई।

# मार्च तिमाही में घरों की नई आपूर्ति 34 फीसदी घटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ प्रॉपइक्विटी के अनुसार आपूर्ति घटकर 81,000 पर आई



इस साल जनवरी-मार्च की अवधि में देश के शीर्ष नौ शहरों में आवासीय संपत्तियों की नई आपूर्ति 34 प्रतिशत घटकर 80,774 इकाई रह गई। प्रॉपइक्विटी ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक साल पहले की समान अवधि में 1,22,365 आवासीय इकाइयों की पेशकश की गई थी।

रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट कहती है कि नई इकाइयों की आपूर्ति बेंगलुरु को छोड़कर बाकी सभी बाजारों में घटी है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही में बेंगलुरु में नई आवास आपूर्ति 17 प्रतिशत बढ़कर 20,227 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 17,303 इकाई थी। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में नए आवास की आपूर्ति जनवरी-मार्च 2025 में 14 प्रतिशत घटकर 10,101 इकाई रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 11,699 इकाई थी। चेन्नई में नई आपूर्ति 7,259 इकाइयों से 46 प्रतिशत गिरकर 3,946 इकाई रह गई जबकि हैदराबाद में नई आपूर्ति 14,082 इकाइयों से 38 प्रतिशत गिरकर 8,773 इकाई रह गई। कोलकाता में नई आपूर्ति 4,964 इकाइयों से 62 प्रतिशत गिरकर 1,874 इकाई रह गई।

*ठाणे में आपूर्ति 50 प्रतिशत गिरा : ठाणे में नई आपूर्ति 22,595 इकाइयों से 50 प्रतिशत गिरकर 11,205 इकाई रह गई। एमवीएन इन्फ्रास्ट्रक्चर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक वरुण शर्मा ने इन आंकड़ों पर कहा कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में नई इकाइयों की आपूर्ति में गिरावट डेवलपरों के रणनीतिक फोकस को दर्शाती है, जो खरीदारों की बदलती प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाने पर केंद्रित है।*

# गेल इंडिया को शुल्क वृद्धि से 3400 करोड़ आय की उम्मीद



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गेल (इंडिया) लिमिटेड को अपने पाइपलाइन नेटवर्क के जरिये प्राकृतिक गैस परिवहन के लिए मिलने वाले एकीकृत शुल्क में 35 प्रतिशत तक बढ़ोतरी के अनुमान से कर-पूर्व आय सालाना 3,400 करोड़ रुपये तक बढ़ सकती है। कंपनी के चेयरमैन संदीप कुमार गुप्ता ने यह संभावना जताई। वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत गैस का परिवहन करने वाले गेल के एकीकृत पाइपलाइन नेटवर्क का शुल्क 58.61 रुपये प्रति 10 लाख बीटीयू (ब्रिटिश थर्मल यूनिट) है। एकीकृत शुल्क में संशोधन मुख्य रूप से गेल की बढ़ती परिचालन और रखरखाव लागतों को समाहित करने की जरूरत से प्रेरित है।

# एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

■ ट्रंप के जवाबी शुल्क, वैश्विक रुख भी बाजार पर प्रभाव डालेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



वैश्विक व्यापार पर दो अप्रैल से लागू होने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क के प्रभाव, विदेशी बाजारों के रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। 'ईद-उल-फितर' के मौके पर सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। अमेरिका ने दो अप्रैल को भारत सहित अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदार देशों पर दो अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। ''अब सभी की निगाहें ट्रंप की दो अप्रैल की शुल्क घोषणा पर टिकी हैं। इस सप्ताह घोषित किए जाने वाले वृहद आर्थिक आंकड़ों में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''आगामी छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में घरेलू मोर्चे पर संकेतकों के अभाव में बाजार भागीदारी की निगाह वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगी।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.53 अरब डॉलर बढ़ा



**मुंबई।** देश का विदेशीमुद्रा भंडार 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 4.53 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर हो गया। इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.27 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशीमुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। हाल ही में पुनर्मूल्यांकन और रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण इसमें गिरावट देखी गई थी। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.67 अरब डॉलर बढ़कर 558.86 अरब डॉलर हो गईं।

## उद्योग मंडल के पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष जैन ने कहा

# देश में तांबे की मांग सात फीसदी बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए बढ़ती मांग के बीच देश में आगामी वर्षों में तांबे की मांग सात प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग के अधिकारियों ने यह बात कही है। उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा कि औद्योगिक गलियारों का निर्माण, सभी भारतीयों के लिए घर, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाएं और ऊर्जा बदलाव जैसी परियोजनाओं की वजह से तांबे की मांग बढ़ रही है। इसमें उल्लेखनीय इजाफा हो रहा है।

■ औद्योगिक गलियारों और सभी विकास परियोजनाओं में मांग बढ़ी

### 2030 तक तांबे की मांग होगी दोगुना

उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2030 तक देश में तांबे की मांग दोगुनी हो सकती है। इससे मांग-आपूर्ति का अंतर बहुत बढ़ जाएगा और भारत को इसके लिए दूसरे देशों पर निर्भर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन की जगह नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल, पवन टर्बाइन, ईवी बैटरी आदि के निर्माण के लिए भारी मात्रा में तांबे की जरूरत होगी।



*निजी निवेश आने की उम्मीद : जैन ने कहा, आने वाले वर्षों में भारत में तांबे की मांग में सात प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। तांबा क्षेत्र में निजी निवेश आने की भी उम्मीद है। सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना और आत्मनिर्भर भारत से तांबा उद्योग को समर्थन मिल रहा है।*

**तांबे में कारोबार बना लाभदायक :** ऐसे में कंपनियां इस खनिज में निवेश न सिर्फ मांग-आपूर्ति के अंतर को कम करने के लिए कर रही हैं, बल्कि वे अपनी नीतियों का सरकार की नीति के साथ तालमेल भी बैठा रही हैं। शर्मा ने कहा कि हाल के दिनों में इसकी बढ़ती लागत को देखते हुए तांबे के उत्पादन और स्मेल्टिंग में निवेश एक लाभदायक कारोबार बन गया है।

### तांबे का सालाना उत्पादन 5,55,000 टन

उद्योग का अनुमान है कि भारत का परिष्कृत तांबे का सालाना उत्पादन लगभग 5,55,000 टन है जबकि घरेलू खपत लगभग 7,50,000 टन से अधिक है। भारत स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए हर साल लगभग 5,00,000 टन तांबे का आयात करता है।

### अदाणी समूह उत्पादन बढ़ाने निवेश करेगा

घरेलू कंपनियों जेएसडब्ल्यू समूह, आदित्य बिड़ला समूह और अदाणी समूह ने तांबा उत्पादन बढ़ाने के लिए भारी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। पूर्व इस्पात सचिव अरुणा शर्मा ने कहा, ''देश को कॉर्बन उत्सर्जन मुक्त करने की रणनीति में तांबे की प्रमुख भूमिका है।

### एएसके एसेट को मिली एमएफ कारोबार की मंजूरी



**नई दिल्ली।** ब्लैकस्टोन समर्थित एएसके एसेट एंड वेल्थ मैनेजमेंट ग्रुप ने कहा कि उसे अपना म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने के लिए बाजार नियामक सेबी से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी एएसके की विस्तार योजनाओं के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम है। म्यूचुअल फंड की पेशकश एएसके के मौजूदा निवेश समाधानों का पूरक होगी। कंपनी पहले से ही सूचीबद्ध इक्विटी पोर्टफोलियो प्रबंधन और धन प्रबंधन कारोबार से जुड़ी हुई है।

चिंतन

# सड़क नियमों पर सख्ती और जागरूकता जरूरी

मृत्यु जीवन का अटल सत्य है, लेकिन असामयिक मृत्यु हो जाए तो महज सुनकर ही रूह कांप जाती है और जिनके परिवार में ऐसा होता है तो उनका क्या हाल होता है, अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। अपने देश में हर चार मिनट में एक अकाल मृत्यु होती है और इसका कारण होता है सड़क हादसा। विश्व बैंक की 2021 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में दुनिया के एक प्रतिशत वाहन हैं, लेकिन वाहन दुर्घटनाओं के चलते विश्वभर में होने वाली मौतों में 11 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं। देश में हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और हर चार मिनट में एक मौत होती है। खासकर दोपहिया वाहनों से जुड़े हादसों में हर साल 69,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं, जिनमें से 50% मौतें हेलमेट न पहनने की वजह से होती हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं के चलते 5.96 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.14 प्रतिशत के बराबर नुकसान होता है। इसके लिए न केवल कड़े कानून बनाने की जरूरत है बल्कि हर देशवासी को सड़क हादसों के प्रति जागरुक किया जाना बहुत जरूरी है। हालांकि नितिन गडकरी के सड़क परिवहन मंत्रालय संभालने के बाद आम नागरिक को सड़क नियमों के प्रति अगाह करने के उद्देश्य से चालान दरों में भारी वृद्धि भी की गई, लेकिन सड़क हादसों में कोई कमी आती नजर नहीं आ रही। इसी को देखते हुए अब देश में बिकने वाले हर टू-व्हीलर के साथ कंपनियों को 2 आईएसआई सर्टिफाइड हेलमेट देने होंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में हुए एक ऑटो समिट में की। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए ये जरूरी है। टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भी इसका समर्थन किया है। दो पहिया चालकों की सुरक्षा के लिए यह अच्छा कदम है, लेकिन सड़क हादसों पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए हमें उन कारणों को भी जानना होगा जिनके चलते हादसे होते हैं। आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाएं अत्यधिक गति, मोबाइल फोन का उपयोग, शराब और नशीली दवाओं का सेवन कर वाहन चलाने, गलत साइड या लेन पर वाहन चलाने, अनुशासनहीनता, लाल बत्ती पार करने, हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करने, वाहनों की स्थिति, मौसम की स्थिति, सड़क की स्थिति आदि जैसे अनेक कारणों से होती हैं। मसलन लापरवाही दुर्घटनाओं के लिए सबसे बड़ा कारण है। कई चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते। देश में कई स्थानों पर खराब सड़क डिजाइन भी दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक ट्रैफिक और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। हमें ध्यान देना होगा कि हर साल सड़क सुरक्षा के नाम पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। कभी सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है तो कभी सुरक्षा सप्ताह, लेकिन ये हादसे हैं कि घटने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं। कारण यही है कि आम जनमानस सड़क नियमों के प्रति जागरूक नहीं है। बहुत जरूरी है कि हम स्कूली शिक्षा में सड़क सुरक्षा का भी समावेश करें ताकि हमारी नई पीढ़ी को बचपन से ही इसके प्रति जागरूक किया जा सके। इसके अलावा सड़कों पर सख्ती भी बहुत जरूरी है। देखा जाता है कि नियम तोड़ने वाला सौ-दो सौ देकर छूट जाता है। सरकार को एक विशेष विभाग बनाकर इस पर सख्ती करनी चाहिए और जहां हादसा होता है, वहां के जिला अधिकारी की जवाबदेही तय हो, तभी हम अकाल मौत के आंकड़ों को नियंत्रित कर पाएंगे।



लाल आतंक
उमेश चतुर्वेदी

# एक साल में कैसे खत्म होगा नक्सलवाद

केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों के मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसें गिन रहा है।

इसे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे। अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी। साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है।

केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों के मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसें गिन रहा है।

साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है,लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई। नक्सलवाद को ज्यादातर सरकारें कानून और व्यवस्था का मामला मानती रहीं, उसके जिम्मेदार सामाजिक कार्यों को किनारे रखा जाता रहा। मोदी सरकार ने इसे कानून और व्यवस्था का मामला तो माना, लेकिन उसके साथ ही इसे सामाजिक नजरिए से भी देखना शुरू किया।

नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरुआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया।

इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनात केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए जहां स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के



उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 से अब तक इन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सल प्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले हैं। इसी तरह अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30सर्वाधिकनक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रूपये की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं।

इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है, जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नक्सल उग्रवाद ऐसे क्षेत्रो में तेजी से पनपा, जहां गरीबी ने जड़ें जमा रखी थी। नक्सली विचार प्रभवित समूहों ने इन इलाकों के लोगों के असंतोष को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल किया और इस तरह उग्रवाद को बढ़ावा मिला। इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने के कारण सुरक्षा संस्थाओं को अपना काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद हालात बदले। दूसरी तरफ उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी बढ़ाई गई। इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की, वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआईए ने पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की।

नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआईए में अलग से एक सेक्शन बनाया गया। जिसे अब तक 55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है। इसी तरह विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षाबलों पर जोर दिया गया और सूचनाओं को साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया। नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय और राज्यों विशेष ऑपरेशन टीमें बनाई गईं। सुरक्षा बलों और नक्सलियों पर निगाह के लिए तकनीक को बढ़ावा भी दिया गया। इसके तहत लोकेशन मोबाइल फोन और दूसरी तकनीक सुरक्षा बलों को मुहैया कराई गईं। ड्रोण कैमरों से नक्सलियों पर निगाहबानी शुरू हुई और कैजुअल्टी या विशेष ऑपरेशन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई। शायद यही वजह रही कि संसद में नक्सल ऑपरेशन को लेकर गृहमंत्री अमित शाह बेहद आत्मविश्वास में नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रमुख जगहों पर सीआरपीएफ और इसकी विशेष इकाई 'कोबरा' ही माओवादियों से लोहा ले रही है। इन बलों ने ऐसी रणनीति बनाई है, जिसमें नक्सलियों के पास दो ही विकल्प, 'सरेंडर' करो या 'गोली' खाओ, बचे हैं। अब ऐसा कोई इलाका नहीं बचा है, जहां सुरक्षा बलों की पहुंच न हो। वे महज 48 घंटे में 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' स्थापित कर आगे बढ़ रहे हैं। अब नक्सलियों के लिए जंगलों में अधिक दूरी तक पीछे भागना भी संभव नहीं हो रहा। उनकी सप्लाई चेन कट चुकी है। नक्सलियों की नई भर्ती तो पूरी तरह बंद हो चुकी है। इतना ही नहीं, घने जंगलों में स्थित नक्सलियों के ट्रेनिंग सेंटर भी तबाह किए जा रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में अमन-चैन हो और बिना खून बहाए ही लोग अपनी शिकायत लोकतांत्रिक ढंग से रख सकें। इसका विरोध शायद ही कोई करेगा। नक्सलवाद का आतंक खत्म हो, इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि भविष्य में ऐसे हालात फिर ना बनें, जिससे फिर से नक्सलवाद को बढ़ने को मौका मिले। क्योंकि विचार केंद्रित एक्शन भले ही रुक जाए, विचार कभी नहीं मरते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

प्रेरणा दिवस
शिवप्रकाश



# नववर्ष पर लें नव संकल्प

भारतीय कालगणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रमी संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है। आंग्ल तिथि के अनुसार 30 मार्च रविवार का यह दिन है। भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक अनेक ऐतिहासिक प्रसंग चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जुड़े हैं। पृथ्वी की उत्पत्ति के कारण पृथ्वी संवत, सृष्टि प्रारंभ दिवस के कारण सृष्टि संवत, श्रीराम जी का राज्याभिषेक, कलयुग संवत, युधिष्टिर संवत, विक्रम संवत (2082), शालिवाहनशक संवत (1947),युगाब्द (5127),मालव संवत, गुडी पाडवा, आर्य समाज स्थापना, उगादि, गुरु अंगद देव का जन्म दिवस एवं झूलेलाल का अवतरण दिवस आदि सभी प्रेरणा दिवस इस शुभ दिन के साथ जुड़े हैं। शक्ति की उपासना के प्रतीक नवदुर्गा का प्रारंभ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी वर्ष प्रतिपदा ही है। भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक जीवन की समस्त विधाओं में भारत की अग्रगणीयता, आर्थिक समृद्धि, प्रकृति में वसंत अर्थात सम्यक परिवर्तन की दिशा का संदेश संपूर्ण मानवता को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा देती आई है। भारतीय समाज में व्यैक्तिक एवं सामूहिक जीवन में उत्थान के लिए नववर्ष पर नव संकल्प लेने की परंपरा है। इस विक्रम संवत के आगमन पर हम हर्ष एवं उल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत करें एवं भावी समाज को संरक्षित करने की दिशा में नवसंकल्प लें। शरीरमाध्यम्खलु धर्म साधनम् (अर्थात धर्म के साधन का मार्ग स्वस्थ शरीर ही है) भारत में असावधानी के कारण हमारा खानपान स्थूल (मोटापा) शरीर का निर्माण कर रहा है, जिसके कारण अनेक रोग हमारे शरीर को अपना घर बना रहे हैं। दुनिया के देशों की तुलना में हमारे देश में गंभीर रोगों का औसत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए "फिट इंडिया" का संदेश दिया था। नव वर्ष पर यदि हम अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में संतुलित आहार, व्यायाम एवं योग को स्थान देंगे तब हमारा स्वास्थ्य अच्छा होगा। हमारा स्वास्थ्य ही राष्ट्र के स्वास्थ्य से जुड़ा है। इसको हम प्रतिदिन का संकल्प बनाएं। भारतीय समाज के चिरंजीवी होने के अनेक कारणों में से महत्वपूर्ण है हमारी पारिवारिक व्यवस्था। संपूर्ण विश्व इस पारिवारिक व्यवस्था का अध्ययन एवं अनुपालन करने का प्रयास कर रहा है। परिवार के सभी सदस्यों में सामूहिकता, सुरक्षा, परस्पर प्रेम और आत्मीयता का अंकुरण होता है। हम अपने परिवार के वृद्धों को सम्मान एवं आत्मीयता दें। इसका परिणाम होगा कि नवीन पीढ़ी में भी यह संस्कार आएगा। परिवार के सदस्य सामूहिक भोजन, सामूहिक भजन एवं वर्ष में एक-दो बार विशेष प्रसंगो पर वृहद् परिवार मिलन कर पारिवारिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प लें। विशाल भूभाग वाले अपने देश में अनेक भाषाओं एवं बोलियों का उपयोग होता है। सभी भाषाओं में एक अन्तर्निहित एकात्मता है। हम अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक और दूसरे प्रदेश की भाषा सीखने का प्रयास करें, जिसके कारण हम उस भाषा के साहित्य में छिपे तत्वज्ञान,महापुरुषों एवं परंपराओं को समझ सकेंगे, एवं राष्ट्र की एकात्मता वृद्धि में सहयोगी बन सकेंगे। देश के संविधान के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव, देश को सुचारू संचालित करने के लिए बनी व्यवस्थाओं का अनुपालन, देश की सम्पत्तियों का संरक्षण, नियमों का पालन,शुचिता पूर्ण कर्तव्य निष्ठ व्यवहार करने से देश में अनुशासन का भाव निर्माण होगा। नए-नए प्रयोगों के द्वारा रोज़गार प्रदान करते हुए भारत को आर्थिक समृद्ध कर, विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति में सहायक होना हमारा संकल्प बने। पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वारा स्थापित सिद्धांत "खर्च में संयम एवं उत्पादन में वृद्धि हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।"आय से अधिक खर्च किसी भी समाज में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। शादी-विवाह एवं शुभ प्रसंगों के समय बर्बाद होता भोजन यह राष्ट्र की संपत्ति का ही नुकसान है। यह दृष्टि लेकर व्यक्तिगत जीवन में सादगी एवं संयम पूर्ण व्यवहार से समाज को सम्यक दिशा दें। अपने प्राचीन धर्म ग्रंथो में माँ (स्त्री) का बड़ा श्रेष्ठ स्थान (यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ) था। कालांतर में समाज में अनेक कुप्रथाएं आई। आज भी समाज में हृदय को विदीर्ण करने वाली अनेक घटनाएं होती रहती है।समाज में महिलाओं को समान स्थान,समान अवसर, निर्णयों में समान सहभागिता का वातावरण बनाने में हम सभी सहभागी बने। हमारी संस्कृति त्यागमयी एवं सभी के कल्याण का विचार करने वाली है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमको इस सांस्कृतिक गौरव का ही स्मरण कराती है। हम स्वयं एवं आने वाली पीढ़ी में अपने महापुरुषों, अपनी परंपराओं के प्रति यह गौरव के भाव को जागृत करने का संकल्प लें ।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उत्सव को व्यक्तिगत के साथ-साथ समाज का उत्सव बनाते हुए, हम अपने व्यक्तिगत जीवन एवं समाज जीवन में यह संकल्प ले तब नव वर्ष की सार्थकता सिद्ध होगी।

(लेखक राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन), भाजपा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

## गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना भविष्य के लिए संकट

मशहूर वैज्ञानिक और पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ने यह अंदाजा लगाया है कि हमारे देश में नदियां सूख सकती हैं और जब 144 वर्ष बाद फिर महाकुंभ होगा तो वो नदियों के पानी में नहीं, बल्कि रेत पर हो सकता है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला पत्र लिखा है और कहा है कि भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रति बहुत ज्यादा गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और वनों को अंधाधुंध काटा जा रहा है। इससे नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु भी कहीं सिकुड़ न जाएं? जिस तरह धरती पर तापमान बढ़ता जा रहा है, बर्फ के पहाड़ों को भी गर्मी धीरे-धीरे अपनी चपेट में ले रही है, ग्लेशियर पिघल कर धरती पर बहुत तबाही ला सकते हैं। पूरी दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग की समस्या का ठोस हल खोजना चाहिए। *- नरेश चौहान, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### पाक के कुर्रम कबायलियों के बीच शांति समझौता



पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में युद्धरत कबायली समुदायों ने शनिवार को आठ महीने के लिए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो ईद से ठीक पहले उनके बीच के विवाद को सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अफगानिस्तान की सीमा से सटा कुर्रम लंबे समय से शिया और सुन्नी समुदायों के बीच सांप्रदायिक हिंसा का केंद्र बना हुआ है। नवंबर से अब तक दोनों पक्षों के बीच हुई झड़पों में 130 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। समझौते पर हस्ताक्षर करने वाली जिरगा (कबायली परिषद) की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, क्षेत्रीय स्तर पर शांति की बहाली के लिए कबायली बुजुर्ग किला अब्बास सदर में बैठक के लिए एकत्र हुए। विज्ञप्ति के मुताबिक, बैठक में क्षेत्र में लोगों के बीच सद्भाव और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'इस जिरगा में अलीजाई के शिया नेताओं और बाग के सुन्नी नेताओं ने एसोसिएशन काउंसिल के माध्यम से क्षेत्र में शांति बहाली और सहिष्णुता स्थापित करने के वास्ते एक शांति समझौते पर सहमति जताई।'

## ऑफ बीट

### नजर से छिपा रह जाता है दीर्घकालिक गुर्दा रोग

करोड़ लोगों को प्रभावित करने वाला दीर्घकालिक गुर्दा रोग, जिसे 'क्रॉनिक किडनी डिजीज' भी कहते हैं, अकसर नजरों से छिपा रहा जाता है। सिर्फ 50 फीसदी



लोगों में ही इस बीमारी का निदान हो पाता है। दीर्घकालिक गुर्दा रोग के परिणाम गंभीर होते हैं। जब शरीर का ये जरूरी अंग आपके रक्त से अपशिष्ट को छानने का अपना काम नहीं कर पाता तो रोगियों को गहन चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है क्योंकि गुर्दे में खराबी आपके जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से कम कर सकती है। गुर्दे हमारे शरीर के लिए कई काम करते हैं लेकिन उनका सबसे महत्वपूर्ण काम शरीर से अपशिष्ट को छानकर पेशाब के रास्ते बाहर करना है। जब आपके गुर्दे अच्छी तरह से काम कर रहे होते हैं, तो वे पेशाब के रास्ते शरीर में बनने वाले अपशिष्ट को बाहर करने का काम करते हैं। गुर्दे आपके रक्तचाप को स्थिर रखने, आपके 'इलेक्ट्रोलाइट्स' को संतुलित रखने और आपके शरीर में लाल रक्त कोशिका को बनाने की गति को तेज करने में भी मदद करते हैं। गुर्दे चौबीसों घंटे कड़ी मेहनत करते हैं लेकिन समय के साथ-साथ इन्हें पानी की गंभीर रूप से कमी या वर्षों तक उच्च रक्तचाप या उच्च रक्त शर्करा (हाई ब्लड शुगर) से नुकसान हो सकता है।

## ट्रेंड

### बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञ

भारत की पीढ़ियाँ बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञ रहेंगी, जिन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया जो हमारी गरिमा और समानता तय करता है। हम उनके सपनों के भारत को साकार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### 'वॉल आर्ट' का शुभारंभ

आज कालकाजी में 'वॉल आर्ट' प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया, जिससे क्षेत्र की सुंदरता और सांस्कृतिक पहचान को नया स्वरूप मिलेगा। साथ ही, 2 पार्कों के विकास, स्लम क्षेत्र में 3 वाटर एटीएम प्लांट और 150 सोलर लाइट लगाने की पहल हो रही है, जो बुनियादी सुविधाओं को सशक्त बनाएंगी।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### अपराधी बेख़ौफ़

उप्र के मुख्य विधानसभा क्षेत्र गोरखपुर में माँ-बेटी की हत्या ने साबित कर दिया है कि भाजपा के राज में अपराधी कैसे बेख़ौफ़ होकर एक के बाद एक और एक से बड़ी एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### रचनात्मक अर्थव्यवस्था

भारत में सबसे ज़्यादा कंटेंट बनाया और इस्तेमाल किया जाता है। भारत सबसे बड़ी रचनात्मक अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। हम 1 से मुंबई में देश की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ ला रहे हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### तीसरे दिन भी कांपी म्यांमार की धरती



**नाएप्यीडॉ।** म्यांमार शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे।

### बलूचिस्तान में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहाल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की सरकार ने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के बीच कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर रात के समय यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है, जहां हाल के हफ्तों में वाहनों पर कई आतंकवादी हमले हुए हैं। बता दें कि, अशांत प्रांत में वाहनों पर कई आतंकी हमले हुए हैं, जब बंदूकधारियों ने राजमार्गों पर आवाजाही पर रोक लगाई और यात्रियों की पहचान करने के बाद उन्हें मार डाला।

### अपहरण के संदेह में 16 लोगों की हत्या की



**अबुजा।** दक्षिणी नाइजीरिया में भीड़ ने अपहरणकर्ता होने के संदेह में हमला कर 16 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता मोसेस यामू ने एक बयान में बताया कि सभी पीड़ितो को एडो राज्य के यूरोमी क्षेत्र में स्थानीय सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने के बाद उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित उत्तरी नाइजीरिया के रहने वाले थे। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में देखा गया।

---

नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मंदिर में टेका मत्था

# माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, जय माता दी बोलकर चलते रहे भक्त

माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा की, मंदिर में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता से आशीर्वाद लिया और नवरात्रि का उत्सव धूमधाम से शुरू किया।

एजेंसी ▶▶ जम्मू

माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नवरात्रि के दौरान हर दिन देवी दुर्गा को एक अलग रूप समर्पित किया जाता है, पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। इस अवसर पर माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए बहुत से लोग मंदिर पहुंचे। भक्तों ने मां शैलपुत्री से आशीर्वाद लिया और विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भक्ति देखी गई। मंदिर प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष उपाय किए हैं ताकि नवरात्रि के दौरान उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। पहले दिन की पूजा के बाद, श्रद्धालु खुशी और आशीर्वाद से नवरात्रि के बाकी दिनों के लिए तैयार हैं।

### नवरात्र की एलजी ने दी बधाई

नवरात्र पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने लोगों को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कश्मीरी पंडित भाईयों और बहनों को भी बधाई दी है, जो नवरेह मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। कहा कि महिलाओं के राष्ट्र निर्माण में समान भागीदार के रूप में सम्मान दिया जाए। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि वह सभी पर समान रूप से आशीर्वाद बनाए रखें।





### दिव्यांग के लिए दी जा रही निःशुल्क सेवाएं

मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने बताया कि बोर्ड ने घोषणा की है कि तीर्थयात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए विकलांग व्यक्तियों को कटरा बेल्ट में विभिन्न निशुल्क सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग तीर्थयात्रियों के लिए हाल ही में कई पहल शुरू की गई हैं, जिनमें हेलीकॉप्टर बुकिंग, आरती और निशुल्क बैटरी कार सेवाओं में समर्पित कोटा शामिल है। अंशुल गर्ग ने बताया कि माता वैष्णो देवी मंदिर में हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए अग्रिम ऑनलाइन बुकिंग अब वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग तीर्थयात्रियों के लिए एक विशेष श्रेणी के रूप में उपलब्ध है। ऑनलाइन बुकिंग आरक्षण बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है. उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए सभी मौसम के अनुकूल विश्राम क्षेत्र की स्थापना की जा रही है।

---

## सरकार का बड़ा फैसला, गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

# मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में छह महीने के लिए बढ़ा आफस्पा

अफस्फा कानून के तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने का अधिकार

*गृह मंत्रालय ने मणिपुर अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में अफस्पा को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में यह लागू रहेगा। अरुणाचल प्रदेश के तिरप,चांगलांग, लोंगडिंग और तीन थाना क्षेत्रों में इसे फिर लागू किया गया है। नगालैंड के आठ जिलों में एएफएसपीए(आफस्पा) बढ़ाया गया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में 6 महीने के लिए सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) लागू कर दिया है। इसमें मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्र को छोड़कर पूरे राज्य में आफस्पा अगले 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी आफस्पा लागू कर दिया गया है। नगालैंड के जिन जिलों में एएफएसपीए को फिर से लागू किया गया है।

1 आठ जिलों में एएफएसपीए बढ़ाया

2 कानून सुरक्षा बलों को विशेष शक्तियां प्रदान करता है

3 मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में लागू



### इन क्षेत्रों में भी बढ़ा आफ्सपा

*साथ ही लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस थाना क्षेत्रए और वोखा जिले में भंडारी चांमपांग और रालान पुलिस थाने क्षेत्र जुनहेबोटो जिले में घटासी, पुघोबोट, सताखा सुरूहुतो, जुनहेबोटो और अघुनाटो पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को सशस्त्र बल,विशेष शक्तियां अधिनियम, 1958 की धारा 3 के अंतर्गत दिनांक 01.04.2025 से छः माह तक के लिए बढ़ा दिया गया है।*

### आफ्सपा के तहत सुरक्षा बलों को मिले हैं विशेष अधिकार

*आफ्सपा कानून सुरक्षा बलों को किसी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने, बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने या तलाशी लेने और अन्य कार्रवाई करने का अधिकार देता है। इसके साथ ही आफ्सपा गोली चलाने की भी अनुमति देता है। इसके अलावा सुरक्षाबलों को ये भी अधिकार है कि अगर कोई भी उग्रवादी या उपद्रवी घर में छिपा होता है तो उसे तबाह भी किया जा सकता है। इस कानून के तहत कार्रवाई तभी संभव है, जब केंद्र सरकार द्वारा इसे किसी अशांत क्षेत्र में लागू किया हो।*

### क्या है एएफएसपीए (आफस्पा)

*एएफएसपीए को अशांत इलाकों में लागू किया जाता है। इस कानून के तहत सुरक्षाबलों को एक महत्वपूर्ण ताकत मिलती है। इसके तहत सुरक्षाबलों के पास बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने की ताकत होती है। साथ ही इसके कानून के चलते कई मामलों में बल प्रयोग का भी प्रावधान है। एएफएसपीए को सिर्फ अशांत क्षेत्रों में ही लागू किया जाता है।*

---

म्यांमार भूकंप पीड़ितों की मानवीय मदद

## भारतीय नौसेना के दो जहाजों पर भेजी गई राहत सामग्री



एजेंसी ▶▶ नाएप्यीडॉ

म्यांमार के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए भारत ने नौसेना के दो जहाजों सतपुड़ा और सावित्री की मदद से राहत सामग्री भेजी है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भेजी गई ये मानवीय मदद लेकर दोनों जहाज 29 मार्च को रवाना हुए। बता दें कि म्यांमार भूकंप में 1644 से अधिक मौतें हुई हैं, जबकि 2000 से अधिक लोग हताहत हुए हैं। म्यांमार के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। पीड़ितों की मदद के लिए वायुसेना की मदद से खेप भेजी गई है। एनडीआरएफ की टीम को भी म्यांमार भेजा गया है। उत्तर प्रदेश के आगरा से फील्ड अस्पताल के 118 चिकित्साकर्मी भी म्यांमार भेजे गए हैं।

### संकट के समय मदद करना भारत की नीति

*विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला देश रहा है। जब चक्रवात यागी ने म्यांमार पर कहर बरपाया था, उस समय भी भारत ने अभियान चलाया था। हमने म्यांमार के लोगों को राहत, सामग्री, मानवीय सहायता प्रदान की, न केवल म्यांमार के लोगों को बल्कि कई अन्य देशों को भी जो इससे प्रभावित हुए थे।*

### क्या है ऑपरेशन ब्रह्मा

*एक दिन पहले विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन ब्रह्मा को लेकर जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि ब्रह्मा सृजन के देवता हैं, इसलिए ऑपरेशन के यह नाम विशिष्ट है। उन्होंने कहा, संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।*

---

## राज्यपाल सिन्हा ने मुठभेड़ में घायलों का हाल जाना



**जम्मू।** रविवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कठुआ में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया।

### टोंगा के नजदीक 7.1 तीव्रता का भूकंप

**तोक्यो।** प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश टोंगा के निकट रविवार को 7.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, जिसके बाद देश में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार रविवार देर रात के समय मुख्य द्वीप से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) उत्तर-पूर्व में आया। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर (185 मील) के भीतर स्थित तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। किसी नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। टोंगा पोलिनेशिया में स्थित एक देश है, जो 171 द्वीपों से बना है तथा इसकी जनसंख्या 100,000 से कुछ अधिक है। देश की अधिकतर आबादी मुख्य द्वीप टोंगाटापू पर रहती है।

---

पीएम मोदी 4 अप्रैल को दो दिवसीय यात्रा पर

## पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति की पार्टी ने पीएम मोदी की प्रस्तावित श्रीलंका यात्रा का स्वागत किया



**कोलंबो।** पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस सप्ताह निर्धारित श्रीलंका यात्रा का स्वागत किया। पीएम मोदी चार अप्रैल को दो दिनों के लिए श्रीलंका की यात्रा करेंगे। यूएनपी ने एक बयान में कहा, यह यात्रा हमारे दो महान राष्ट्रों के बीच शाश्वत संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यूएनपी ने कहा कि यह यात्रा जुलाई 2023 में अपनाए गए 'भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी विजन' को मजबूत करने का अवसर प्रस्तुत करती है। यूएनपी ने याद दिलाया कि श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान भारत द्वारा दी गई चार अरब अमरीकी डॉलर की सहायता 'हमारी मित्रता की गहराई का प्रमाण' थी।

विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा कि श्रीलंका के पूर्वोत्तर मन्नार और भारत के दक्षिणी क्षेत्र के बीच समुद्र के नीचे केबल के माध्यम से विद्युत ग्रिड एकीकरण पर समझौता ज्ञापन यात्रा के दौरान किए जाने वाले द्विपक्षीय समझौतों में से एक होगा। यह 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी की चौथी श्रीलंका यात्रा होगी। उन्होंने आखिरी बार जून 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था।

---

धमाके में कार के उड़े चिथड़े

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन की हत्या की कोशिश काफिले में शामिल लिमोजिन कार में धमाका

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

क्या रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की गई है? रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आधिकारिक कार बेड़े में शामिल लिमोजिन कार में धमाके के बाद ये सवाल उठ रहे हैं, कि क्या रूसी राष्ट्रपति पुतिन को निशाना बनाने की कोशिश की गई है? ये लिमोजिन कार करीब 275,000 पाउंड की थी, जिसमें देश की शीर्ष खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के पास मास्को की एक सड़क पर हुई है।

धमाके के बाद कार के चिथड़े उड़ गए और उसमें आग लग गई। यूरोवीकली के अनुसार, यह घटना 29 मार्च को लुब्यंका के पास स्थित मास्को के एफएसबी मुख्यालय के उत्तर में एक सड़क पर घटी है। मिली जानकारी के अनुसार रूसी राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश की गई है। यूक्रेन में युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका और रूसी राष्ट्रपति के बीच बातचीत हो रही है और इस दौरान सवाल उठ रहे हैं कि क्या व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की गई है? वायरल वीडियो में कार में लगी आग को देखा जा सकता है और देखा जा रहा है कि आग को बुझाने की कोशिश की जा रही है। माना जाता है कि कार के इंजन बे क्षेत्र में धमाका होने के बाद आग काफी तेजी के साथ कार के अंदरूनी हिस्से में फैल गई।



### अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

रूसी राष्ट्रपति को जान से मारने की कोशिश इस दौरान कार से धुंआ निकलता देखा गया है। माना जा रहा है कि इस घटना में वाहन का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि घटना के दौरान कार में कौन-कौन मौजूद था क्योंकि अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

---

## छाया घिबली का जादू, इमेज बनवाने के लिए लोग हुए दीवाने

घिबली स्टाइल इमेज बनाने की होड़ लग गई। सीईओ सैम अल्टमैन ने कहा कि वर्ल्डवाइड ट्रेंड के कारण चैटजीपीटी के जीपीयू पिघलने के कगार पर पहुंच गए हैं। जानिए आखिर चैटबॉट से घिबली इमेज बनवाने के लिए लोग इतने दीवाने क्यों हो गए हैं।

लोग चैटजीपीटी की बनाई तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं

# लोगों ने घिबली इमेज बनाकर काटी इतनी मौज कि 'पिघल' गए चैटजीपीटी के जीपीयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चैटजीपीटी से बनाए गए घिबली वर्जन की तस्वीरों ने दुनियाभर के इंटरनेट यूजर्स को क्रेजी कर दिया है। सोशल मीडिया पर घिबली स्टाइल इमेज अपलोड करने की जैसे होड़ सी मच गई है। लोग कई तरह के फोटोज अपलोड कर उनके मजेदार घिबली वर्जन बना रहे हैं। बुधवार को ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन ने अपनी घिबली इमेज अपलोड करके इस ट्रेंड को हवा दे दी।

### पिघल रहे हैं जीपीयू



*कुछ यूजर्स ने पहले एक्स पर ट्विट कर बताया था कि घिबली वर्जन इमेज चैटजीपीटी के प्रीमियम वर्जन में बनाया जा सकता है। हालांकि, बाद में कई यूजर्स ने पाया कि यह फ्री वर्जन में काम कर रहा है। इसके बाद चैटजीपीटी यूजर्स के बीच तस्वीरों को घिबली में बदलने की होड़ लग गई। इसी बीच सैम अल्टमैन ने एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उनके जीपीयू 'पिघल' रहे हैं। दरअसल, चैटजीपीटी जैसे चैटबॉट कमांड से तस्वीरों को क्रिएट करने के लिए ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट, यानी जीपीयू का इस्तेमाल करते हैं।*

### जल्दी ही प्रतिदिन 3 जनरेशन मिलेंगी

सैम अल्टमैन ने ट्वीट किया कि, यह देखना बहुत मजेदार है कि लोग चैटजीपीटी की बनाई तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं। लेकिन हमारे जीपीयू पिघल रहे हैं। हम इसे और अधिक कुशल बनाने पर काम करते हुए अस्थायी रूप से कुछ दर सीमाएं लागू करने जा रहे हैं। उम्मीद है कि इसमें ज़्यादा समय नहीं लगेगा! चैटजीपीटी फ्री टियर को जल्द ही प्रतिदिन 3 जनरेशन मिलेंगी।

### भारत के लोगों ने खूब ली मौज

घिबली वर्जन इमेज बनाने में भारत के लोग भी पीछे नहीं रहे। पिछले 24 घंटो से भारत में स्टूडियो घिबली गूगल पर तीसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं इंटरनेट पर इसे 1 लाख से ज्यादा लोग सर्च कर चुके हैं।

### क्या है स्टूडियो घिबली?

लोग अमेरिकी प्रेजिडेंड डोनॉल्ड ट्रंप से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी तक के घिबली स्टाइल कार्टून इमेज बना रहे हैं। इंटरनेट पर कई वायरल मीम्स के भी कार्टून बनाए जा रहे हैं।

### आप भी बना सकते हैं घिबली इमेज

चैटजीपीटी अपने लेटेस्ट मॉडल जीपीटी-4o का इस्तेमाल कर रहा है। घिबली इमेज जनरेशन इसी मॉडल से संभव हो पाया है। इसका सबसे रोचक पहलू यह है कि यह स्टूडियो घिबली की प्रसिद्ध कार्टून शैली को बखूबी दोहरा सकता है।

---

हादसे की जांच शुरू

## अमेरिका में घर से टकराया बेकाबू विमान, एक की मौत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में एक छोटा यात्री विमान हादसे का शिकार हुआ है। विमान में सवार कम से कम एक व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गई है। हादसे की जांच अभी शुरुआती दौर में है, ऐसे में मौतों की संख्या बढ़ भी सकती है। ये विमान शनिवार को आयोवा से मिनेसोटा जा रहा था, तभी दुर्घटनाग्रस्त होकर मिनियापोलिस में एक मकान पर गिर गया। से प्लेन और मकान में भीषण आग लग गई। पार्क प्रवक्ता रिसिकट अडेसोगुन ने बताया है कि घर में रहने वालों को इस हादसे में कोई चोट नहीं आई है।



### धू-धू कर जल उठा घर

*जांचकर्ताओं ने कहा कि यह अभी तक पता नहीं चल पाया है कि सिंगल-इंजन सोकाटा टीबीएम7 विमान में कितने लोग सवार थे। ये साफ हो गया है कि यात्रियों में से कोई भी जीवित नहीं बचा है। शनिवार दोपहर को ये विमान 10792 काइन एवेन्यू पर एक घर से टकराया।*

## जय श्रीराम के जयघोष के साथ की हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग

# भगवा ध्वज, मंगल कलश शोभायात्रा से किया हिन्दू नववर्ष का स्वागत






**नारायणी सेना जाबालिपुरम ने किया आयोजन**

जबलपुर।

नारायणी सेना जाबालिपुरम के तत्वावधान में सनातन हिंदू नववर्ष चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 नव संवत्सर और चैत्र नवरात्रि के शुभ आगमन पर रविवार को पूज्य भगवा ध्वज, मंगल कलश शोभयात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा दमोहनाका हितकारिणी स्कूल, मिलौनीगंज, कोतवाली, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक होते हुए पुनः बड़ा फुहारा पहुंची। इस मौके पर सभी ने भगवा रंग की पगड़ी (साफा) पहनकर शोभायात्रा को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दू राष्ट्र बनाए जाने की भी मांग की गई। चैत्र नवरात्र के अवसर पर हिन्दू नववर्ष का स्वागत बड़े ही हर्षोल्लास के साथ नारायणी सेना जाबालिपुरम के द्वारा किया गया। इस दौरान भव्य भगवा ध्वज, मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। यहां पर भव्य शोभायात्रा का जय श्रीराम के जयघोष और शानदार आतिशबाजी के साथ समापन हुआ। भव्य शोभायात्रा संतों की अगुवाई में निकाली गई। जिसमें प्रमुख रूप से स्वामी राघवदेवाचार्य, नारायाणी सेना जालाबापुरिम प्रमुख सीताराम सेन आदि उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा के माध्यम से दिया संदेश

इस संबंध में नारायणी सेना जाबालिपुरम के प्रमुख सीताराम सेन ने बताया कि हर वर्ष चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर हिन्दू नववर्ष का स्वागत करने भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इस दौरान स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, नशामुक्त भारत, शक्तिशाली भारत का संदेश दिया गया, वहीं इस बार बटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे, का भी संदेश दिया गया।

### झांकियां रहीं शामिल

भगवा ध्वज, मंगल कलश शोभायात्रा के दौरान श्रीराम मंदिर की झांकी, दुर्गा माता की प्रतिमा, शंकर भगवान की प्रतिमा, गणेश भगवान की प्रतिमाएं सहित जीवंत झांकियां भी शामिल रहीं। शोभायात्रा में शामिल बैण्ड, ढोल, धमाल और कांसों के माध्यम से नववर्ष का स्वागत किया गया, जिसमें श्रीराम जी के भजन व हनुमान जी और माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। वहीं दुलदुल घोड़ी सहित भगवा ध्वज और भगवा वस्त्र शोभायात्रा में आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहे।

### शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

मंगलकलश शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया, जिन्होंने पुष्पवर्षा कर हिन्दू नववर्ष की बधाईयां देते हुए धर्मावलंबियों का स्वागत किया। आयोजन के द्वारा सभी धर्मावलंबियों ने भगवा वस्त्र धारण कर शोभायात्रा की गरिमा बढ़ाई।

## माता गुजरी कॉलेज के गणित विभाग द्वारा लेटेक्स पर वर्कशॉप संपन्न



**जबलपुर।** माता गुजरी कॉलेज के गणित विभाग द्वारा डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा और रजिस्ट्रार डॉ. सत्येंद्र कुररिया के मार्गदर्शन में तथा विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुनीता सोनी के निर्देशन में 24 मार्च से 28 मार्च 2025 तक पांच दिवसीय लेटेक्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को लेटेक्स की मूल बातों से लेकर उन्नत स्तर तक की जानकारी प्रदान की गई। इस वर्कशॉप के रिसोर्स पर्सन डॉ. रवि विश्वकर्मा, सहायक प्राध्यापक, गणित विभाग, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज जबलपुर से थे। वर्कशॉप में छात्राओं ने लेटेक्स के विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिनमें लेटेक्स की मूल बातें, गणितीय नोटेशन, ग्राफिक्स, चित्र और लेटेक्स के उन्नत विषय शामिल थे। वर्कशॉप में भाग लेने वाली छात्राओं ने शोध पत्रों और परियोजनाओं में लेटेक्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम होने पर संतुष्टि व्यक्त की। इस वर्कशॉप में गणित विभाग के सदस्य डॉक्टर कुलवंत कौर, डॉक्टर कल्पना मिश्रा, डॉक्टर शीतल यादव तथा मिसेज शमीम परवीन उपस्थित थे। डॉ. सुनीता सोनी ने कहा कि हमें विश्वास है कि यह वर्कशॉप हमारी छात्राओं को अपने शोध पत्रों और परियोजनाओं में लेटेक्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में मदद करेगी।

## पालतु पशु को घायल करने व जहर देने के प्रयास पर एसपी को ज्ञापन सौंपा

जबलपुर।



मैं अजय कुमार वर्मा पिता रामकुमार वर्मा, निवासी धनश्री रेसीडेन्सी म.नं.-86 कटंगी बाईपास रोड म.प्र. का स्थाई निवासी हूँ, यह कि दिनांक 22.03.2025 को समय सुबह के 6:50 के दौरान देवेश कुमार मेहरा व उनकी माता दोनों निवासी ब्लाक नं ए फ्लेट नं 304, धनश्री रेसीडेंसी अपार्टमेंट जबलपुर म.प्र के द्वारा मेरे 8 साल के बुजुर्ग कुत्ता (गब्बर) पशु के ऊपर एक लकड़ी के मोटे डंडे से वार किया गया था व मेरे पालतु पशु के शरीर पर व उसके कमजोर पैरों पर जानलेवा प्रहार किया गया था, जिससे मेरे कुत्ते को असहनीय दर्द व चोटें आयी हैं जो कि मेरे निवास के पते धनश्री रेसीडेन्सी म.नं.-86 कटंगी बाईपास रोड जबलपुर म.प्र. में लगे हुए सी.सी.टी.वी. कैमरा पर सब कैद हुआ है। यह कि उक्त दुर्घटना के तत्पश्चात देवेश कुमार मेहरा व उनकी माँ द्वारा उक्त परिसर के कई अन्य पशुओं के साथ भी दुर्व्यवहार व उसी डंडे से प्रहार किया गया था, जिसके चलते मोहल्ले के अन्य पशुओं को भी चोटें आयी हैं। यह कि उक्त घटना से मेरा 8 वर्षीय पशु बहुत ही मानसिक तौर से भयभीत हो चुका है, जिससे उससे न ही कुछ खाया जा रहा ठीक से और न ही घर के बाहर निकला जा रहा है यह कि किसी भी पशु के साथ क्रूरता करना या उसे चोटिल करना पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत दंडनीय अपराध है, एस.पी से मेरा निवेदन है कि उक्त दर्दनीय घटना को देखते हुए देवेश कुमार मेहरा व उनकी माता व अन्य लोग जो भी शामिल थे उनके खिलाफ जांच कर उचित वैधानिक व दंडनीय कार्यवाही की जाए जिससे उनके द्वारा मूक बेजुबान पशुओं को न्याय दिलाया जाए।



## बिहार-यूपी युवा महासंघ ने दी विदाई

**जबलपुर।** बिहार उत्तरप्रदेश युवा महासंघ ने अपने संघ के वरिष्ठ साथी विनोद कुमार उपाध्याय जो कि खमरिया के ईई अनुभाग में पदस्थ हैं उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी। साथ ही युवा साथी मुकेश कुमार का आयुध निर्माणी खमरिया से स्थानांतरण आयुध निर्माणी नालन्दा हुआ है, उन्हें भी विदाई दी गई। संस्था के अध्यक्ष शशि शेखर आर्या ने सभी का स्वागत किया, सचिव सत्यम कुमार ने आभार प्रगट किया, मंच संचालन अनिल गुप्ता ने किया। कोषाध्यक्ष रविकांत, राकेश रंजन, हरि ओम पाठक, संतोष सिंह, संगम कुमार, रविश रंजन, पंकज कुमार,अशोक सिंह, प्रमोद, धरतेश कुमार, विजय सिंह, भूपेंद आदि मौजूद रहे।

### हिंदू संस्कृति नववर्ष दर्शन यात्रा है सनातन संस्कृति का प्रतीक

जबलपुर। मां त्रिपुरा सुंदरी यात्रा, हिंदू नववर्ष एवं मां त्रिपुरा सुंदरी यात्रा प्रतिवर्ष अनुसार 6-6 माह में, प्रथम रविवार को यह यात्रा प्रारंभ होती है, स्टेडियम परिवार समस्त सदस्यों का एवं माता की झांकी का पूजन कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ स्वागत वंदन के साथ हर 6 माह में करता है, यात्रा में आने वाले लोगों को प्रसाद के रूप में स्वल्पाहार के रूप फल वितरित कर स्वागत किया जाता है, शहर के तमाम गणमाान्य नागरिक इस यात्रा में शामिल होते हैं। कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ के सदस्य एवं अध्यक्ष के द्वारा तिलक वंदन कर नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ लोगों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष धनंजय बाजपेई, विवेक कोहली, विजय गुप्ता, पवन गुप्ता, विजय साहू, संतोष पटेल, अंकित गुप्ता, इंजीनियर रविंद्र तिवारी, राहुल सेन आदि ने स्वागत किया।



## पांच प्याऊ का एक साथ हुआ उद्घाटन

### नए वर्ष शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के द्वारा लगातार सन 1984 से पांच प्याऊ से चलते हुए राहगीरों के लिए शुद्ध पानी पीने की व्यवस्था की जा रही है। जिसके अंतर्गत बड़ा फुहारा में, जमुना प्रसाद चौक गोलबाजार में, रानीताल से मदन महल रोड पर, बल्देवबाग चौक पर तथा दमोहनाका बधैया मोहल्ला रोड पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर प्याऊ प्रारंभ किए गए, वहीं नववर्ष शोभायात्रा का बड़ा फुहारा में स्वागत किया गया। 7 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से रात 9:00 तक जड़ी-बूटियां की हवन सामग्री सरयू मैया का जल का वितरण आज से प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, एडवोकेट सचिन अग्रवाल, अशोक पोद्दार, संस्कार आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति ने लिया प्रवासीय भारतीयों पर अमेरिका द्वारा की हुई क्रूरता के पत्र का संज्ञान

**जबलपुर।** अमेरिका ने प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी लगाकर भारतवासियों का अपमान किया था, जिस पर राष्ट्रपति को पत्र लिखकर शिकायत दी गई थी, जिस पर राष्ट्रपति द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए संज्ञान लिया गया और जल्द ही अमेरिका से बात कर ठोस निर्णय किये जाने का आश्वासन दिया गया। इसमें डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. आशीष डेंगरा, महेश ठाकुर, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, डॉ. अभिजीत जैन, डॉ. प्रशांत जैन, कमरुल इस्लाम ख़ान सहित अन्य शामिल हुए।



## धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा प्रगति संघ जबलपुर का होली मिलन समारोह

**जबलपुर।** रंगोत्सव के समापन के बाद भी शहरवासियों पर होली का खुमार चढ़ा है। जगह- जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुराना कंचनपुर में विश्वकर्मा प्रगति संघ के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सांस्कृतिक और लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रमों का समावेश रहा, कार्यक्रम के शुरू होने के पहले, मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहाणी ने भगवान श्री विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया, इस दौरान रीना ऋषि यादव (पार्षद), बलिराम विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, रामसेवक विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कवयित्री प्रभा विश्वकर्मा और उनकी टीम द्वारा एक से बढ़कर एक कविताओं की प्रस्तुति दी गई, जिसे सुन सभी समाज के लोग मंत्र मुग्ध हो गए। विश्वकर्मा समाज के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष परंपरा अनुसार होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है, इसका उद्देश्य समाज के लोगों को एकत्रित करना और त्योहारों की खुशियां साझा करना है। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वकर्मा महा संगठन के रविंद्र विश्वकर्मा, एडवोकेट ओपी विश्वकर्मा, बंटी विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, कैलाशपुरी विश्वकर्मा समाज से राम राज विश्वकर्मा, विश्वकर्मा प्रगति संघ के पदाधिकारी डॉ. जीपी शर्मा, राजू विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।




## हेल्थ केयर में 10 हजार करोड़ का निवेश

### मेडिसिन अपडेट 2025 सेमिनार में बोले उपमुख्यमंत्री शुक्ल

**जबलपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने यहां कहा की स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में मध्य प्रदेश ने प्राथमिकता से काम हो रहे हैं. देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की चिंता कर रहे हैं. श्री शुक्ल ने कहा कि मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार नए निष्कर्ष निकालने में सहायक होते हैं, जिससे नई पीढ़ी को इसका लाभ भी मिलता है। श्री शुक्ल यहां होटल विजन महल में एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के जबलपुर चेप्टर द्वारा आयोजन 26वें मेडिसिन अपडेट 2025 सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।
इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। मेडिकल कॉलेज में प्रदेश में एमबीबीएस की 10 हज़ार और पीजी में 5 हज़ार सीट की वृद्धि की जाएगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मध्य प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश हेल्थ केयर में किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि डॉक्टरों की क्वालिटी और मानक मानवता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समय के साथ उन्हें अपडेट रहना चाहिए और ऐसे सेमिनार से नई जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को सेवा भाव से कार्य कर समाज में उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए। उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया। समारोह में शामिल हुये वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि मेडिसिन अपडेट समय की मांग है। एलोपैथी में नई खोजों से पीड़ित मानवता की सेवा होती है। उन्होंने आयुष के क्षेत्र में हो रहे शोध कार्यों की भी सराहना की। इस दौरान एआईपी के प्रेसिडेंट डॉ. नवीन शर्मा, सचिव डॉ. अभिषेक तिवारी, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा और अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## हिन्दू एकता के लिए आज निकलेगी विशाल गदा यात्रा

### हिन्दू सेवा परिषद के स्थापना दिवस, हिन्दू नववर्ष पर भरेंगे हिन्दू राष्ट्र की हुंकार

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू सेवा परिषद् द्वारा स्थापना दिवस एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर श्री हनुमान मंदिर नौदराब्रिज से 31 मार्च को दोपहर 12 बजे ऐतिहासिक गदा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जगदगुरु राघव देवाचार्य महाराज एवं डॉ. स्वामी मुकुंददास महाराज एवं संस्कारधानी के समस्त संतजनों की अगुवाई में इस विशाल गदा यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया जाएगा। मुख्य अतिथि स्वामी दीपांकर महाराज (सहारनपुर), आनंद जब एवं आनंद जाखोटिया (हिन्दू जन जागृति) मुख्य रूप से शामिल होंगे। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि यात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र 31 फीट मिट्टी की गदा बैलगाड़ी में रहेगी, साथ ही भगवा ध्वज लिए हजारों हिन्दू राम भक्त यात्रा में शामिल होंगे। मुख्य अतिथि स्वामी दीपांकर महाराज सभी हिन्दुओं से हिन्दू होने की भिक्षा भी मांगेंगे और हिन्दू राष्ट्र की मांग को प्रबल बनाने संकल्पित होंगे। हिन्दू सेवा परिषद समस्त शहरवासियों से निवेदन करता है कि वे इस यात्रा में हजारों की संख्या में सम्मिलित होकर यात्रा को सफल बनाएं। गदा यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य अब भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है। गदा यात्रा में उपस्थिति की अपील अतुल जेसवानी, धीरज ज्ञानचंदानी, सौरभ जैन, उत्कर्ष रावत, नितिन सोनपाली, गौरव साहू, दीपक विश्वकर्मा, अनिल कुशवाहा, रवि कुशवाहा, उमेश रजक, विनय राजपूत, साहिल कुशवाहा, अक्षय शुक्ला, निखिल कनौजिया, जितेन्द्र कुमार, अभिषेक अहिरवार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने की है।

## श्रमदान कर पनागर परियट नदी में स्वच्छता, गहरीकरण कार्य किया

जबलपुर।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा 30 मार्च को निरंदपुर पनागर में परियट नदी में स्वच्छता, साफ सफाई एवं नदी गहरीकरण का कार्य नदी संरक्षण, पुनःजीवन जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी, विकासखंड समन्वयक भारत महरोलिया, नवांकुर संस्था अध्यक्ष जनहित स्वयंसेवी संस्था संजीत अहिरवार के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम प्रस्फुटन समिति निरंदपुर अध्यक्ष राजकुमार बर्मन, उप सरपंच चन्द्रप्रताप परिहार, ग्राम सचिव राजेश पटेल, समस्त प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं आशीष कुमार शुक्ला पिता स्व. अरूण कुमार शुक्ला यह घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री यशिका ईशानी शुक्ला पिता आशीष कुमार शुक्ला जिसका जन्म प्रमाण पत्र में यशिका शुक्ला लिखा है। जिसे आज दिनांक से बदलकर मैने अपनी पुत्री का नाम शैक्षणिक व निवासिक दस्तावेज के अनुसार यशिका ईशानी शुक्ला पिता आशीष कुमार शुक्ला रख लिया है। अतः आज दिनांक से मेरी पुत्री को शैक्षणिक व निवासिक दस्तावेजों के अनुसार जाना पहचाना पढ़ा लिखा जावे।
पुराना नाम-यशिका शुक्ला
पिता आशीष कुमार शुक्ला
नया नाम - यशिका ईशानी शुक्ला
पिता आशीष कुमार शुक्ला
पता- HN0402 राम आसरे भवन अरूण शुक्ला मार्ग गढ़ा फाटक जबलपुर (म. प्र.)

# बिलासपुर के कारीगरों ने की आकर्षक लाइटिंग चढ़ने-उतरने वाले भक्तों की अलग रहेगी कतार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव**

**नवरात्रि शुरू**

रविवार से नवरात्रि पर्व शुरू हो गई। देशभर के माता मंदिरों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। ऐसी ही विशेष व्यवस्था राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ शहर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में भी ट्रस्ट द्वारा की गई है। लाखों की संख्या में मंदिर पहुंचने वाले भक्तों के लिए इस बार चढ़ने एवं उतरने की अलग-अलत रास्ते निर्धारित कर दिए गए हैं। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा में तैनात होने वाले जवानों की संख्या में भी इजाफा किया गया है। इसके साथ ही मंदिर की सजावट को विशेष बनाने के लिए बिलासपुर के कारीगरों से आकर्षक लाइटिंग का काम कराया गया है। मंदिर मार्ग की सीढ़ियों से लेकर रास्ते में ऊपर मंदिर में रंग-बिरंगी एलईडी लाइट की सजावट विशेष है। इसके अलावा नीचे मंदिर में भी फूलों से सजावट कराई जा रही है। इस बार भी हर वर्ष की तरह प्रदेश के साथ ही देशभर एवं विदेश से भी भक्तों ने मंदिर में मनोकामना ज्योत रखने के लिए बुकिंग की है।

### घटना के बाद व्यवस्था बढ़ाई

ज्ञात हो कि पिछले नवरात्र में बम्लेश्वरी मंदिर में एक घटना में एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई थी। यही कारण है कि इस बार मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों के मंदिर जाने एवं वापस आने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित कर दिया है। डोंगरगढ़ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि भक्तों को इस बार मंदिर जाने के लिए जिग-जैग कतार में भेजा जा रहा है। वहीं वापसी के लिए भी अलग से रूट तय कर दिया गया है। जिससे एक स्थान में अधिक भीड़ न जमा हो पाए।



एक अप्रैल से प्रदेश की सभी मंडियों में किसानों को मिलेगा ई-मंडी एप का लाभ

# किसानों को अब मंडी गेट पर नहीं करना पड़ेगा इंतजार, स्वयं बना सकेंगे मोबाइल से प्रवेश पर्ची

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल**



मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) अपनी महत्वपूर्ण योजना ई-मंडी योजना का विस्तार प्रदेश की समस्त 259 मंडियों में करने जा रहा है। पूर्व से ई-मंडी योजना 83 मंडियों में क्रियाशील थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंडियों को सर्वसुविधायुक्त एवं किसान के लिए प्रक्रिया सरल बनाने के निर्देश और मंडी बोर्ड के अध्यक्ष कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना के मार्गदर्शन पर उक्त योजना का प्रसार प्रदेश की समस्त मंडियों में किया जा रहा है। ई-मंडी योजना एंड्राईड एवं वेब एप्लीकेशन आधारित है, जिसे किसान अपने एंड्राइड मोबाइल पर निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है कि वह मंडी आने से पहले मंडी में अपनी स्वयं की प्रवेश पर्ची अपने मोबाइल से बना सकते हैं। एक बार प्रवेश पर्ची बन जाने पर बार-बार उन्हें अपना संपूर्ण डाटा मंडी में देने की आवश्यकता नहीं रहेगी। प्रवेश पर्ची बन जाने से किसान सीधे मंडी प्रांगण के नीलामी स्थलों पर जाकर अपनी कृषि उपज की नीलामी करा सकते हैं। ई-मंडी एप्लीकेशन पर किसानों की सुविधा के लिए एक नवीन फीचर जोड़ा गया है इसमें किसान मंडी में आने से पहले अपनी प्रवेश पर्ची स्वयं बना सकते हैं और साथ ही साथ प्रवेश पर्ची बनाते समय वह यह भी देख सकते हैं कि आज अमुख मंडी में कितने प्रवेश हो चुके है (कितने प्रवेश बन चुके हैं)।

### व्यापारी को भी भुगतान पत्रक बनाने की आवश्यकता नहीं

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री निर्देश पर मंडियों को हाईटेक बनाने यह लक्ष्य रखा गया है कि 1 अप्रैल 2025 से सभी 259 मंडियां ई-मंडी के रूप में कार्य करें। उक्त कार्य को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किए ने पर प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम साहब, चीफ प्रोग्रामर संदीप चौबे, सहायक संचालक योगेश नागले, एएसआई नीलेश पंथी तथा एनआईसी भोपाल के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक मुशर्रफ सुल्तान की प्रशंसा करते हुए सभी मंडियों को ई-मंडी योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया।

#### पीओएस मशीन से अनुबंध होगा उपलब्ध

नीलामी की कार्यवाही में भी किसानों को पीओएस मशीन से अनुबंध उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसकी जानकारी किसानों को अपने मोबाइल पर भी प्राप्त होगी। तुलावटी भाइयों को ई-मंडी योजना का प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे वह तौल कट्टे के स्थान पर अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर की गई तौल का फाइनल वजन दर्ज करेंगे और उन्हें कोई भी जानकारी लिखने की आवश्यकता नहीं रहेगी। साथ ही व्यापारी को भी भुगतान पत्रक बनाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। ई-मंडी योजना में व्यापारी की आईडी पर भुगतान पत्रक बना बनाया प्रदर्शित होगा। व्यापारी को उनके द्वारा किसानों को किये जा रहे भुगतान की सिर्फ एंट्री ही करनी होगी।

## अदानी-पीजीटीआई गोल्फ प्रशिक्षण अकादमी का शुभारंभ



**अहमदाबाद।** अदानी समूह भारत में पुरुषों के पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मंजूरी देने वाली संस्था प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के साथ साझेदारी में 'अदानी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप 2025' के शुभारंभ के साथ भारतीय पेशेवर गोल्फ में प्रवेश करने के लिए तैयार है। अदानी समूह की इस पहल का उद्देश्य गोल्फ की पहुंच को बढ़ावा देना और व्यापक बनाना तथा मुख्य धारा के खेल के रूप में इसकी स्थिति को ऊपर उठाना और साथ ही भारत से वैश्विक चैंपियन की अगली पीढ़ी को तैयार करना है। यह साझेदारी अहमदाबाद के बेल्वेडियर गोल्फ एंड कंट्री क्लब में अदानी-पीजीटीआई संयुक्त गोल्फ प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना तक विस्तारित है।

## 2 अप्रैल से नया रोस्टर, चार डिवीजन और 16 सिंगल बेंच

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में 2 अप्रैल से नए रोस्टर से सुनवाई होगी। अब 4 डिवीजन बेंच और 16 सिंगल बेंच अलग-अलग मामलों की सुनवाई की जाएगी। नए रोस्टर के अनुसार पहली डिवीजन बेंच में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा सभी रिट मामले, पीआईएल, रिट अपील, क्रिमिनल रेफरेंस, हबियस कार्पस आदि की सुनवाई करेंगे। दूसरी डीबी में जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस दीपक कुमार तिवारी, तीसरी डीबी में जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल और चौथी डिवीजन बेंच में जस्टिस रजनी दुबे व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की बेंच मामलों की सुनवाई करेगी। इसके अलावा सुनवाई के लिए 16 सिंगल बेंच गठित किए गए हैं।

# गांजा तस्करी के लिए दो बच्चों ने स्कूटी से किया 722 किलोमीटर का सफर

## गाजीपुर के 2 बच्चों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर**



पारिश्रमिक की लालच में आकर 19 वार्षीय और 17 वर्षीय बालक ने बनारस से लेकर ओडिशा के सम्बलपुर तक 577 किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद वापसी में 145 किलोमीटर का सफर ही तय कर पाए थे कि जशपुर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के घात में दोनो बच्चे फंस गए।

नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर तपकरा पुलिस ने 15 किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। तस्कर अपना रहे तस्करी के नए- नए हथकंडे लेकिन पुलिस की मुखबिरी तंत्र के सामने सब फेल हो जा रहा है। तस्कर ओडिशा राज्य से अवैध मादक पदार्थ गांजा को स्कूटी में छुपाकर ओडिशा से उत्तर प्रदेश की ओर ले जा रहे थे। जब्त अवैध मादक पदार्थ गांजा की बाजार में कीमत तीन लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है। मामला थाना तपकरा क्षेत्रांतर्गत की है। जानकारी के अनुसार 28 मार्च को तपकरा पुलिस को मुखबिर के जरिए एक पुख्ता सूचना मिली कि दो व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की एक स्लेटी कलर की जुपिटर स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा को छुपाकर ओडिशा राज्य से तपकरा, कुनकुरी के रास्ते से होते हुए अवैध गांजा को बिक्री करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम बनाकर तपकरा से कुनकुरी मार्ग के बीच साजबहार बिट्टू ढाबा के पास मेन रोड में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग के दौरान स्कूटी की डिक्की को चेक करने पर उसमे 4 पैकेट में भूरे रंग के टेप से लिपटा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।

## पुलिस ने दबिश देकर जब्त की एमपी की 27 लाख की शराब

# फार्म हाउस के तलघर में मिली अवैध शराब की बाटलिंग यूनिट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़**



अवैध शराब का गढ़ बन चुके राजनांदगांव जिले में तस्करों ने बाटलिंग यूनिट का भी अवैध संचालन शुरू कर दिया है। डोंगरगढ़ के करवारी गांव के करीब एक फार्म हाउस के तल घर में संचालित अवैध बाटलिंग यूनिट में पुलिस ने छापामार कर मध्यप्रदेश की करीब 27 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है। तस्करों द्वारा यहां मध्यप्रदेश से अवैध शराब की तस्करी करने के बाद इस बाटलिंग यूनिट में छत्तीसगढ़ का लेबल और सील लगाकर इसे बेचा जा रहा था। इस गोरखधंधे का खुलासा होने के बाद आबकारी महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस ने शनिवार सुबह डोंगरगढ़ के करवारी-लतमर्रा जानी वाली कच्ची सड़क में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में दबिश दी, जहां छापामार कार्रवाई के दौरान 3888 बल्क लीटर शराब के साथ-साथ अवैध बाटलिंग यूनिट का पर्दाफाश हुआ। फार्म हाउस के तल घर के नीचे पुलिस को सैकड़ों खाली शीशी मिली। जिसमें कोई स्टीगर नहीं लगा था। गोवा व्हीस्की का स्टीगर 180 एमएल शीशी में लगाने वाली व एक बंडल सील का रोल भी मौके पर बरामद किया गया।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि तल घर में अवैध बाटलिंग यूनिट का संचालन किया जा रहा था। मौके पर जो सामान बरामद किए गए हैं, उससे यह स्पष्ट है कि वहां दीगर राज्यों से शराब को लाकर खाली शीशी में छग का लेबल और सील लगाकर उसे अवैध रूप से बेचने का काम किया जा रहा था।डोंगरगढ़ टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि फार्म हाउस में अवैध बाटलिंग यूनिट के साथ-साथ मध्यप्रदेश की 3888 बल्क लीटर शराब भी जब्त की गई है। जिसमें साढ़े तीन सौ नग पेटी गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब प्रत्येक बोतल में साढ़े सात सौ एमएल भरी हुई मिली।

### आरोपी फरार

पुलिस की छापामार कार्रवाई के पहले ही फार्म हाउस से आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू पिता रमेश नेताम निवासी डोंगरगढ़ फरार हो गया था। पुलिस ने डोंगरगढ़ के कुछ इलाकों में दबिश देकर धरपकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34, 2, 59 क आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज किया है।

### शराब में पानी मिलाने की आशंका

*फार्म हाउस में चल रहे अवैध बाटलिंग यूनिट में एमपी की शराब से यहां पानी मिलाकर उसे खाली बोतल में छग की सील और मुहर लगाकर बेचे जाने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने शराब की जांच पड़ताल के लिए आबकारी महकमे को इसकी जानकारी दी है।*

### आरोपी की तलाश जारी

*फार्म हाउस में दबिश देकर 27 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की गई है। आरोपी द्वारा एमपी की शराब को खाली बोतल में भरकर उसमें छग की सील और मुहर लगाकर बेचा जा रहा था। आरोपी को गिरफ्तार करने टीमें रवाना की गई है।*

*—मोहित गर्ग, एसपी*

### मोदी थाईलैंड, श्रीलंका की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा पर जाएंगे, जिसमें भारत की नई घोषित 'महासागर नीति' के तहत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और स्थिर तथा समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए दृष्टिकोण पर व्यापक ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### यशु-यशु वाला पादरी बजिंदर को सजा 1 अप्रैल को

**मोहाली।** चमत्कार से बीमारियां ठीक करने का दावा करने वाले पादरी बजिंदर सिंह पर महिला से यौन उत्पीड़न मामले में शुक्रवार को मोहाली कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने पादरी को दोषी करार दे दिया है। कोर्ट 1 अप्रैल को सजा पर फैसला सुनाएगा। महिला से रेप करने के मामले में नामजद पास्टर बजिंदर सिंह सोमवार को अदालत में पेश हुआ था। उस दिन की पेशी के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। आज यानी शुक्रवार (28 मार्च) को केस की सुनवाई हुई और पादरी को दोषी करार दिया।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

# मस्क ने 'एक्स' को अपनी ही कंपनी एक्सएआई को बेचा

## 33 अरब डॉलर में बेचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने अपने स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' को अपनी ही कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर में बेचने की घोषणा की है। हिस्सेदारी अधिग्रहण के रूप में हुए इस सौदे में शामिल दोनों कंपनियां निजी तौर पर संचालित हैं। इसका मतलब है कि उन्हें इस सौदे से जुड़े वित्तीय पहलू का खुलासा सार्वजनिक करने की ज़रूरत नहीं है। मस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि यह कदम एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को तलाशने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का मूल्य 33 अरब डॉलर आंका गया है। टेस्ला एवं स्पेसएक्स कंपनियों के मुखिया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार मस्क ने वर्ष 2022 में ट्विटर नामक साइट को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। उन्होंने इसकी नीतियों में बदलाव करने के साथ इसका नाम भी बदलकर 'एक्स' कर दिया था। उन्होंने एक साल बाद कृत्रिम मेधा पर आधारित मंच एक्सएआई को भी पेश किया था।

**एक्सएआई और एक्स का भविष्य जुड़ा हुआ**

मस्क ने कहा, एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है। हम आधिकारिक तौर पर इनके डेटा, मॉडल, कंप्यूटर, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाएं पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि साझा कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के मूल मिशन के प्रति सच्चा रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी।

### वायुसेना के इंजीनियर की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाने की एयरफोर्स कॉलोनी में शनिवार की सुबह वायुसेना के सिविल इंजीनियर एस एन मिश्रा (51) की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी जब वह अपने कमरे में सो रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर /14/अप्रैल 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों ... में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5821



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5820 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | टा | ■ | द | वा | खा | ना |
| ■ | क्ष्य | ■ | व | ■ | ल | क | वा | ■ | र | ज |
| ज | ■ | ■ | कु | सु | म | ■ | त | ■ | ■ | नी |
| ब | द | मा | श | ■ | टो | ना | ■ | सौ | त | न |
| र | ■ | हि | ■ | फा | ल | ■ | प्रा | ■ | न | ■ |
| न | ग | र | वा | सी | ■ | ग | ण | ना | य | क |
| ■ | र | ■ | द | ■ | मा | ली | ■ | पा | ■ | ल |
| अ | ल | ग | ■ | म | न | ■ | चौ | की | दा | र |
| प | ■ | ■ | चि | ■ | सि | स | की | ■ | ■ | व |
| रा | ज | ■ | क | न | क | ■ | दा | ■ | मे | ■ |
| ध | ड़ | क | न | ■ | ता | ■ | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल - 5831

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5830 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |



# मैं तिकड़मी निर्माताओं के साथ काम नहीं कर सकता : सुदीप्तो

**मुंबई।** निर्देशक सुदीप्तो सेन को पूरी दुनिया में फिल्म 'द केरल स्टोरी'से जो शोहरत मिली है, वह किसी भी निर्देशक के लिए ईर्ष्या का विषय हो सकती है। वह दिन रात नए कलाकारों और नए तकनीशियनों की खोज में रहते हैं। मुद्दा आधारित फिल्में बनाने वाले निर्देशकों को भी अपना मंच प्रदान करने में नहीं हिचकते। वह मानते हैं कि बाहर से आकर हिंदी सिनेमा में अपनी जगह बनाना आसान नहीं है। मुश्किल वह ये भी स्वीकार करते हैं कि नए विचारों को और नए लोगों को हिंदी सिनेमा आसानी से स्वीकार नहीं करता है। मेरी कोशिश रही है कि मैं उन्हीं निर्माताओं के साथ काम करूं जो मेरी रचनात्मक स्वतंत्रता को स्वीकार करें। ऐसे निर्माताओं के साथ काम करने में मुझे घुटन होती है।

लाइफ Style



# प्रियंका

## पिंकसिटी जयपुर में शाही स्वागत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हाल ही में जयुपर पहुंची, जहां वह किसी प्रोफेशनल काम के लिए पहुंची थीं। प्रकृति से जुड़ी तस्वीरों ने उनके प्रशंसकों में उत्साह पैदा कर दिया है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर जयपुर, राजस्थान से जुड़ी तस्वीरें और वीडियोज साझा किए हैं।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फ्लाइट के अंदर से बाहर के वातावरण की एक तस्वीर शेयर की है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा खूबसूरत जयपुर। इसके अलावा उन्होंने शाही भवनों की तस्वीरें भी साझा कीं हैं। एक वीडियो में मधुर सुर में बांसुरी बजाता हुआ एक व्यक्ति दिख रहा है, जिसे उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं अभिनेत्री ने इस खूबसूरत वातावरण में एक मोर का नाचते हुए भी वीडियो शेयर किया है, जो प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है। प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपने पति निक जोनास और बेटी मालती से जुड़े पोस्ट शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी मालती की सोते हुए एक पोस्ट शेयर किया था। अभी कुछ महीनों पहले अभिनेत्री अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में शामिल हुईं थी, जहां से कई खूबसूरत तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं थीं। अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगी, जिसमें वह महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ दिखेंगी। इसके अलावा प्रियंका के पास 'द ब्लफ' और 'हेड्स ऑफ स्टेट' जैसी फिल्में भी हैं, जिसके तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर अकादमी को मांगनी पड़ी माफी

**लॉस एंजिल्स।** यहूदियों द्वारा ऑस्कार विजेता हमदान बल्लाल पर हिंसक हमला किया गया था और उन्हें इजरायली सेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले पर अकादमी द्वारा मामले का समर्थन ना करने और उनका नाम ना लेने के लिए सैकड़ों सदस्यों द्वारा विरोध किया गया था। विवाद बढ़ता देख अकादमी ने माफी मांग ली है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने बीते बुधवार को इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, लेकिन उन्होंने हमदान बल्लाल का सीधे तौर पर नाम नहीं लिया। इस वजह से इसपर जांच शुरू हो गई थी।



# 'रीचर' की तीसरी किस्त के दौरान बेसुध हुए एलन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर रिचसन इन दिनों अपनी सीरीज 'रीचर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह दर्शकों की पसंदीदा एक्शन सीरीज में से एक है, जो अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। हाल ही में, रिचसन ने सीरीज के आखिरी एपिसोड में एक एक्शन सीन के दौरान बेसुध होने की बात कबूली है। एएनआई की एक खबर के मुकाबिक, रिचसन ने कहा कि एक सीन के दौरान उन्हें उठाकर मेज पर जोर से पटक दिया गया, जिससे वह डेढ़ दिन तक बेहोश रहे। जब वह होश में आए, तो उन्हें अपने बच्चों को यह बताना पड़ा कि वह ठीक हैं, क्योंकि उस सीन के दौरान उनके बच्चे भी सेट पर मौजूद थे और वह नहीं चाहते थे कि वे डर जाएं। उन्होंने इसे अपने जीवन का सबसे बुरा पल बताया। रिचसन ने आगे बताया कि उनकी टीम इस सीन के खिलाफ थी, क्योंकि उन्हें चोट लगने का डर था।



# चर्चा में नुसरत व सोहा का हॉरर अवतार

**मुंबई।** नुसरत भरूचा की साल 2021 में आई फिल्म 'छोरी' को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म की सस्पेंस-थ्रिलर से भरी कहानी में हॉरर भी था और ड्रामा भी। फिल्म का पहला पार्ट इतना पसंद किया गया कि अब इसका दूसरा पार्ट भी अनाउंस कर दिया गया है। नुसरत ने खुद एक सोशल मीडिया पोस्ट करके अपने फैंस और फॉलोअर्स को इस फिल्म की अगली कड़ी के बारे में बताया है। नुसरत भरूचा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। खौफ की अभी तो बस शुरुआत हुई है।' नुसरत ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं जिनमें फिल्म की शूटिंग के दौरान की कुछ झलकियां दिखाई हैं। फोटोज में नुसरत भरूचा तो नजर आ ही रही हैं, लेकिन इसके साथ-साथ एक तस्वीर में सोहा अली खान भी हॉरर अवतार में दिखाई पड़ रही हैं।



# 'सिकंदर' रिलीज होने से पहले ही हुई लीक

**मुंबई।** हाल ही में 'सिकंदर'रिलीज से कुछ घंटे पहले ही फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई। एआर मुरुगदास निर्देशित फिल्म 'सिंकदर' का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था, जो अब सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को लगभग 600 साइटों पर लीक कर दिया गया था, जो निर्माताओं की नींद उड़ाने वाली बात है। ट्रेड एनालिस्ट ने 'सिकंदर' के ऑनलाइन लीक होने पर एक्स पर ट्वीट किया कि किसी भी निर्माता के लिए यह कृत्य खराब सपने जैसा है। यह फिल्म मेकर्स को महंगा पड़ सकता है। आखिर फैंस के लंबे इंतजार के बाद 30 मार्च को सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' सिनेमाघरों में रिलीज कर दी गई है। इस पर फैंस के रिएक्शन आने लगे हैं, बहुत से फैंस इसे पैसा वसूल और सलमान खान की परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं।

## टीवी मसाला




# केबीसी के अगले सीजन के लिए अमिताभ बच्चन तैयार

नई दिल्ली। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि 'कौन बनेगा करोड़पति' के अगले सीजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं और 'पहला कदम' प्रोमो है। एक्टर ने अपने ब्लॉग पर लिखा, "काम ही व्यक्ति के भाग्य का निर्धारक है और अगले सीजन के लिए शो की तैयारियां पूरी गंभीरता से शुरू हो गई हैं, इसलिए पहला कदम रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रण का प्रोमो होगा।' उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट पर तीन तस्वीरें भी शेयर कीं। एक तस्वीर में वह सोफे पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उन्होंने बताया कि किस तरह वह फिल्म या सीरीज देखते हुए पूरी तरह तल्लीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह सभी के साथ होता है या सिर्फ मेरे साथ होता है। जब हम कोई फिल्म या टीवी सीरीज देखते हैं, तो उसमें तल्लीनता का प्रतिशत इतना बड़ा होता है कि कुछ समय बाद आप फिल्म के किरदार की तरह बनने और व्यवहार करने लगते हैं। मेगास्टार ने 24 मार्च को लोगों की जान बचाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया. इस सहयोग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पूरे देश में जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है। यह सहयोग मंत्रालय के चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान का हिस्सा है, जिसमें बिग बी लोगों से सड़कों पर अधिक जागरूक और जिम्मेदार होने का आग्रह कर रहे हैं।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से पूरी तरह कटा दिशा का पत्ता

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रही हैं, लेकिन उनका सबसे मशहूर किरदार 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की 'दया बेन' का रहा है। उन्होंने 2017 में शो छोड़ दिया था। इसके बाद कई



बार उनकी वापसी की खबरें आईं, लेकिन हर बार वह महज अफवाह साबित हुईं। अब शो में दया बेन की वापसी की खबरें फिर सामने आई हैं, लेकिन दिशा वकानी के रूप में नहीं, बल्कि नए कलाकार की कास्टिंग की खबरें सामने आई हैं। अब कथित तौर पर निर्माताओं ने दिशा का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है। इससे पहले शो के निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। असित नई दया बेन की तलाश में थे और हाल ही में एक ऑडिशन ने उन्हें काफी प्रभावित किया। अभिनेत्री के साथ मॉक शूट चल रहे हैं।

# वो टॉप हीरोइन जिसे शादीशुदा मर्द से हुई मोहब्बत, अकेले गुजार दी पूरी जिंदगी...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर में कई अभिनेत्रियों ने अपनी चमक बिखेरी, लेकिन आशा पारेख (**Asha Parekh**) का जादू कुछ अलग था. 60 और 70 के दशक में वह न सिर्फ सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक थीं, बल्कि उन चंद कलाकारों में भी शामिल थीं, जो अपने समय की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस थीं। उनकी अदाकारी, खूबसूरती और सादगी ने दर्शकों के दिलों पर राज किया, लेकिन निजी जिंदगी में वह हमेशा अकेली रहीं। क्या है एक्ट्रेस की कहानी, चलिए आपको बताते हैं।



***ताउम्र कुंवारी रहीं आशा पारेख :*** आशा पारेख ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे हिंदी सिनेमा की शीर्ष अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं। उन्होंने धर्मेंद्र, राजेश खन्ना, शम्मी कपूर जैसे दिग्गज सितारों के साथ कई सुपरहिट फिल्में दीं। 'कटी पतंग', 'तीसरी मंजिल', 'आन मिलो सजना', 'प्यार का मौसम' जैसी फिल्मों ने उन्हें इंडस्ट्री में अटूट पहचान दिलाई। लेकिन ,जब बात उनकी निजी जिंदगी की आई, तो उन्होंने शादी नहीं करने का फैसला लिया। एक इंटरव्यू में आशा पारेख ने अपनी जिंदगी के इस पहलू पर खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया कि उन्हें एक ऐसे व्यक्ति से प्यार हो गया था जो पहले से शादीशुदा था। लेकिन, वह किसी और के घर को तोड़ने या दूसरी औरत बनने के लिए तैयार नहीं थीं। यही वजह थी कि उन्होंने ताउम्र अकेले रहने का निर्णय लिया और आज भी वह अपने फैसले से खुश हैं।

***ऑटो बायोग्राफी में किया है खुलासा :*** अपनी आत्मकथा 'आशा पारेखः द हिट गर्ल' में भी उन्होंने इस बारे में लिखा है। किताब के लॉन्च इवेंट में उन्होंने कहा था, 'शादियां ऊपर से तय होती हैं और शायद भगवान मेरी जोड़ी बनाना ही भूल गए'। एक्ट्रेस की मानें तो उनके जीवन में शादी का संयोग ही नहीं बना और उन्होंने अकेले रहने का ऑप्शन चुना। आशा पारेख की जिंदगी में स्टारडम की चमक तो थी, लेकिन उनकी निजी दुनिया में सन्नाटा भी था। उन्होंने इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया और तकरीबन 95 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।

# फौज की नौकरी छोड़कर बने गीतकार, अकेले ही लिख डाले चार हजार से भी अधिक गाने

*__नई दिल्ली।__ भारत को अगर गीतों का देश कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। आपको यहां हर मौसम, हर भावना, हर परिस्थिति पर गीत मिल जाएंगे। हंसने पर गीत, रोने पर गीत, जीवन पर गीत, पैदा होने पर गीत यहां तक कि मरने पर भी गीत। हर मौसम के गीत हैं, सर्दी पर, गर्मी पर, बसंत पर और बरसात पर। इसलिए इस देश को गीतों का देश कहने में कोई गुरेज नहीं। ऐसे में देश में एक गीतकार ऐसा भी हुआ है, जिसने इन सभी परिस्थितियों, सभी भावनाओं और सभी मौसमों पर गीत लिखे हैं और अपने लगभग पांच दशक लंबे करियर में तकरीबन चार हजार से भी अधिक गीत लिखे हैं। ये शख्सियत हैं हिंदी सिनेमा के दिग्गज गीतकार आनंद बक्शी। 21 जुलाई 1930 को रावलपिंडी में जन्मे इस गीतकार ने अपनी जिंदगी में पार्टीशन से लेकर मायानगरी मुंबई में धक्के खाने तक सबकुछ झेला है। उसके बाद चखा है अपार सफलता का स्वाद और अगर आज ये कहा जाए कि बॉलीवुड की तकरीबन 80 प्रतिशत फिल्मों के गीत अकेले आनंद बक्शी ने लिखे हैं, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। 30 मार्च 2002 को इस महान गीतकार की कलम हमेशा के लिए रुक गई। रविवार को आनंद बक्शी साहब की 23वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर जानते हैं आनंद बक्शी से जुड़े कुछ अनकहे किस्से और संघर्ष से लेकर सफलता तक का उनके सफर के बारे में।*



***14 साल में की नेवी में नौकरी :*** *आनंद बक्शी को शुरू से ही फिल्मों और गानों का बड़ा शौक था। शुरूआती शिक्षा के बाद ही आनंद बक्शी को नौकरी करनी पड़ गई। वो महज 14 साल की उम्र से ही नौकरी करने लगे और नौकरी भी मिली तो रॉयल नेवी में। अब 14 साल का बच्चा नेवी में क्या ही काम करता, तो ऐसे ही छोटे-मोटे काम करता था। हालांकि, दो साल बाद नेवी में भारतीयों के बगावत करने पर आनंद बक्शी को नेवी से निकाल दिया गया।*

***नौकरी छोड़कर आए मुंबई नहीं मिला काम तो लौट गए वापस :*** *नेवी से निकाले जाने के बाद आनंद बक्शी पार्टीशन में भारत आ जाते हैं और बाद में आर्मी में शामिल हो जाते हैं। आनंद बक्शी फौज में शामिल तो हो गए लेकिन उनका मन अभी भी शायरी और गीतकार बनने में ही लगा था। इसलिए फौज की नौकरी छोड़कर वो 1951 में मुंबई चल दिए फिल्मों में गीत लिखने। हालांकि, कुछ महीनों साल तक मुंबई की सड़कों पर घूमते रहे और फुटपाथों पर धक्के खाने के बाद उन्हें ये एहसास हो गया कि फिल्मों में गीत लिखना और गीतकार बनना इतना आसान नहीं है। इसलिए वो वापस अपने घर लौट गए और फिर से फौज में शामिल हो गए। इस दौरान घर वालों ने उनकी शादी भी करा दी। हालांकि, उनका मन अभी भी फिल्मों और गाने लिखने में ही लगा था।*

## बजरंगी भाईजान का गाना 'आज की पार्टी' को ईद पर खूब सुनते हैं लोग

# ईद के जश्न में चार चांद लगा देंगे बॉलीवुड के ये गाने, झूमने पर करेंगे मजबूर

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की कई फिल्मों में ईद के सीन दिखाए गए हैं। कई गाने हैं जो ईद के मौके पर बजाए जाते हैं। इन गानों को बजाकर लोग ईद मनाते हैं। एक दूसरे को मुबारकबाद देते हैं और सेवई खाते हैं। आज हम आपके सामने पेश कर रहे हैं वो गाने जो ईद पर सबसे ज्यादा बजाए जाते हैं।*



### मुबारक ईद मुबारक (तुमको न भूल पाएंगे)

साल 2001 में आई फिल्म 'तुमको न भूल पाएंगे' का गाना 'मुबारक ईद मुबारक' ईद के मोके पर खूब बजाया जाता है। गाने में सलमान खान और सुष्मिता सेन ने जबरदस्त डांस किया है। फिल्म में सलमान खान और दिया मिर्जा ने बेहतरीन अदाकारी भी की थी।

### चांद नजर आ गया (हीरो हिंदुस्तानी)

साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म हीरो हिदुस्तानी का गाना चांद नजर आ गया लोगों की जुबान पर चढ़ा रहता है। इसे ईद पर खूब सुना जाता है। इस गाने को सोनू निगम और अल्का यागनिक ने आवाज दी है। गाने पर असद वारसी और नमरता शिरोडकर ने अदाकारी की है।




### वल्लाह रे वल्लाह (तीस मार खान)

वल्लाह रे वल्लाह गाना धमाकेदार म्यूजिक और जबरदस्त डांस से भरपूर है। ये गाना ईद के जश्न में चार चांद लगाता है। यह गाना साल 2010 में आई फिल्म 'तीस मार खान' का है। फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस गाने ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गाने पर सलमान खान, अक्षय कुमार और कटरीना कैफ ने बेहतरीन डांस किया है।



### बाकी सब फर्स्ट क्लास है (कलंक)

बाकी सब फर्स्ट क्लास है गाना (कलंक) फिल्म का है। यह गाना ईद को और खास बना देगा। गाने के बोल बहुत अच्छे है। गाने को अरिजित सिंग ने गाया है। गाने पर वरुण धवन ने बेहतरीन डांस किया है।

### यूं शबनबी (सांवरिया)

'सांवरिया' फिल्म का ये गाना भी ईद के मौके पर सुना जाता है। इस गाने में रणबीर कपूर और सोनम कपूर ने अदाकारी की है। गाने में ईद के दृष्य भी दिखाए गए हैं। मोंटी शर्मा ने इस गाने को लिखा है और पार्थिव गोहिल ने इसे गाया है।






### आज की पार्टी (बजरंगी भाईजान)

'बजरंगी भाईजान' का गाना आज की पार्टी भी ईद पर सुना जाने वाला गाना है। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है और मीका सिंह ने इसे आवाज दी है। गाने में सलमान खान और करीना कपूर बेहतरीन डांस करते हैं।

### जुमे की रात (किक)

ईद पर फिल्म 'किक' का गाना जुमे की रात भी अच्छा एहसास देता है। इस गाने में जैकलीन फर्नांडीज और सलमान खान ने बेहतरीन अदाकारी की है। गाने को मीका सिंह और पलक मुच्छल ने आवाज दी है। गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। गाना काफी जोशीला है।

### चांद सिफारिश (फना)

ये खूबसूरत गाना फिल्म 'फना' का है। फिल्म में आमिर खान ने काजोल के साथ बेहतरीन अदाकारी की है। गाने में आमिर चांद की तारीफ करते हैं। इस गाने को शान और कैलाश खेर ने गाया है। गाने को जतिन ललित ने कंपोज किया है। इस गाने को ईद पर लोग खूब सुनते हैं।




# आईपीएल : शुभमन का टूटा रिकॉर्ड, दशक में सबसे ज्यादा रन डुप्लेसिस के नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2025 के 10वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के उप-कप्तान व ओपनर बल्लेबाज फॉफ डुप्लेसिस ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। डुप्लेसिस ने इस मैच में 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और 27 गेंदों पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली और फिर आउट हो गए।

ये उनके आईपीएल क्रिकेट करियर का 38वां अर्धशतक रहा। फॉफ डुप्लेसिस इस पारी के बाद आईपीएल में इस दशक में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने तो वहीं हैदराबाद के युवा बैटर अनिकेत ने इस लीग के 10 मैचों में इस लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए और श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया।



### डुप्लेसिस के नाम 2797 रन

*आईपीएल में इस दशक में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर की लिस्ट में डुप्लेसिस पहले नंबर पर आ गए। इस दशक में यानी साल 2020 से आईपीएल में डुप्लेसिस ने अब तक 2797 रन बनाए हैं जबकि शुभमन गिल ने इस दशक में इस लीग में अब तक 78 पारियों में 2788 रन बनाए हैं। वहीं इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर केएल राहुल हैं जिन्होंने 66 पारियों में अब तक 2721 रन बनाए हैं।*



### दशक में सबसे ज्यादा रन

| रन | खिलाड़ी | पारी |
|---|---|---|
| 2797 | फाफ डु प्लेसिस | 75 |
| 2788 | शुभमन गिल | 78 |
| 2721 | केएल राहुल | 66 |
| 2682 | विराट कोहली | 77 |
| 2433 | ऋतुराज गायकवाड़ | 67 |
| 2289 | जोस बटलर | 63 |

### 2025 में सबसे ज्यादा छक्के

| छक्के | खिलाड़ी | गेंद |
|---|---|---|
| 13 | निकोलस पूरन | 56 |
| 12 | अनिकेत वर्मा | 57 |
| 9 | श्रेयस अय्यर | 42 |
| 8 | मिशेल मार्श | 67 |
| 8 | साई सुदर्शन | 82 |

### अनिकेत ने अय्यर को पीछे छोड़ा

*अनिकेत वर्मा ने दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में हैदराबाद के लिए 74 रन की पारी खेली जिसमें 6 छक्के और 5 चौके लगाए। इन 6 छक्कों की पारी के दम पर अनिकेत इस सीजन के पहले 10 मैचों तक सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। अनिकेत ने अब तक खेले 3 मैचों में 12 छक्के लगाए हैं जबकि उन्होंने श्रेयस को पीछे छोड़ा जिन्होंने अब तक कुल 9 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में निकोपस पूरन 13 सिक्स के साथ पहले स्थान पर हैं।*

खास खबर

## मुंबई को पहली जीत की तलाश आज नाइट राइडर्स देगी चुनौती



**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में एक बार फिर खराब शुरुआत करने के बाद सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत के साथ अंकों का खाता खोलने के इरादे से उतरेगी। मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल सत्र की शुरुआत लगातार हार के साथ करना कोई नई बात नहीं है। टीम को अब तक चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो मैच में हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट में हमेशा धीमी शुरुआत करने वाली यह टीम ट्रॉफी जीतने के लिए एकजुट होकर खेलने के लिए जानी जाती है। नाइट राइडर्स की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सत्र का पहला मैच गंवाने के बाद राजस्थान रॉयल्स पर अपनी बड़ी जीत की लय को जारी रखना चाहेगी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |
| राजस्थान | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
07 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### घरेलू फायदा कौन नहीं लेना चाहता

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस बात का समर्थन किया कि मेजबान टीम को घरेलू पिचों का फायदा मिलना चाहिए और कहा कि उन्हें भी ईडन गार्डंस पर इस तरह के फायदे की अपेक्षा है। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जब से कहा है कि ईडन गार्डंस पर उन्हें अपने स्पिनरों को और मदद मिलने की उम्मीद थी, केकेआर के घरेलू मैदान की पिचों को लेकर चर्चा चल पड़ी है। पंडित ने कहा, 'एक कोच, टीम प्रबंधन के तौर पर हम हमेशा चाहते हैं कि हम हर तरह की पिच पर खेलें। नियंत्रण क्यूरेटर के हाथ में होगा।'



#### टाइटंस के मध्य क्रम में कोई समस्या नहीं

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उनकी टीम के मध्यक्रम में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को यहां हराने के बाद यह बात कही जिसमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टाइटंस के लिए अधिकतर रन बनाए। गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियन्स को 36 रन से हराया। मेजबान टीम ने घरेलू परिस्थितियों और काली मिट्टी की पिच का फायदा उठाते हुए आठ विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाया और फिर हार्दिक पंड्या की टीम को छह विकेट पर 160 रन पर रोक दिया।

#### रोहित को सब कुछ झोंकना होगा: मांजरेकर

**अहमदाबाद।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने रोहित शर्मा के मौजूदा फॉर्म की गंभीर तस्वीर पेश करते हुए कहा कि इस सीनियर बल्लेबाज के हाथ से चीजें फिसलती जा रही हैं जो अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ झोंकना होगा। मुंबई इंडियन्स का यह स्टार बल्लेबाज मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती दो मैच में फ्लॉप रहा और शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम के पिछले मैच में आठ रन ही बना पाया।



### स्टार्क ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए झटके 5 विकेट

# दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी जीत हैदराबाद को सात विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर दो मैच में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सनराइजर्स के 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने फाफ डुप्लेसी और जैक फ्रेजर मैकगर्क के बीच पहले विकेट की 81 रन की साझेदारी से 16 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने चौथे विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

स्टार्क ने इससे पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 35 रन पर पांच जबकि कुलदीप ने 22 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे सनराइजर्स की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। सनराइजर्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और सिर्फ अनिकेत वर्मा और हेनरिक क्लासेन ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी भी की। इन दोनों के अलावा ट्रेविस हेड (22) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।



### स्टार्क और कुलदीप ने गेंद से बरपाया कहर

सनराइजर्स हैदराबाद का बैटिंग ऑर्डर दिल्ली के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव के आगे एक दम खराब रहा। हैदराबाद की टीम के 8 बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाए। दिल्ली के लिए स्टार्क ने 5 विकेट लेकर तहलका मचाया और कुलदीप ने 3 विकेट लेकर उनकी मदद की।

### स्टार्क पांच विकेट लेने वाले दूसरे उम्रदराज गेंदबाज

स्टार्क ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। वह आईपीएल के किसी एक मैच में पांच विकेट लेने वाले दूसरे उम्रदराज गेंदबाज बन गए हैं। आईपीएल में एक मैच में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज का रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम है। कुंबले ने 2009 में 38 साल 183 दिन की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पांच विकेट लिए थे। स्टार्क ने 35 साल 59 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की।

### पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

**अहमदाबाद।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाइटंस के खिलाफ 36 रन से हार का सामना करना पड़ा।



### नारायण से बहुत कुछ सीखा

*नई दिल्ली। भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के दिग्गज सुनील नारायण के आभारी हैं जिन्होंने उन्हें 'लेंथ गेंदबाजी' करने का महत्व सिखाया जिससे उन्हें और अधिक प्रभावी स्पिनर बनने में मदद मिली।*

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| ट्रेविस हेड का राहुल बो स्टार्क | 22 | 12 | 4 | 0 |
| किशन का स्टब्स बो स्टार्क | 02 | 05 | 0 | 0 |
| नितीश का अक्षर बो स्टार्क | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अनिकेत का फ्रेजर बो कुलदीप | 74 | 41 | 5 | 6 |
| क्लासेन का निगम बो मोहित | 32 | 19 | 2 | 2 |
| मनोहर का डुप्लेसी बो कुलदीप | 04 | 06 | 0 | 0 |
| कमिंस का फ्रेजर को कुलदीप | 02 | 07 | 0 | 0 |
| मुल्डर का डुप्लेसी बो स्टार्क | 09 | 11 | 1 | 0 |
| हर्षल का अक्षर बो स्टार्क | 05 | 09 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 18.4 ओवर में 163/10
गेंदबाजी : स्टार्क 3.4-0-35-5, मुकेश 2-0-17-0, अक्षर 4-0-43-0, निगम 2-0-21-0, मोहित 3-0-25-1, कुलदीप 4-0-22-3.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगर्क का एवं बो जीशान | 38 | 32 | 4 | 2 |
| डुप्लेसी का मुल्डर बो जीशान | 50 | 27 | 3 | 3 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 34 | 18 | 2 | 2 |
| लोकेश राहुल बो जीशान | 15 | 05 | 2 | 1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 | 14 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 16 ओवर में 166/3
गेंदबाजी : शमी 3-0-31-0, अभिषेक 3-0-27-0, कमिंस 2-0-27-0, हर्षल 3-0-17-0, जीशान 4-0-42-3, मुल्डर 1-0-16-0.

## नामधारी ने बेंगलुरु 2-1 से को हराया

**लुधियाना।** नामधारी एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में रविवार को एससी बेंगलुरु को 2-1 से हराकर नौवीं जीत दर्ज की। मेजबान नामधारी टीम हाफटाइम तक 1-0 से आगे थी। आकाशदीप सिंह ने 28वें मिनट में नामधारी को बढ़त दिलाई। इसके बाद फ्रांसिस अड्डो ने 85वें मिनट में दूसरा गोल किया। बेंगलुरु के लिए एकमात्र गोल क्लारेंस फर्नांडिस ने 90वें मिनट में किया। नामधारी आई लीग की तालिका में 21 मैचों में 32 अंक लेकर छठे स्थान पर है। वहीं बेंगलुरु 21 मैचों में सिर्फ 20 अंक के साथ रेलिगेशन जोन में है।



## सबालेंका ने जीता 19वां टूर खिताब, जीता मियामी

**मियामी गार्डन्स।** आर्यना सबालेंका ने शनिवार रात को यहां मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जेसिका पेगुला को सीधे सेट में हराकर खिताब जीता। बेलारूस की शीर्ष वरीय सबालेंका ने अमेरिका की चौथी वरीय पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन का खिताब जीता जो उनके करियर का 19वां टूर खिताब है। सबालेंका ने 24 विनर्स लगाए और 11 लाख डॉलर की इनामी राशि अपने नाम की। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2024 के फाइनल में भी पेगुला को सीधे सेट में 7-5, 7-5 से हराया था। मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच की शीर्ष वरीय जोड़ी ने जूलियम कैश और लॉयड ग्लासपूल की छठी वरीय जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराकर पुरुष युगल खिताब जीता।



एशियाई चैंपियनशिप

## पूनिया और उदित स्वर्ण पदक से एक कदम दूर



एजेंसी ▶▶ अम्मान

भारतीय पहलवान दीपक पूनिया और उदित ने रविवार को यहां फाइनल में जगह बनाकर एशियाई चैंपियनशिप में अपने पहले खिताब की उम्मीद बरकरार रखी।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ 92 किग्रा वर्ग के कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। पूनिया को जापान के ताकाशी इशिगुरो से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद थी लेकिन भारतीय पहलवान ने उन्हें आसानी से 8-1 से हरा दिया। वह अब स्वर्ण पदक के मुकाबले में ईरान के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अमीरहुसैन बी फिरोजपोरबांदपेई से भिड़ेंगे। पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह 2021 में अल्माटी और 2022 में उलानबटोर में फाइनल में हार गए थे जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते। उदित ने भी 61 किग्रा के फाइनल में जगह बनाकर देश के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीद बरकरार रखी है। उन्होंने किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झाओ को 2-0 से शिकस्त दी।

दहिया ने भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिंगापुर के वेंग लुएन गैरी चाउ को दहिया ने बिना अंक गंवाए तकनीकी दक्षता के आधार पर हराने के बाद किर्गिस्तान के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मुहम्मद अब्दुल्लाव को 3-1 से शिकस्त दी।

### सेमीफाइनल में हारे दहिया

सेमीफाइनल में दहिया को हालांकि ईरान के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अबुलफजल वाई रहमानी फिरौजाई के खिलाफ तकनीकी दक्षता के आधार पर शिकस्त झेलनी पड़ी। दिनेश भी हेवीवेट 125 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे। भारतीय पहलवान ने क्वार्टर फाइनल में तकनीकी दक्षता के आधार पर चीन के बुहीरदुन हराया लेकिन सेमीफाइनल में मंगोलिया के लखागवागेरेल मुनखतूर के खिलाफ 1-5 से हार गए।

### वैभव को डेब्यू का इंतजार, कोच द्रविड़ ने बताया प्लान

नई दिल्ली। आईपीएल ऑक्शन के समय से ही 14 साल के वैभव सूर्यवंशी चर्चा में हैं। राजस्थान रॉयल्स ने जब उन्हें ऑक्शन में खरीदा तब यह खिलाड़ी महज 13 साल का था। टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने ऑक्शन के समय कहा था कि उन्हें वैभव में काफी प्रतिभा दिखती है। ऑक्शन के समय से ही फैंस इस युवा खिलाड़ी के डेब्यू को देखने को बेताब हैं। हालांकि अब तक ऐसा नहीं हुआ है। राहुल द्रविड़ ने इसका कारण बताया और साथ ही यह भी साफ किया कि यह युवा खिलाड़ी कब डेब्यू करेगा। द्रविड़ ने कहा, 'हमारी जिम्मेदारी का एक हिस्सा उसे अच्छी तरह से तैयार करना है, उसे माहौल में थोड़ा समय देना है, उसे इसकी आदत डालने देना है और खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने देना है, उसे माहौल का अनुभव लेने देना है।

## गुलवीर ने 10 हजार मीटर में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने अमेरिका में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर के टूर्नामेंट द टेन प्रतियोगिता में 10 हजार मीटर दौड़ में 27 मिनट 00.22 सेकंड का समय लेकर अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27 मिनट 14.88 सेकंड का था जिसे उन्होंने पिछले साल नवंबर में जापान के हाचियोजी में बनाया था। बैंकॉक में 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले 26 वर्षीय गुलवीर ने पिछले साल दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने जापान में इसे बेहतर करने से पहले मार्च में कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में 27 मिनट 41.81 सेकंड का समय लिया था।



भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, 'गुलवीर सिंह ने 27 मिनट 00.22 सेकंड का समय लेकर 10 हजार मीटर के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। वह शनिवार को अमेरिका में द टेन प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रहे।' उत्तर प्रदेश के रहने वाले गुलवीर ने पिछले साल 13 मिनट 11.82 सेकंड के साथ 5000 मीटर में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

### सत्र का शानदार कैच नहीं होगा भरोसा

**विशाखापट्टनम।** आईपीएल 2025 के 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ। सनराइजर्स की पारी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने एक कमाल का कैच पकड़ा। उस कैच को लपकने के लिए अक्षर ने बेहतरीन छलांग मारी थी। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने आईपीएल 2025 में एक शानदार कैच लपका। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के हर्षल पटेल को आउट किया। अक्षर ने हवा में उड़ते हुए एक अविश्वसनीय कैच पकड़ा। दरअसल मिचेल स्टार्क 19वां ओवर डाल रहे थे। तभी हर्षल पटेल ने एक बड़ा शॉट मारने की कोशिश की। गेंद ठीक से बल्ले पर नहीं आई और हवा में ऊंची चली गई। गेंद मिड-ऑफ की तरफ जा रही थी। अक्षर पटेल ने गेंद पर अपनी नजरें जमाई रखीं। फिर उन्होंने सुपरहीरो की तरह हवा में छलांग लगाई।

### 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच खेले जाएगे टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी20 खेलेगा भारत

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को कहा कि भारतीय पुरुष टीम इस साल के अंत में तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। मेहमान टीम 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच सफेद गेंद के मैच खेलेगी। 50 ओवर के मैच जहां दिन-रात के होंगे तो वहीं टी20 मुकाबले रात के मैच होंगे।

आगामी 2025-26 सत्र के दौरान पहली बार ऑस्ट्रेलिया के सभी आठ राज्यों और क्षेत्रों में पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन होगा। कैनबरा और होबार्ट दोनों पांच मैच की टी20 श्रृंखला के दौरान भारत की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाली दोनों टीमें ऑस्ट्रेलिया इससे पहले पर्थ, एडीलेड और सिडनी में भी 50 ओवर के मैच खेलेंगी। भारत 2024-25 में पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटेगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया में दर्शकों की संख्या के नए रिकॉर्ड बने थे।





### एकदिवसीय श्रृंखला

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 19 अक्टूबर | पर्थ |
| 23 अक्टूबर | एडीलेड |
| 25 अक्टूबर | सिडनी |

### टी20 श्रृंखला

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 29 अक्टूबर | कैनबरा |
| 31 अक्टूबर | मेलबर्न |
| 2 नवंबर | होबार्ट |
| 6 नवंबर | गोल्ड कोस्ट |
| 8 नवंबर | ब्रिस्बेन |



### महिला टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा

टी20 अंतरराष्ट्रीय

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 15 फरवरी | सिडनी |
| 19 फरवरी | कैनबरा |
| 21 फरवरी | एडीलेड |

### एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 24 फरवरी | ब्रिस्बेन |
| 27 फरवरी | होबार्ट |
| 1 मार्च | मेलबर्न |

एकमात्र टेस्ट

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 6-9 मार्च | पर्थ (दिन-रात्रि) |

## अपराध समीक्षा बैठक में आईजी के निर्देश

# त्यौहारों में सोशल मीडिया पर रखी जाये पैनी नजर

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाह ने कहा है कि आगामी त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी निगाह रखी जाये। सांप्रदायिक सदभाव बिगाडऩे वाले अथवा धार्मिक भावनायें भडक़ाने वाले लोगों पर कठोर कार्यवाई की जाये। पुलिस महानिदेशक श्री कुशवाह जोन के डीआईजी व एसपी की बैठक ले रहे थे। बैठक में आईजी जबलपुर जोन अनिल सिंह कुशवाह ने आगामी त्यौहारा के मद्देनजर जोन के जिलों की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी त्यौहारों गुड़ी पड़वा, ईद, नवरात्रि, रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे पर सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूस में पर्याप्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिए।



### नये सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाये

बैठक में आई जी जोन अनिल सिंह कुशवाह ने वर्ष 2025 में अभी तक जिलों के थानों में सक्रिय अपराधियों की नई खोली गई हिस्ट्रीशीट की समीक्षा कर नए सक्रिय अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक छिंदवाड़ा रेंज सचिन अतुलकर, उपमहानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह, जबलपुर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन, पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता मौजूद रहे।

### अनसुलझे अपराधों की समीक्षा पर जोर

पुलिस महानिरीक्षक श्री कुशवाह ने लंबित अनसुलझे अपराधों की समीक्षा कर हत्या, हत्या का प्रयास के ऐसे प्रकरण जिनमें अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उनमें अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करने ईनाम घोषित कर शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए।

## प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों की बैठक में डीईओ के निर्देश

# एक अप्रैल को शाला में प्रवेशोत्सव मनाया जाये

**जबलपुर।** नवीन शैक्षिक सत्र तैयारी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की बैठक पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक मॉडल स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से संयुक्त संचालक लोक शिक्षण प्राचीश जैन, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षक व शिक्षकउपस्थित रहे। बैठक में शिक्षकों को निर्देश दिए गए कि 1 अप्रैल को शालाओं में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया जाए। इस इसके लिये शिक्षक छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थितिसुनिश्चित करें। कक्षा में नामांकन बढ़ाने, शाला त्यागी अप्रवेशी बच्चों शाला में प्रवेश दिलाने को के लिये छात्रों- अभिभावकों से संपर्क करें। अच्छी उपस्थिति वाले छात्रों-पालकों को सम्मानित करें। सभी शिक्षक प्रयास करें कि विद्यालय में पिछले वर्ष से नामांकन बढ़े। डीईओ ने कहा कि प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सम्मान पूर्वक स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। डीईओ ने कहा किसभी शिक्षक पाठ्यक्रम अनुसार योजनाबद्ध डेली डायरी अनिवार्य रूप से बनावे, अध्यापन के दौरान डेली डायरी शिक्षक के पास हो। साथ ही कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी का पोर्टफोलियो रिकार्ड सभी शिक्षकों के पास हो, इसमें बच्चेवार अकादमिक जानकारी,स्तर, ग्रेड, पिछली कक्षा का अध्यापन स्तर के साथ छात्रों की समग्र आईडी, आधार कार्ड, अपारआईडी, छात्रवृत्ति, मैपिंग, अभिभावकों से संपर्क संबंधित अन्य जानकारियां भी हो। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय में समय सारणी अनिवार्य रूप से बनी हो, निरीक्षण के दौरान समय सारणी अनुसार शिक्षक पढ़ाते हुए मिलें। आगामी दिवसों में निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालयों में विशेष फोकस किया जाएगा। अप्रैल माह के निर्धारित पाठ्यक्रम गतिविधि अनुसार अध्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने शैक्षणिक केलैंडर के बारे में बताया कि 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव पूरे उत्साह से मनाया जाए, 2 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाए व उनके जीवन के प्रेरक स्मरण छात्रों को सुनाया जाए, उनके द्वारा छात्रों को उपहार भी दिया जा सकता हैं,3 अप्रैल को सांस्कृतिक, खेलकूद गतिविधियां आयोजित की जाए, 4 अप्रैल को हार के आगे जीत प्रेरक प्रसंग के साथ शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर पढाई में कमजोर जिन छात्रों की कक्षा उन्नति नहीं हो पाई है उन्हें आगे बढने पढ़ाई हेतु प्रेरित किया जाए।बैठक में एपीसी मोनिका लकड़ा, राजेश तिवारी, प्रोग्रामर पारुल राय,बीआरसी डीसी अहिरवार बीएसी अजय रजक उपस्थित थे।






# दुष्कर्म के दो आरोपियों को उम्रकैद

**जबलपुर।** गोरखपुर थानांतर्गत एक किशोरी से दुष्कर्म के दो आरोपियों को जिला अदालत ने उम्रकैद का आदेश सुनाया। आरोपियों चौधरी मौहल्ला, भानतलैया, बेलबाग निवासी 30 वर्षीय गोलू उर्फ विनोद चौधरी एवं कृपाल चौक निवासी 24 वर्षीय गगन पासी को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदण्ड का आदेश 12 वें अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पॉक्सो) श्रीमती अभिलाषा एन. मवार द्वारा दिया गया।

अभियोजन के अनुसार 13 मार्च 2021 को आरोपियों के खिलाफ गोरखपुर थानांतर्गत क्षेत्र में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपियों के खिलाफ धारा-376, 376एबी, 506 ताहि, 3,4, 5 एम, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया। एसपी द्वारा प्रकरण को चिन्हित श्रेणी में रखा गया। एसपी के मार्गदर्शन में टीआई गोरखपुर के द्वारा विवेचना कर चालान पेश करने के बाद न्यायालय में विचारण के दौरान एसपी के निर्देशन में प्रकरण की सतत मानीटरिंग नोडल अधिकारी एएसपी श्रीमती सोनाली दुबे द्वारा कराते हुए न्यायालय द्वारा जारी समंस वारंट की तामीली समय पर कराई गई एवं समय पर साक्षियों को न्यायालय में उपस्थित कराया गया। प्रकरण की पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय जैन के मार्गदर्शन मे विशेष लोक अभियोजक श्रीमती मनीषा दुबे के द्वारा की गई।



## बेडरूम में बिस्तर पर मिली लाश, पुलिस कर रही जांच

# व्यापारी ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत भारत कालोनी में कल देर रात एक व्यापारी ने अपनी लायसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली. उसने यह आत्मघाती कदम क्यों और किन परिस्थितियों में उठाया यह फिलहाल अज्ञात है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिस्तर में उनकी लाश मिली और हाथ में रिवाल्वर थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक प्रतिष्ठित व्यवसायी भारत कालोनी निवासी 62 वर्षीय राकेश कथूरिया के निवास पर कल देर रात गोली चलने की घटना सामने आई. गोली की आवाज सुनकर परिजनों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने राकेश कथूरिया को खून से लथपथ पाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही गढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।



### आत्महत्या के कारण अब तक अज्ञात

सब इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह ने कहा कि राकेश कथूरिया ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर ही अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिस ने उनके हथियार को जब्त कर लिया है और आत्महत्या की वजह तलाशने के लिए परिजनों और उनके करीबी लोगों से पूछताछ कर रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240